जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**An Amazing Photo Finish**

Lyles' time was 9.784 seconds, Thompson's 9.789, though both will be recorded as 9.79 seconds, the narrowest margin of victory since electronic timing began.

**REIMAGINING GHEWAR**

**Sugar-free Treats Can Give You Gas**

# राहुल गांधी ने विदेश मंत्री जयशंकर से बांग्लादेश के संकट में पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल पूछा

## राहुल ने विदेश मंत्री से भारत की तत्कालिक और दीर्घकालीन रणनीति के बारे में सवाल-जवाब किये

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अगस्त। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस.जयशंकर के समय तीन महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए जिनमें से एक बांग्लादेश में हुए तख्ता पलट में पाकिस्तान की संभावित भूमिका के बारे में है, जिसकी वजह से भारी हिंसा के बीच शेख हसीना को ढाका छोड़कर भारत आना पड़ा था।

सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी ने गत दिनों ढाका में हुए सत्ता परिवर्तन के कूटनीतिक प्रभाव से निपटने की सरकार की शॉर्ट टर्म व लॉन्ग टर्म नीति के बारे में पूछा। मंत्री महोदय ने बताया कि स्थिति तेजी से बदल रही है और सरकार बहुत बारीकी से हालात पर नज़र रखे हुए हैं, ताकि अगला कदम उठा सके।

कांग्रेस ने तो यह भी पूछा कि ढाका में कुछ सप्ताह से जो चल रहा है क्या उसमें विदेशी ताकतों खासकर पाकिस्तान का हाथ हो सकता है जिसकी वजह से हसीना को सत्ता से बेदखल होना पड़ा।

"साजिश" का संकेत दिए जाने पर जयशंकर ने कहा कि इस एंगल की जांच की जा रही है। एक सूत्र ने यह भी बताया कि एक पाकिस्तानी राजनयिक बांग्लादेश में बदलते हालात व हिंसा को दर्शाने के लिए सोशल मीडिया पर अपनी डी.पी. लगातार बदल रहा था। केन्द्र सरकार ने कहा कि इस बिन्दू की भी जांच की जा रही है।

गांधी ने यह भी पूछा कि क्या नई दिल्ली को बांग्लादेश में घटनाओं के नाटकीय मोड़ लेने का अंदेशा था। इस पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत घटना पर नज़र रखे हुए है।

कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने घाटी में पड़ोसी देश में चल रहे संकट से निपटने में मोदी सरकार को पूर्ण समर्थन दिया। मीटिंग के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट लिखी और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **राहुल गांधी ने यह सवाल भी पूछा विदेश मंत्री से, कि क्या भारत को कुछ पूर्वाभास था, बांग्लादेश के घटनाक्रम के बारे में।**
- **इन सवालों का विदेश मंत्री के पास एक ही जवाब था कि बांग्लादेश की आंतरिक स्थिति में हर दिन नये-नये परिवर्तन लगातार हो रहे हैं तथा भारत सरकार इन परिवर्तनों को गंभीरता से लगातार देख रही है, विश्लेषण कर रही है, जिससे इस घटनाक्रम के बारे में सही समय पर सही निर्णय ले सके।**
- **इन ऑल पार्टी मीटिंग में सरकार ने सांसदों को यह जानकारी भी दी कि बांग्लादेश में इस समय बीस हजार भारतीय नागरिक हैं तथा लगभग 8,000 नागरिकों को बांग्लादेश से बाहर निकाला जा चुका है।**
- **भारत सरकार की ओर से, सांसदों की सर्वदलीय बैठक में यह भी बताया गया है कि शेख हसीना भारत की पुरानी मित्र हैं, अतः भारत सरकार उन्हें तसल्ली से समय दे रही है, ठंडे दिमाग से अपने भविष्य के बारे में निर्णय लेने के लिये।**
- **जैसा कि विदित ही है, शेख हसीना हिण्डौन एयरबेस पर एक सेफ हाउस में भारत सरकार के मेहमान के बतौर रूकी हुई हैं और उनकी सुरक्षा भारतीय वायु सेना की जिम्मेवारी है।**

## कानून मंत्री ने बेटे की नियुक्ति पर स्पष्टीकरण दिया

जयपुर 6 अगस्त (वि.सं.)। विधानसभा में सोमवार को सरकारी वकीलों की नियुक्ति भारतीय न्याय संहिता की जगह सीआरपीसी से करने और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल के बेटे को ए.ए.जी. बनाने को लेकर भारी हंगामा हुआ। जोगाराम ने सदन स्थगित होने के बाद मीडिया के सामने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सरकारी वकीलों की नियुक्ति की प्रक्रिया भारतीय न्याय संहिता के क्रियान्वयन से पहले ही शुरू हो चुकी थी। जिला मजिस्ट्रेट के स्तर पर पैनल सी.आर.पी.सी. के तहत मंगवाए गए थे। हाईकोर्ट और केन्द्र सरकार के फैसले के अनुसार, प्रक्रिया जिन नियमों में शुरू हुई, उन्हीं नियमों में पूरी की जाती है, भले ही नई संहिता आ गई हो, इसलिए सीआरपीसी के तहत नियुक्तियां हुई। पिछली बार, जब मैं मंत्री नहीं था, तब भी मेरा बेटा ए.ए.जी. अपनी योग्यता से बना था। उसे अच्छे काम के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मेरा बेटा अपनी योग्यता के आधार पर ए. ए. जी. बना है। पिछली बार भी वह अपनी योग्यता से ए. ए. जी. था और उसे सर्वश्रेष्ठ काम के लिए पुरुस्कार भी मिला है।**

# बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने सेना के नेतृत्व में गठित सरकार को अस्वीकार किया

## आम जनता की मांग है कि मोहम्मद यूनुस नई सरकार का नेतृत्व करें

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अगस्त। बाँग्लादेश का उपद्रव नरेन्द्र मोदी सरकार के लिये बहुत बड़ा सिरदर्द बन गया है। राजनैतिक विश्लेषक इस बात को लेकर आशंकित हैं कि इसका भारत पर क्या असर होगा। सूत्रों का कहना है कि बाँग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सैन्य-सुरक्षा युक्त एक भवन में हैं। ऐसा लग रहा है कि इंग्लैंड की उन्हें शरण देने में कोई रूचि नहीं है तथा अमेरिका ने तो उनका वीज़ा ही निरस्त कर दिया है।

विदेश मन्त्री एस.जयशंकर ने दिल्ली में एक सर्वदलीय मीटिंग बुलाई ताकि बाँग्लादेश के घटनाक्रम की जानकारी सबको दी जा सके। मीटिंग के बाद उन्होंने संसद में एक बयान दिया, जिसमें उन्होंने पूरे घटनाक्रम को विस्तार सहित बताने के साथ ही इस पूरे घटनाक्रम में भारत की भूमिका का उल्लेख किया।

विशेष बात यह रही कि प्रधानमंत्री मोदी न तो सर्वदलीय मीटिंग में उपस्थित थे और न वे संसद के किसी सदन में ही दिखाई दिए।

जहाँ तक बाँग्लादेश की हिंसा को लेकर चिन्ताओं का प्रश्न है, सीमा सुरक्षा सम्बन्धी मुद्दे तथा गैरकानूनी रूप से सीमा पर करने का मुद्दा भारतीय सरकार के लिये बहुत बड़ा तथा महत्वपूर्ण बिन्दु बन गये हैं। गृहमन्त्री अमित शाह ने एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एन.एस.ए.) डोभाल के साथ मीटिंग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **मोहम्मद यूनुस एक इकॉनमिस्ट हैं तथा नोबेल पुरुस्कार भी पा चुके हैं तथा बांग्लादेश में बड़े सम्मानित व्यक्ति हैं।**
- **पर, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वे सरकार का नेतृत्व करने के लिये तैयार होंगे या नहीं।**
- **बांग्लादेश में बिगड़ते हालात व दंगे जैसी स्थिति के कारण भारी संख्या में शरणार्थियों के भारत आने की संभावना है।**
- **इस संबंध में गृह मंत्री अमित शाह ने विदेश मंत्री जयशंकर व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात करके मंथन किया।**
- **पाकिस्तान, चीन व अमेरिका, बांग्लादेश की स्थिति को ध्यान से देख रहे हैं तथा भूमिका निभाने के लिए लालायित हैं।**
- **बांग्लादेश में दंगे भड़कने से कुछ दिन पहले ही अमेरिका के 22 सिनेटरों ने चिट्ठी लिखी थी कि क्यों और कैसे, बांग्लादेश की प्र.मंत्री को हटाने की जरूरत है।**



## विचार बिन्दु

हम सभी ईश्वर से दया की प्रार्थना करते हैं और वही प्रार्थना हमे दूसरों पर दया करना सिखाती है। –शेक्सपियर

# युवा बने व दिखने की लालसा को भी बाजार ने भुनाया

पिछले हफ्ते यह खबर आई कि भारत में बुढ़ापे की निशानी मानी जाने वाली चेहरे पर झुर्रियों को हटाने का दावा करने वाली क्रीम की बिक्री बढ़ गई है। खबर में कहा गया है कि एंटी एजिंग क्रीम की बिक्री पिछले दो वर्षों में 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 35 प्रतिशत पहुंच गई है। ऐसा लगता है कि लोगों में युवा बने रहने की कोशिश करने का क्रेज़ बढ़ रहा है। वैसे तो चिर युवा बने रहने की लालसा भारत के लोगों में अनंत काल से रही है। सभी सभ्यताओं में युवा को उमंग का प्रतीक माना गया है और बुढ़ापे को तकलीफों की खान। कवियों और शायरों ने भी जवानी का गुणगान और उसके जल्दी बीत जाने पर टेसुए बहाये हैं। फ़िराक़ गोरखपुरी ने कहा 'रात भी नींद भी कहानी भी/ हाए क्या चीज़ है जवानी भी'। ऐसे ही ज़फ़र इक़बाल कहते हैं 'सफ़र पीछे की जानिब है क़दम आगे है मेरा/ मैं बूढ़ा होता जाता हूं जवां होने की ख़ातिर'। जवान बने रहने के लिए बहुत से लोग एंटी एजिंग क्रीम के साथ हैल्थ टिप्स भी लेते है। ऐसी टिप्स देने वालों का बाजार भी इन दिनों खूब गुलज़ार है। देखा जाए तो बुढ़ापा दुनिया भर के लिए चिंता का विषय है। सभी जगह बड़े-बड़े वैज्ञानिक और अनुसंधानकर्ता इस अवस्था से बचने के उपाय खोज रहे हैं। ऐसे रसायन तैयार करने के लिए अनुसंधान चल रहे हैं जिनकी मदद से शरीर में बूढ़ी हो रही कोशिकाओं को फिर से जवान किया जा सके और मौजूदा कोशिकाओं को बूढ़ा होने से रोका जा सके। अपने अनुसंधानों से वैज्ञानिक ना सिर्फ़ इन्सान की उम्र में इज़ाफ़ा होने की उम्मीद कर रहे है, बल्कि वे बहुत सी बीमारियों से लड़ने में भी मदद मिल पाने की आस कर रहे हैं। लेकिन साथ ही यह सवाल भी बना हुआ है कि इन तजुर्बों के बाद अगर कामयाबी मिल भी जाती है तो कितने और साल मनुष्य अपनी उम्र में जोड़ सकेगा? अनुसंधानकर्ताओं की मानें तो 135 साल की उम्र तो कम से कम हर इंसान को मिल जाने की आशा की ही जा सकती है। मगर, ज़िंदगी का अंत तो फिर भी मृत्यु ही है। कोई भी अनुसंधान किसी भी जीव को मृत्यु से नहीं बचा सकता। वर्ष 1971 में आई फिल्म 'आनंद' में मृत्यु के कगार पर खड़ा कैंसर पीड़ित नायक कहता है– **बाबू मोशाय, ज़िंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं**। यह तो अब सभी मानते हैं कि ज़िंदगी छोटी हो या बड़ी वो सेहतमंद, खुशहाल और कामयाब होनी चाहिए। ऐसा होने के लिए बहुत से कारकों में एक है परिवार। भारतीय सभ्यता में परिवारों में बुजुर्गों को बोझ या बाधा के रूप में नहीं देखा गया है। यहां उनका सम्मान होता रहा है। ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए उनकी ओर देखा जाता रहा है। जहां युवावस्था और शारीरिक सुंदरता को उम्र के साथ आने वाली बुद्धिमत्ता से ज़्यादा महत्व दिया जाता है उनका नज़रिया अलग है। इसीलिए ऐसे लोग अक्सर बुढ़ापे से लड़ने का विकल्प चुनते हैं और कैसे युवा बने रहें उसके जतन करते हैं।

उम्र बढ़ना अपरिहार्य है। सभी इस सच को भली भांति जानते हैं, फिर भी वृद्धावस्था को स्वीकार करना आसान नहीं होता। इसीलिए अब उम्र के सकारात्मक बढ़ने की बात की जाने लगी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तो बढ़ती उम्र की अपनी परिभाषा में ही सकारात्मकता को जोड़ा है। उम्र बढ़ने का मतलब है वृद्धावस्था और जीवन के इस कालखंड में स्वस्थ रहना सबसे पहली अपेक्षा होती है, जिसके लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन व्यक्ति में सक्षम कार्यात्मक क्षमता को विकसित करने और उसे बनाए रखने की सलाह देता है। महापुरुषों ने जीवन को अपनी-अपनी दृष्टि से देखा है। महावीर की वाणी में बेहतर जीवन के लिए कर्म का सिद्धांत है जबकि बुद्ध का जीवन सिद्धांत करुणा का है। महात्मा गांधी ने सबको सम्मिलित करते हुए सत्य और अहिंसा का विचार दिया। इन सब को एक बेहतर मानवीय समाज बनाने के लिये ऐसा करना पड़ा। अनंत काल से यह सवाल उठता रहा है कि जीवन क्या है, उसका उद्देश्य क्या है? हालांकि बीसवीं सदी के प्रख्यात विचारक अल्बर्ट कामू ने जीवन को निरर्थक (एब्ज़र्ड) बताया। फिर भी आस्थावान लोगों ने यह माना कि छोटे-मोटे दुखों को छोड़ दें, तो जीवन कृतज्ञता है। फिर हम कृतज्ञता को आनंद क्यों नहीं बना लेते? वास्तव में कृतज्ञता के आनंद का भाव जीवन के संध्याकाल की उम्र, जिसे बुढ़ापा कहा जाता है, में ही समझ में आता है। उम्र के साथ बहुत सी चीजें आती हैं। किसी वृद्ध व्यक्ति के लिए उसका अचानक जोर का अट्टहास लगाना भी उसे एक झटका दे सकने वाला हो सकता है। वृद्धावस्था में सलाह दी जाती है कि युवा लोगों वाली तेजी और हड़बड़ी को उन्हें हर कीमत पर टालना चाहिए। बुढ़ापे की उम्र में संज्ञानात्मक गिरावट बहुत डरावनी हो सकती है। खास कर याददास्त कमजोर हो जाने की। किसी को यह पसंद नहीं होगा कि बुढ़ापे में वह ऐसी व्याधियों से घिर जाए कि वह अपने ही परिवार में छिटका हुआ और बोझ बन कर रह जाए। लेकिन जो लोग अपने बुढ़ापे को नकारात्मकता से नहीं लेते वे खुद अपनी हालत पर हंस सकते हैं। वे यह स्वीकार कर लेते हैं कि '**जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहियो**'। सोचने की बात है कि बुढ़ापे में मनुष्य की महत्वाकांक्षाएं बहुत हद तक खत्म हो जाती हैं। इस उम्र में लोग दुनिया को, वह जैसी है वैसी ही, आसानी से स्वीकार करने लगते हैं, भले ही वे उसे रसातल में जाने से बचाने की कोशिश भी करते रहते हैं। इस उम्र में लोग मानवीय कमजोरियोंको स्वीकार ही नहीं करने लगते हैं अपितु अपनी ही ऐसी कमजोरियों पर मुस्करा भी सकते हैं। इस उम्र में जीवन को सहज ही धीमी गति से लिया जाने लगता है।

**वर्ष 1971 में आई फिल्म 'आनंद' में मृत्यु के कगार पर खड़ा कैंसर पीड़ित नायक कहता है– बाबू मोशाय, ज़िंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं। यह तो अब सभी मानते हैं कि ज़िंदगी छोटी हो या बड़ी वो सेहतमंद, खुशहाल और कामयाब होनी चाहिए। ऐसा होने के लिए बहुत से कारकों में एक है परिवार। भारतीय सभ्यता में परिवारों में बुजुर्गों को बोझ या बाधा के रूप में नहीं देखा गया है। यहां उनका सम्मान होता रहा है। ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए उनकी ओर देखा जाता रहा है।**

इस कथन में दम है कि जीवन में धीमे होने का भी आनंद लिया जा सकता है। चीज़ों के पाने के लिए उनके पीछे दौड़ने की अपेक्षा उन्हें निहारने का आनंद क्यों न लिया जाय! वृद्धावस्था में खुशी बहुत झंझोड़ने वाली नहीं होती है। वह पहले जितनी उत्तेजना भी नहीं देती। युवा की खुशी तेज फ़व्वारे की मानिंद फूटती है। छोटी उम्र में खुशी का मतलब एंडोर्फिन होता है जो दर्द की धारणा को अवरुद्ध करने और भलाई की भावनाओं को बढ़ाने वाला रसायन होता हैं जो मानव मस्तिष्क में बनता है। वे दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन को रोकते हैं और तनाव से राहत देते हैं। मगर वास्तव में वृद्धावस्था में संतुष्टि ही सबसे बड़ी खुशी होती है। यह समझने की बात होती है कि शांति आराम में है, आराम में खुशी है, और खुशी ही शांति है। वृद्धावस्था में संतुलन बनाना पड़ता है –शरीर का भी और मन का भी। कितना करना है, कितना छोड़ना है। यह भी कि अगर चीज़ें अनुकूल काम नहीं कर रही हैं, तो उस स्थिति को विनम्रता से कैसे स्वीकार करना। इस अवस्था में शरीर और दिमाग़ जितना भी काम करता है उसी में खुश रहना सीखना होता है। दूसरों के प्यार और वफ़ादारी को जानना असल में महान चमत्कार होता है। इस उम्र तक पहुंचने तक लोग न जाने कितने हादसों से गुज़र चुके होते हैं। ऐसा कहा जाता है कि भले ही गड़बड़ हों, जीवन के आखिरी हफ़्ते अक्सर बहुत मीठे और अनुग्रह से भरे होते हैं। एक समय आता है जब अंततः यह एहसास होता है कि कोई किसी को ठीक नहीं कर सकता, बचा भी नहीं सकता, उन्हें भी जिन्हें हम सबसे ज़्यादा प्यार करते हैं। आम तौर पर मौतें सौम्य होती हैं। किसी आस्थावान का कहना है कि मृत्यु कमरे के फ़र्श पर सो जाने और अपने बिस्तर पर जागने जैसा है। बुढ़ापे में यह सीखना होता है कि अब जीवन को नया रूप नहीं दिया जा सकता। सकारात्मकता की यह अवस्था व्यक्ति को महसूस करा सकती है कि वह पहले से ज़्यादा हल्का हो गया है। अब इस बारे में क्या सोचना कि दूसरे लोग हमारे बारे में क्या सोचते हैं। ज़रूर, हर बुढ़ापे में भी अच्छा दिखना चाहता है और आकर्षक होना चाहता है। लेकिन बड़ी योजना में इसका उतना मतलब नहीं। कौन परवाह करता है कि अमुक वृद्ध पड़ा रहता है, आलसी है। वह अब गहरे आत्मिक प्रेम में है, जहां संभवतः वह अपने व्यक्तित्व में होता है और वह अपने आलोक में रहता है। युवावस्था में लोग हमेशा उन पौधों को देख-देख कर उत्साहित होते हैं जिन्हें उन्होंने बरसाती मौसम में पथरीली मिट्टी में लगाये थे, जिन पर अब बेहद चमकीले और ताज़े फूल खिलने लगे हैं। लेकिन अब उन्हें पुराने पेड़ों से बहुत कुछ सीखना होता है। जैसे कि पास के कुछ पुराने जामुन के पेड़ से। वे हर साल रसीले फल देने के लिए फूलों से लड़ जाते हैं। यह काम वे साल-दर-साल करते बूढ़े भी हो जाते हैं। पेड़ जब बूढ़े हो जाते हैं तब उन्हें अपनी झुर्रीदार छाल पर मेकअप लगाने की ज़रूरत नहीं होती है। उनके फूल और फल ज़मीन पर गिर जाते हैं। किसी वृक्ष के नीचे बिखरे पड़े मुरझा रहे फूलों की सुंदरता से भी सीखा जा सकता है। वे कह रहे होते हैं जीवन की इस चरम अवस्था में सभी भाव यदि रस के रूप में परिवर्तित हो कर आनंदमय हो जायें तो बुढ़ापा कृतज्ञतापूर्वक आनंदमय हो जाता है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# जैसलमेर में भारी बरसात से विश्व विख्यात लिविंग फ़ोर्ट के बुर्ज की दीवार गिरी

- दीवार के बड़े-बड़े पत्थर परकोटे के ऊपर गिर गए, इस दौरान सड़क पर कोई ट्रॉफिक नहीं था
- जैसलमेर दुर्ग दुनिया का एक मात्र रहवासी किला है, पुराने शहर की लगभग एक चौथाई आबादी अभी भी किले के भीतर रहती है



विश्व विख्यात लिविंग फोर्ट के बुर्ज की दीवार बरसात का पानी जाने से गिर गई।

**जैसलमेर**, (निसं)। जैसलमेर में पिछले तीन दिन से हो रही भारी बारिश से 99 बुर्जों वाले विश्व विख्यात सोनार किले के एक बुर्ज की दीवार ढह गई। मंगलवार को दिन में शिव रोड की तरफ की सोनार दुर्ग के बुर्ज की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार के बड़े-बड़े पत्थर परकोटे के ऊपर गिर गए। बारिश के दौरान बुर्ज के पत्थर गिरने के दौरान सड़क पर कोई ट्रॉफिक नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था। सोनार दुर्ग के बुर्ज की दीवार गिरने की जानकारी मिलने पर नगर परिषद आयुक्त लजपालसिंह और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सड़क के दोनों तरफ बैरिकेड लगाकर उसको बंद कर दिया। आगे कोई हादसा ना हो इसका ध्यान रखते हुए नगर परिषद ने अपनी टीम को अलर्ट कर दिया।

शहर के वरिष्ठ नागरीक परमानंद ने बताया कि 23 वर्ष पूर्व भी सोनार दुर्ग की दीवार गिरी थी, जिसमें एक इंसान की पत्थरों के नीचे दबकर मौत हो गई थी। इस दौरान पुरातत्व विभाग द्वारा कई बार परकोटे की दीवार की रिपेयरिंग भी करवाई है। परन्तु रहवासी दुर्ग के स्वरूप को बदल दिए जाने नये निर्माण पहुंच वालों द्वारा बनवा लिए जाने से खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। न्यायालय की रोक के बाद भी कलेक्टर की सख़्ती नहीं होने से सब चल रहा है। पूर्व में 2011 में तात्कालीन जिला कलेक्टर गिरिराजसिंह कुशवाहा द्वारा किले के कोटड़ी पाड़ा के पांच घरों से दीवार में पानी जाने की जानकारी मिलने पर पांचों परिवारों को सांवल कॉलोनी में निशुल्क भूखंड दिलवाकर पांचों घर खाली करवा दिए गए थे। कुशवाहा का तबादला होने के बाद वो पांचों परिवार वापस आकर कोटड़ी पाड़ा में रहने लगे हैं तथा निशुल्क भूखंडों पर भी कब्ज़ा कर लिया है। प्रशासन पर इतना ज्यादा दबाव है कि वे कोई कार्यवाही करने की हिम्मत ही नही जुटा पा रहे हैं। जानकारी के अनुसार जैसलमेर दुर्ग दुनिया का एक मात्र रहवासी किला है। पुराने शहर की लगभग एक चौथाई आबादी अभी भी किले के भीतर रहती है। किले में नगरपरिषद के दो वार्ड हैं, जहां से पार्षद चुने जाते हैं। जैसलमेर किला राजस्थान का दूसरा सबसे पुराना किला है, जिसे 1156 ई. में रावल (शासक) जैसल ने बनवाया था, जिनके नाम पर इसका नाम पड़ा। किले की विशाल पीले बलुआ पत्थर की दीवारें दिन के समय गहरे भूरे शेर के रंग की होती हैं, जो सूरज ढलने के साथ शहद-सुनहरे रंग में बदल जाती हैं, जिससे किला पीले रेगिस्तान में छिप जाता है। इस कारण इसे स्वर्ण दुर्ग, सोनार किला या गोल्डन फोर्ट के नाम से भी जाना जाता है। जैसलमेर किले को राजस्थान के पांच अन्य किलों के साथ, राजस्थान के पहाड़ी किलों के समूह के तहत यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

# केदारनाथ में लैंडस्लाइड में फंसे अजमेर के 13 युवक सकुशल पहुंचे

## एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के जवानों की मदद से युवकों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला था





केदारनाथ से अजमेर लौटने वाली टीम के सदस्य।

**अजमेर**, (कासं)। केदारनाथ में भारी बारिश, लैंडस्लाइड और बादल फटने के बाद अजमेर के 13 युवक फंस गए थे। चार दिन तक फंसे रहने के बाद स्थानीय प्रशासन ने एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के जवानों की मदद से युवकों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। अजमेर के सुखाड़िया नगर निवासी सभी 13 दोस्त मंगलवार को केदारनाथ यात्रा से सकुशल अजमेर लौट आए। युवकों के घर आने पर परिजन, रिश्तेदारों व दोस्तें ने राहत की सांस ली। सभी युवकों ने परिजन के साथ मंदिर में पूजा- अर्चना कर ईश्वर का आभार जताया।

युवकों ने बयां किए चार दिन के खौफनाक मंजर:-मंगलवार को सभी 13 दोस्त भरत, उदानिया, राहुल, शेखर, सौरभ, दीपक, विक्की, धीरज, जतिन, अनुराग, प्रकाश व ऋतिक प्राइवेट बस के जरिए अजमेर पहुंचे। अजमेर पहुंचने के बाद परिवार वालों ने राहत की सांस ली। इसके साथ ही परिजन, समाज के लोगों, स्थानीय नागरिकों, दोस्तों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। सुखाड़िया नगर निवासी भरत उदानिया ने बताया कि वह और उसके 12 दोस्त अजमेर के सुखाड़िया नगर गली नंबर 2 के निवासी हैं। 29 जुलाई को सभी दोस्त केदारनाथ यात्रा के लिए अजमेर से निकले थे, 31 जुलाई को वहां पर पहुंचे, दोपहर में सभी ने पैदल यात्रा केदारनाथ के लिए शुरू कर दी थी। शाम सात बजे के करीब तेज बरसात और पानी का बहाव शुरू हो चुका था। जिसके कारण उन्होंने कुछ किलोमिटर चलने के बाद एक दुकान पर रुके थे। भरत ने बताया दुकान के पीछे की तरफ अचानक तेज धमाके के साथ बादल फटा, जिससे सभी डर गए। अनुराग ने बताया कि बादल फटने के बाद चट्टानें गिरने लगी थी।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बादल फटने की वह आवाज थी। पानी के तेज बचाव के चलते लैंडस्लाइड होना शुरू हो गई थी। सभी अपने आपको बचाने के लिए भागना शुरू हो गए, अपने आप को बचाते हुए आगे बढ़ कुछ किलोमीटर चलने के बाद एक दुकान पर जाकर राहत की सांस ली। भरत ने बताया कि करीब सात-आठ किलोमीटर ऊपर आ चुके थे, मंदिर के बीचों-बीच में फंस चुके थे। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्होंने रहने की व्यवस्था की थी। अनुराग ने बताया कि चार दिनों तक वह पहाड़ियों में फंसे रहे। पहले दिन उन्होंने अपने खर्चे पर ही रहने खाने पीने की व्यवस्था की थी। उसके बाद उनके पास पैसे और खाने-पीने का सामान खत्म होने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा मदद की गई। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीमों ने हेलीकॉप्टर की मदद से रेस्क्यू किया और सिरसा हेलीपैड पर लैंड करवाया। 5 अगस्त को वह नीचे उतर चुके थे। काफी मुश्किलों से हमने हमारी जान बचाई है। अगर हमारा जल्द रेस्क्यू नहीं हुआ होता तो हम मुश्किलों में पड़ जाते। नेटवर्क नहीं होने के कारण परिवार से भी संपर्क नहीं हो पा रहा था।

# सीतामाता वन्य जीव अभ्यारण्य प्रतापगढ़ में दूध छाता मशरुम की नई प्रजाति मिली

- उदयपुर के वैज्ञानिकों वन्य जीव अभ्यारणों एवं जंगलों में दो माह तक सघन निरीक्षण किया
- सीतामाता वन्य जीव अभ्यारण्य, प्रतापगढ़ में दूध छाता मशरुम की एक नई जंगली खाद्य प्रजाति मिली



खाद्य दूध छाता मशरुम ( केलोसाइबे इंडिका ) की नई जंगली प्रजाति की खोज करने वाली टीम।

**उदयपुर**, (कासं)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के मशरुम अनुसंधान निदेशालय चम्बाघाट के वडा सोलन (हिमाचल प्रदेश) के द्वारा संचालित अखिल भारतीय समन्वित मशरुम अनुसंधान परियोजना, उदयपुर के वैज्ञानिकों ने राजस्थान के विभिन्न वन्य जीव अभ्यारण्यों एवं जंगलों में खाद्य एवं औषधीय मशरुम की विविधता का अध्ययन करने के लिए माह जुलाई-अगस्त में सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभी तक कुल 64 मशरुम प्रजातियों का संग्रहण किया है। निरीक्षण प्रमुख रूप से फुलवारी की नाल, फलासिया-कोटड़ा की नाल, सीतामाता वन्य जीव अभ्यारण्य-प्रतापगढ़, गोगुन्दा, सांडोल माता झाडोलाव झल्लारा, सलूम्बर के जंगलों का किया गया।

अखिल भारतीय समन्वित मशरुम अनुसन्धान परियोजना उदयपुर के प्रभारी व सह आचार्य डॉ. नारायण लाल मीना ने बताया कि दक्षिण राजस्थान के जंगलों में मशरुम की प्रजातियों में काफी विविधता पाई जाती है, क्योंकि इन जंगलों में वनस्पति की प्रजातियों में भी काफी विवधता पाई जाती है। इस कारण मशरुम की प्रजातियों की सर्वाधिक विविधता फुलवारी की नाल, फलासिया-कोटड़ा में मिली। क्योंकि फुलवारी की नाल वनस्पति की विविधता का प्रमुख क्षेत्र है। सघन निरीक्षण के दौरान सीतामाता वन्य जीव अभ्यारण्य, प्रतापगढ़ में दूध छाता मशरुम (केलोसाइबे इंडिका) की एक नई जंगली खाद्य प्रजाति मिली जो खेती की जाने वाली दूध छाता मशरुम से भिन्न प्रकार की है।

इस मशरुम की कैप का परिमाप 30 गुना 28 सेमी, आकार-गोलाकार, रंग –दूध जैसा सफेद, तने की लम्बाई 23-25 सेंटीमीटर तथा एक फ्रूट बॉडी का वजन 2 से 2.25 किलोग्राम दर्ज किया गया जो कि दूध छाता मशरुम की फ्रुट बॉडी का सर्वाधिक वजन है। यहां ऐसे प्रकार की प्रजाति है जिसका उत्तक संवर्धन मशरुम प्रयोगशाला, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर में करके आगे खेती करने की तकनीक विकसित करने का अनुसंधान किया जायेगा। इस प्रजाति की खोज करने वाली टीम में परियोजना प्रभारी डॉ. नारायण लाल मीना के आलावा डॉ. सुरेश कुमार, अविनाश कुमार नागदा व किशन सिंह राजपूत आदि थे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### बुधवार 7 अगस्त, 2024

सावन मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 8:30 तक, परिद्य योग दिन 11:41 तक, तैतिल करण प्रातः 8:59 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 3:15 पर कन्या राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति**: सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज राजयोग रात्रि 8:30 तक है। रवियोग रात्रि 8:30 से आरम्भ होगा। आज मधु श्रदा तीज, मेला तीज जयपुर में, लघु तृतीय व्रत है। आज से सकट 2 मु.मास आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया**: लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:15 तक, शुभ 10:54 से 12:32 तक, चर 3:50 से 5:28 तक, लाभ 5:28 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल**: 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:58, सूर्यास्त 7:07

#### मेष



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

#### वृष



घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा और सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

#### मिथुन




व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आज धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

#### कर्क



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

#### सिंह



नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

#### कन्या



आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। आज धार्मिक स्थान की यात्रा हो सकती है।

#### तुला




आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

#### वृश्चिक



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

#### धनु



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

#### मकर



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। व्यावसायिक परेशानियां व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

#### कुंभ



परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

#### मीन



अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा है।

# 'प्रोसीक्यूटर के पदों पर मनमाने तरीके से नियुक्ति पर रोक लगाएं'

## हाईकोर्ट में प्रोसीक्यूशन ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से याचिका दायर कर गुहार की है, जिस पर अदालत ने कानून व गृह विभाग से जवाब तलब किया

- याचिकाकर्ता ने कहा कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों में प्रोसीक्यूटर के पदों पर नियुक्ति के लिये कानून विभाग द्वारा जिला न्यायाधीशों और कलेक्टरों से अधिवक्ताओं की सिफरिश लेने की पुरानी प्रथा पर रोक लगाएं, क्योंकि इसमें योग्यता को नहीं देखा जाता है बल्कि केवल और केवल राजनैतिक व असंगत लाभों के कारण ही नियुक्ति की जाती है और सुप्रीम कोर्ट भी इसमें गंभीर टिप्पणी कर चुका है
- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के लागू होने से पहले से ही राज्य में 'राजस्थान प्रोसीक्यूशन सर्विसेज रूल्स-1978' और 'राजस्थान प्रोसिक्यूशन सबोर्डिनेट सर्विस रूल्स-1978' लागू रहे हैं और नये कानून के तहत केवल काडर में से ही प्रोसीक्यूटर्स को नियुक्ति दी जा सकती है और रिक्त पदों को केवल पदोन्नति से ही भरा जा सकता है।
- याचिकाकर्ता का कहना है कि कानून विभाग की ओर से असाधारण परिस्थितियों का वर्णन किये बगैर 31 जनवरी 2024 को प्रदेश के सभी जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टरों को पत्र लिखकर अधिवक्ताओं के नाम की सिफारिश भेजें जिससे वह पब्लिक प्रोसीक्यूटर्स नियुक्त करें।

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में राजस्थान प्रोसिक्यूशन ऑफिसर्स एसोसिएशन (आर.पी.ओ.ए.) की अध्यक्ष, प्रतिभा पुरोहित, की ओर से रिट याचिका दायर कर अदालत से गुहार की गई है कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों में पब्लिक प्रोसीक्यूटर, एडीशनल प्रोसीक्यूटर और स्पेशल प्रोसीक्यूटर के पदों पर नियुक्ति के लिये कानून विभाग द्वारा जिला न्यायाधीशों और कलेक्टरों से अधिवक्ताओं की सिफरिश लेने की पुरानी प्रथा पर रोक लगाएं। याचिकाकर्ता की ओर से याचिका में कहा गया कि नई कानून व्यवस्था के तहत जिन राज्यों में 'प्रोसीक्यूटिंग ऑफिसर' (यानी अभियोग चलाने वाले अधिवक्ताओं) का काडर हो तो राज्य सरकार उस काडर में से ही 'प्रोसीक्यूटर्स' नियुक्त कर सकती है। याचिका के अनुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-18 व इसके नियम स्पष्ट कहते हैं कि 'पब्लिक प्रोसीक्यूटर्स' की नियुक्ति उसके लिये बने काडर से ही हो और सभी रिक्त पद 'प्रमोशन' (पदोन्नति) से ही किये जाये। न्यायाधीश अनिल उपमन की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार 'प्रिंसीपल लॉ सेक्रेटरी' और 'एडीशनल चीफ सेक्रेटरी (होम)' तथा अन्य संबंधित पार्टियों से जवाब तलब किया है।

दरअसल भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के लागू होने से पहले से ही राज्य में 'राजस्थान प्रोसीक्यूशन सर्विसेज रूल्स-1978' और 'राजस्थान प्रोसिक्यूशन सबोर्डिनेट सर्विस रूल्स-1978' लागू रहे हैं। यानी राजस्थान में कई वर्षों से 'पब्लिक प्रोसीक्यूटर्स' का काडर बना हुआ है और उन्हें नियमानुसार रिक्त पदों को 100 प्रतिशत 'प्रमोशन' करके ही भरना होता है। याचिकाकर्ता का कहना है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 18(3) के तहत असाधारण परिस्थितियों में ही, जैसे किसी भी उपयुक्त व्यक्ति का ना मिलने की स्थिति में, राज्य सरकार काडर के बाहर से 'पब्लिक प्रोसीक्यूटर' के पद पर किसी व्यक्ति की नियुक्ति कर सकती है। याचिकाकर्ता का कहना है कि कानून विभाग की ओर से सभी नियम कायदों को दरकिनार करते हुए और बिना असाधारण परिस्थितियों का वर्णन किये बगैर 31 जनवरी 2024 को प्रदेश के सभी जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टरों को पत्र लिखकर अधिवक्ताओं का पैनल बनाने को कहा जो राज्य सरकार को अधिवक्ताओं के नाम की सिफारिश भेजें जिसे वह पब्लिक प्रोसीक्यूटर, एडीशनल प्रोसीक्यूटर और स्पेशल प्रोसीक्यूटर के पदों पर नियुक्त करें।

याचिकर्ता का कहना है कि काडर के बाहर से अधिवक्ताओं को प्रोसीक्यूटर के पद पर नियुक्त करने की प्रथा बिलकुल ही अपारदर्शी है और मनमाने तरीके से की जाती है, जिसमें केवल और केवल राजनैतिक व असंगत लाभों के कारण ही नियुक्ति की जाती है। अधिवक्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि जिला स्तरीय सरकार अधिवक्ता भी अनुबंध के आधार पर कार्य नहीं करते हैं और न्यायिक अधिकारी होते हैं। इसलिये जिला स्तरीय अधिवक्ता व 'पब्लिक प्रोसीक्यूटर्स' सार्वजनिक कार्यालय में पद ग्रहण करते हैं, इसलिये राज्य सरकार मनमाने तरीके से किसी भी व्यक्ति की वहां पर नियुक्ति नहीं कर सकती।

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि 23 मई को आर.पी.ओ.ए. ने गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा था कि वे मनमाने तरीके से कानून की अवहेलना करते हुए पब्लिक प्रोसीक्यूटर, एडीशनल प्रोसीक्यूटर और स्पेशल प्रोसीक्यूटर के पदों पर नियुक्ति न करें, परंतु पत्र लिखे जाने के बाद ना तो उन्होंने कोई जवाब दिया बल्कि प्रक्रिया को स्थगित भी नहीं किया और 26 जून को विभिन्न जिला न्यायाधीशों और कलेक्टरों के बनाये गये पैनल से अधिवक्ताओं के नामों की सूची को मंगाया और नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। याचिकाकर्ता ने कानून विभाग द्वारा जारी पत्र जिनसे प्रोसीक्यूटर्स के पदों को भरने के लिये सुझाव मांगे गये हैं, उसे रद्द करने की भी गुहार की है। मामले को सुनने के बाद अदालत ने इसमें चार सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया है और संबंधित पार्टियों से जवाब तलब किया है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने मंत्रीपरिषद के सदस्यों एवं विधायकों के साथ मंगलवार को जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित 'एंटरटेनमेंट पैराडाइज' मल्टीप्लेक्स में महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर के संघर्ष एवं बलिदान पर आधारित फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' की स्पेशल स्क्रीनिंग देखी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौर व अन्य विधायक भी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के विकास में भी सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान : भजनलाल

- सिख समाज के लिए बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिख धर्म हमें जीवन में सच्चाई, ईमानदारी और मेहनत को अपनाने की सीख देता है। यह सिद्धांत हमें आत्मनिर्भरता और कर्मठता का महत्व भी समझाता है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय द्वारा गुरूद्वारों में निःशुल्क भोजन सेवा उनके सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रदेश के विकास में भी सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिख समाज से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरु नानकदेव जी ने जात-पात और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और सभी मनुष्यों को एक समान बताया। सिख धर्म में स्त्रियों और पुरुषों के बीच समानता पर भी जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धर्म हमें दूसरों की रक्षा का पाठ भी पढ़ाता है। सिख योद्धाओं की वीरता और बलिदान इतिहास में अनमोल है। जब-जब भी देश पर आतातायियों का आक्रमण हुआ सिख समाज ने मजबूती के साथ उनका मुकाबला किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के बजट में हर वर्ग और हर क्षेत्र के लिए घोषणाएं की हैं। प्रदेश के धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी इस बजट में प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली बाईपास स्थित तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारा-जयपुर तथा बुड्ढा जोहड़ गुरुद्वारा-अनूपगढ़ में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विकास कार्य करवाए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि सिख गुरूओं ने अपनी वाणी से समाज के वंचित और असहाय वर्ग की सेवा का संदेश दिया है। उनके संदेश को अपनाते हुए हमें आस-पास के ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक सरोकार में भागीदारी करने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हमें प्रेरणा दी है। उनके द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 7 अगस्त को प्रदेश में 1 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। श्री शर्मा ने सिख समाज के लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आवन किया।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री का सम्मान करते हुए उन्हें पगड़ी बांधी तथा गुरू गोविंद सिंह जी की तस्वीर व तलवार भेंट की। कार्यक्रम में विधायक श्री गुरवीर सिंह सहित राज्य के विभिन्न गुरूद्वारों के प्रधान, जत्थेदार एवं सिख समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाकर छह महीने के लिए सस्पेंड

## कांग्रेस बोली, ''सड़क तक करेंगे विरोध''

- निलंबन के बावजूद सदन नहीं छोड़ने के कारण भाकर पर हुई कार्यवाही
- कांग्रेस ने मांगा कानून मंत्री का इस्तीफा

**जयपुर,** (वि.सं.)। राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र पक्ष और विपक्ष के बीच बड़े टकराव के साथ खत्म हो गया। एक दिन पहले मुकेश भाकर के निलंबन के कारण बना गातिरोध खत्म होने के बजाय ज्यादा बढ़ गया और स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को छह महीने के लिए सस्पेंड कर दिया। सदन में कानून मंत्री के बेटे को अतिरिक्त महाधिवक्ता बनाने के विषय पर बहस को लेकर सोमवार से लगातार विवाद की स्थिति बनी हुई थी। दूसरे दिन कांग्रेस ने कानून मंत्री के इस्तीफे की मांग की।

मुकेश भाकर को निलंबित करने के तत्काल बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। हालांकि इसके बाद भी विपक्ष के विधायक सदन में लगातार नारेबाजी करते रहे। इससे पहले सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भाकर को छह महीने के लिए सस्पेंड करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे स्पीकर ने तत्काल मंजूर कर दिया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर को छह महीने के लिए सस्पेंड करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि भाकर को 5 अगस्त को निलंबित करने के बाद सदन से चले जाना चाहिए था। स्पीकर ने उन्हें बार-बार सदन से जाने को कहा, लेकिन उन्होंने आदेशों की अवहेलना की।

विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियम 292-3 में यह प्रावधान है कि निलंबित विधायक को तत्काल सदन की सीमाओं से बाहर चले जाना चाहिए, लेकिन भाकर ने अब तक ऐसा नहीं किया। पूरा प्रतिपक्ष उन्हें संरक्षण दे रहा है। ऐसे अभद्र व्यवहार करने वाले को इस सदन का सदस्य रहने का हक नहीं है।

इस कार्यवाही के बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुकेश भाकर के छह महीने के निलंबन पर नाराजगी जताई। भाजपा का कहना है कि गलती मानने के बजाए भाकर आसन को झुकाने का प्रयास कर रहे थे। निलंबन में बाद मुकेश भाकर ने कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार के दबाव में स्पीकर ने यह असंवैधानिक फैसला लिया है। भाकर ने कहा कि यह फैसला भाजपा के दबाव में लिया गया। हम कानून मंत्री के बेटे की गलत तरीके से नियुक्ति के बारे में बात करना चाहते थे। पहले स्पीकर ने कहा कि आप सीट पर जाएं, मैं व्यवस्था देता हूं। हम सीट पर गए तो स्पीकर ने कहा कि आप लिखित में दीजिए, मैं परीक्षण करके कल समय दूंगा। जब नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे तो भाजपा नेता बीच में खड़े होकर बोलने लगे। मैंने विधायकों से कहा कि नेता प्रतिपक्ष बोल रहा है तो आपको अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्पीकर पहले से यह तय करके आए थे। भाजपा के मंत्री जवाब दे नहीं पा रहे हैं। भाजपा सरकार विधानसभा में पूरी तरह से फेल हो रही है। उसे कैसे बचाया जाए। इसकी पूरी जिम्मेदारी स्पीकर ने अपने ऊपर ले रखी थी। जिस तरह से बिना वोटिंग और जल्दबाजी में कल निलंबित किया गया। आज भी जल्दबाजी में असंवैधानिक तरीके से सस्पेंशन किया गया। अब हम सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर आगे की रणनीति बनाएंगे।

सदन स्थगित होने के बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जोगेश्वर गर्ग के आरोपों पर कहा कि पता नहीं मार्शल को मुकेश ने काटा है या उन्हीं के सदस्यों ने काट खाया है। जिस प्रकार का गतिरोध सदन में बना। हमारी महिला सदस्यों के साथ धक्का-मुक्की हुई है। हमारे कई सदस्यों के साथ इस तरह का बर्ताव किया गया। सदन से निलंबन पहले भी होता आया है, लेकिन इसकी एक मर्यादा होती है। मार्शल धक्का-मुक्की नहीं कर सकते। नियम है कि वो सदस्य को हटाकर वहां से ले जा सकते हैं, जो उन्होंने किया वो गलत है और अब हमारे सदस्यों पर आरोप लगा रहे हैं, यह सरासर गलत है। जूली ने कहा कि भाजपा हमेशा बाबा साहब के बने संविधान का अपमान करती है। दिल्ली के बाद यहां भी ऐसा ही किया है। हम इस मामले को लेकर सड़क पर विरोध करेंगे, ओर ब्लॉक स्तर तक मामले को लेकर जाएंगे। इससे पहले सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस का धरनाजारी रहा।

# आरजेएस भर्ती परीक्षा में शामिल करने के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आरजेएस भर्ती-2024 में एसटी विधवा वर्ग के लिए पद आरक्षित नहीं करने के मामले में हाईकोर्ट प्रशासन को आदेश दिए हैं कि वह याचिकाकर्ता को मुख्य परीक्षा में शामिल करे। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस गणेश मीणा की खंडपीठ ने यह आदेश सुनीता मीणा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हिमांशु जैन ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट प्रशासन ने राजस्थान न्यायिक सेवा के 222 पदों के लिए इस साल भर्ती निकाली है। जिसकी प्रारंभिक परीक्षा होने के बाद 31 अगस्त को मुख्य परीक्षा होनी है। भर्ती में 24 पद एसटी वर्ग के लिए आरक्षित रखे गए हैं। इनमें से आठ पद एसटी महिला के लिए आरक्षित रखे गए है। वहीं इन आठ पदों में से तीस फीसदी पद एसटी विधवा और तलाकशुदा कोटे के लिए आरक्षित होने चाहिए, लेकिन इस कोटे के लिए अलग से कोई पद नहीं रखे गए। याचिका में बताया गया कि प्रारंभिक परीक्षा में याचिकाकर्ता के 46 अंक आए है, जबकि सामान्य विधवा वर्ग की कट ऑफ 45 अंक हैं। वहीं हाईकोर्ट प्रशासन ने एसटी विधवा और तलाकशुदा वर्ग की अलग से कट ऑफ जारी ही नहीं की। ऐसे में हाईकोर्ट प्रशासन ने आरक्षण के प्रावधानों की अवहेलना की है। याचिकाकर्ता के अधिक अंक होने के कारण उसे मुख्य परीक्षा में शामिल किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को मुख्य परीक्षा में शामिल करने को कहा है।

# निलम्बित सदस्य आसन के निर्देशों के बावजूद सदन में बैठे रहे

## अन्ततः अध्यक्ष ने दुःखी मन से विधायक भाकर को छः माह के निलम्बित किया

- प्रतिपक्ष द्वारा निलम्बित सदस्य को सुरक्षा देकर आसन के आदेशों की अवहेलना कर सदन की गरिमा को ठेस पहुँचाई, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : देवनानी

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधान सभा सदन में मंगलवार को भी प्रतिपक्ष ने आसन के आदेशों की अवहेलना कर पवित्र सदन की गरिमा को ठेस पहुँचाई। देवनानी ने कहा कि उन्होंने आसन से बार-बार निलम्बित सदस्य को सदन से बाहर भेजने के लिए कहा। प्रतिपक्ष ने आसन के निर्देशों को नकारा और निलम्बित सदस्य को सदन में सुरक्षा दी और उसे बाहर नहीं भेजा बल्कि उसे घेर कर सदन में जमे रहे।

देवनानी ने नियमों के विपरीत प्रतिपक्ष के व्यवहार को लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं और समृद्ध संसदीय परम्पराओं की अवहेलना बताया है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दस बार नेता प्रतिपक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों को सदन में बैठने के लिए भी अनुरोध किया गया। देवनानी ने प्रतिपक्ष द्वारा आसन के निर्देशों की अवहेलना को बेहद दुःखद बताया है। उन्होंने कहा कि सदन में किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटे इसके लिए उन्होंने निलम्बित सदस्य को सदन से बाहर निकालने के लिए मार्शल भी नहीं बुलाया। देवनानी ने कहा कि जब तक वे आसन पर रहेंगे तब तक वे आसन की मान मर्यादा और गरिमा को बनाये रखेंगे। विधानसभा जैसे पवित्र व गरिमापूर्ण सदन को प्रतिपक्ष के सदस्यों ने अमर्यादित और असंवैधानिक आचरण से ठेस पहुँचाई है, जिसे वे बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रतिपक्ष द्वारा निलम्बित सदस्य का बचाव करना बेहद निन्दनीय व अशोभनीय है। देवनानी ने कहा कि आसन द्वारा बार-बार प्रतिपक्ष को अनुरोध किये जाने के बाद भी निलम्बित सदस्य को बाहर नहीं भेजा जाना, आसन के निर्णय की सरासर अवहेलना है। देवनानी ने कहा कि उनके अनुरोध को प्रतिपक्ष ने नकारा। अन्ततः उन्हें दुःखी मन से सदस्य को छः माह के लिए निलम्बित किये जाने के लिए बाध्य होना पड़ा। यह निर्णय उनके लिए मानसिक पीड़ा देने वाला है। उन्होंने कहा कि सत्र में प्रतिपक्ष नेता और प्रतिपक्ष सदस्यों ने अनेक बार असंसदीय व्यवहार किया और गतिरोध बनाया, बाद में अपनी गलती के लिए माफी भी मांगी। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष का यह व्यवहार असंवैधानिक और अनैतिक था। देवनानी ने कहा कि आसन असंसदीय और अशोभनीय आचरण को प्रोत्साहित नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता, संस्कृति और नैतिकता उनके व्यवहार में रची-बसी हुई है। सदन में प्रतिपक्ष की आज भी अमर्यादित और अनैतिकता वाले व्यवहार को देखकर वे दुःखी हुए।


**(18) लिबर्टी पशुधन सहायक प्रशिक्षण संस्थान**
राजस्थान वेटेनरी यूनिवर्सिटी, बीकानेर से मान्यता प्राप्त
**2 वर्षीय पशु चिकित्सा डिप्लोमा**
12th कृषि अथवा जीव विज्ञान
एडमिशन मैनेजमेंट सीट
229(A), राजेन्द्र प्रसाद नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर


**Lost & Found**

CRISIL Ltd का शेयर प्रमाणपत्र, जो स्वर्गीय श्री नवल किशोर मालपानी के नाम पर है, जो जे-237-ए, कृपलानी मार्ग, आदर्श नगर, जयपुर 302004 में रहते थे, फोलियो नंबर CRI001736 के अंतर्गत 1000 शेयर जिनका, सर्टिफिकेट नंबर 100046 और Distinctive no- 46041 -47040, है आदर्श नगर जयपुर में कहीं खो गया था। यदि मिले तो कृपया शशि प्रभा मालपानी से संपर्क करें मोबाईल नम्बर -9829014916

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 29/2024 (उत्तराधिकार)
विषय: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र
प्रार्थी- नाम श्रीमती शीला पत्नी पतराम सिंह पुत्री स्व. श्री जमना प्रसाद
विवाद स्थान 64/435 प्रताप नगर
मृतक भूखंड संख्या 64/4350 श्योपुर, प्रताप नगर की संपत्ति के विषय में
पेशी दिनांक 01.10.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आश्य का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम संजय कुमार चोरडिया पुत्र जामुनभगत उर्फ जमुना प्रसाद जाति.निवासी 64/435, प्रताप नगर, सांगानेर, श्योपुर रोड़ का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्रदान किया जावे।

अत: उक्त प्रार्थना पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 01 माह 10 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 03.08.2024 सन् को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया है।

आज्ञा से
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, संख्या 10, जयपुर महानगर, प्रथम न्यायालय सांगानेर

# विधानसभा का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**जयपुर,** (वि.सं.)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान विधान सभा के द्वितीय सत्र को मंगलवार को दोपहर 1:53 बजे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

# स्व.भाभड़ा को पुष्पांजलि दी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंगलवार को पूर्व विधान सभा अध्यक्ष स्व हरि शंकर भाभडा को उनकी जयन्ती पर पुष्पाजंलि अर्पित की।

# पर्यटकों को मिले अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ : दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पर्यटन, पुरातत्व तथा धार्मिक स्थानों का सुनियोजित विकास कार्य किये जाने के लिए कार्य योजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की गुणवत्तापूर्ण कार्य के आधार पर राजस्थान में आने वाले पर्यटकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ उपलब्ध हो इसे लक्षित करके ही पर्यटन विकास के कार्यों को मूर्त रूप दिया जाए।

दिया कुमारी के समक्ष मंगलवार को सचिवालय में पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा के द्वारा आरटीडीसी की प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल की उपस्थिति में पर्यटन यूनिट नीति-2024 के संभावित बिंदुओं सहित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बेहतर काम करने के लिए एजेंसियों का पारदर्शिता से चयन किये जाने की प्रक्रिया अपनाएं जाने के भी निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से सम्बन्धित सभी बजट घोषणाओं की द्रुत गति से क्रियान्विति के लिए भी निर्देश दिए। इसके साथ ही विकसित राजस्थान 2047 के विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा कर सहमति प्रदान की। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट घोषणाओं के बिन्दुओं में उल्लेखित श्री खाटूश्याम जी, श्री महावीर जी तथा अन्य धार्मिक पर्यटन स्थलों का पूर्ण भव्यता और सुनियोजित रूप से जीर्णोंद्धार एवं विकास कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जमवाय माता मन्दिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मंदिर का पूर्ण भव्यता से जीर्णोंद्धार किये जाने के निर्देश दिए।

# विरासत से विकास में दिखेगा दस्तकारों का हुनर

**जयपुर,** (का.सं.)। देशभर में 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम डे मनाया जाएगा। यह दिवस है दस्तकारों के हुनर को सलाम करने का। इसी के साथ 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। दोनों ही उपलक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जवाहर कला केंन्द्र की ओर से अतुल्य अगस्त प्रोग्राम के तहत 11 से 17 अगस्त तक अलंकार दीर्घा में विरासत से विकास एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में हैंडलूम की विरासत को देशभर से सहेजकर यहां प्रदर्शित किया जाएगा, इससे हैरिटेज आर्ट के विकास का क्रम देखने को मिलेगा।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम्.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**

**सार्वजनिक सूचना**

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

**सार्वजनिक नोटिस** :ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2024-25/577 **दिनांक:** -16/07/2024

**संदर्भ:**

1.कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (*3*) कम्पनियों का नाम ***राजस्थान*** राज्य से हटाने के मामले में:

| S No. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AA8680409 | U40100RJ2022PTC082049 | एस्टेटमैन रेगालिया एश्लिन एसपीवी प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AA9202149 | U36109RJ2022PTC082566 | आर्टबे फ़र्निचर प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AA9147071 | U31300RJ1999PTC015850 | किशोर वायर एंड मेटल्स प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

हरिहर साहू
रजिस्ट्रार
प्रसंस्करण त्वरित कॉर्पोरेट निकास केंद्र

CBC 07123/11/0289/2425


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# मदन राठौड़ ने अतिवृष्टि वाले इलाकों में नागरिकों की सुरक्षा के लिए निर्देश दिये

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही अतिवृष्टि को ध्यान में रखते हुए प्रशासन के साथ आमजन से जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। राठौड़ ने जिला कलेक्टर्स, संभागीय आयुक्त के साथ भाजपा जिलाध्यक्षों को भी जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर उचित प्रबंध करने के लिए निर्देशित किया है।

राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में पाली, बूंदी, जैसलमेर, बाडमेर सहित अन्य जिलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के चलते बाढ़ के हालात बन गए। कन्हीं कुछ कॉलोनियों में पानी की समुचित निकासी नहीं होने के चलते संपूर्ण कॉलोनी में पानी भर गया, ऐसे में पानी निकासी के लिए उचित प्रबंध करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि पाली के संभागीय आयुक्त और कलेक्टर को जलभराव वाले क्षेत्रों के लिए आपदा प्रबंधन टीम तैयार करने के साथ जोधपुर जाने वाली नहर में पानी निकासी के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। भाजपा सरकार आपदा की इस घड़ी में नागरिकों के साथ हैं और प्रदेशवासियों की सुरक्षा भाजपा के लिए सर्वोपरि है।

# कोटा बैराज से पानी छोड़ा, चंबल खतरे के निशान से ऊपर

## धौलपुर में चंबल नदी खतरे के निशान से 2.20 मीटर ऊपर बह रही है



हाड़ौती में हो रही बारिश के बाद कोटा बैराज से चंबल नदी में पानी छोड़ा गया, जिसके बाद धौलपुर में चंबल नदी खतरे के निशान से 2.20 मीटर ऊपर बह रही है।

**धौलपुर, (निसं)।** हाड़ौती में हो रही लगातार बारिश के बाद कोटा बैराज से चंबल नदी में पानी छोड़ा गया है। जिसके बाद धौलपुर में चंबल नदी खतरे के निशान से 2.20 मीटर ऊपर बह रही हैं। जिसको लेकर धौलपुर जिले की राजाखेड़ा एसडीएम मनीषा मीणा एक्टिव मोड में आ गयी हैं।

- **प्रशासन ने लोगों से ऊंचे स्थानों पर रहने के लिए कहा, एसडीएम ने दौरा किया**

एसडीएम मीणा चंबल तटवर्ती क्षेत्र के गांव वरसला, अंधियारी, बसई घीयाराम में पहुंची। जहां लोगों से बातचीत करते हुए समझाया कि चंबल खतरे के निशान से 2.20 मीटर ऊपर चंबल नदी बह रही है, उससे दूरी बनाए रखें। चंबल रपट पर ना जाएं, ऊंचे स्थानों पर ज्यादा रहें जिससे बाढ़ आने पर कोई दुर्घटना न हो। अगर ऐसा लगे कि बाढ़ आने का अंदेशा है तो तुरंत उसकी सूचना कंट्रोल रूम को दें या फिर ब्लॉक प्रशासन के अधिकारी को दें। इसके साथ ही सभी कार्मिकों को तथा अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी बनाये रखते हुए अपने संसाधनों को क्रियाशील व तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# पाली में 24 घंटे में 14 इंच पानी बरसा, बाढ़ के हालात

## एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियां जलमग्न, सड़कों पर चार फीट तक पानी भरा, रास्ते बंद



पाली शहर में भारी बरसात से सड़क पर पानी भर गया।

**पाली, (निसं)।** पाली शहर में 24 घंटे में 14 इंच बरसात हुई, जिससे शहर में बाढ़ के हालात पैदा हो गये। वहीं की दर्जनों कॉलोनियां जलमग्न हो गई है।

रेलवे स्टेशन रोड से पांच मौका तक सड़क पर चार फीट पानी भर गया, जिससे रास्ता बंद है। यही हाल कमल अस्पताल के पिछले गेट से लोढ़ा स्कूल रोड, नहर रोड, कॉलेज रोड, रामदेव रोड, आशापुरा कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी, जवाहर नगर तालाब के तीसरे हिस्से से रपट चलने के कारण पानी का भराव हो गया है। नया गांव रोड, सुंदर नगर, रजत नगर, सांसी बस्ती, भाट बस्ती, ट्रांसपोर्ट नगर इलाकों में तीन फीट पानी भरा हुआ है। इसी प्रकार मंडिया रोड क्षेत्र के गांधीनगर में भी पूरा पानी भरा हुआ है। लाखोटिया तालाब, भैरू घाट पुल पर से पानी ऊपर से होकर निकल रहा है, जिससे बाढ़ के हालात हो रहे हैं। मंगलवार को भी रुक-रुक कर बारिश हो रही है। वहीं पाली की बांडी नदी भी दूसरे दिन पूरे वेग से बह रही है, जिससे हेमावास बांध 20 फीट पहुंच गया है। पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा जवाई बांध 20 फीट पहुंच गया है। पाली शहर में जगह-जगह अतिक्रमण होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है।


# बीसलपुर बांध का जलस्तर 311.45 सेमी पहुंचा

**देवली, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के बीसलपुर बांध में पानी की आवक बनी हुई है। मंगलवार को बीसलपुर बांध में आधा मीटर पानी की आवक फिर से होने पर बांध के जलस्तर के गेज में आधे मीटर पानी का इजाफा हुआ है।

जानकारी के अनुसार बीसलपुर बांध के केचमेंट एरिया में लगातार बारिश होने के कारण ऊपरी माल से पानी की आवक बनी होने से त्रिवेणी का गेज सामान्य रूप में बना हुआ है। जिसके कारण सोमवार और मंगलवार को बीसलपुर बांध में लगभग एक मीटर पानी की आवक हुई है, जिससे बीसलपुर बांध के जलस्तर में इजाफा हुआ है। मंगलवार की शाम 8 तक बीसलपुर बांध का जलस्तर 311.45 सेमी पर पहुंच गया है। फिलहाल

- **मंगलवार को बीसलपुर बांध में आधा मीटर पानी की आवक हुई**
- **बनास नदी के ऊपरी माल पर बारिश का दौर बरकरार रहा तो बांध में पानी की आवक बनी रहेगी**

बीसलपुर बांध और उपखंड क्षेत्र में मंगलवार को बारिश का प्रभाव कमजोर पड़ गया है लेकिन बनास नदी के ऊपरी माल पर बारिश का दौर बरकरार रहा तो बांध में पानी की आवक बनी रहेगी।



बीसलपुर बांध के केचमेंट एरिया में लगातार बारिश होने से बांध में एक मीटर पानी की आवक हुई है।

# जोधपुर में 24 घंटे से बारिश जारी

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में पिछले 24 घंटे से हो रही बारिश ने अब लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। शहर की खराब ड्रेनेज व्यवस्था के चलते डीपीएस चौराहा, बनाड़ रोड, माता का थान, तनवाड़ा, लूणी, सांगरिया, लूणी, झालामंड, कुड़ी के कई मोहल्लों में बारिश का पानी भर गया है। लूणी नदी में बहाव शुरू हो गया है। लगातार हो रही बारिश के चलते कई क्षेत्रों में पुराने मकान और दीवार भी ढह गई है। मंगलवार दोपहर तक यहीं हालात थी। दोपहर दो बजे तक सभी क्षेत्रों में बारिश हो रही थी, जिसके चलते प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है और पानी बहाव वाले क्षेत्र व नाले से दूर रहने की अपील की गई।

जोधपुर में पिछले 24 घंटे में 30 एमएम से ज्यादा बारिश दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग की माने तो मंगलवार को जोधपुर में यलो अलर्ट जारी किया हुआ है। ऐसे में दिनभर रुक-रुक पर बारिश का दौरान चलने वाला है। तेज बारिश के चलते सोमवार रात को धवा क्षेत्र में एक दुकान ढह गई। बंद दुकान में रात के समय हादसा होने से इसमें किसी को चोट नहीं आई है। इधर, लूणी के सतलाना कृष्णखेड़ा लूणी नदी के रपट के ऊपर से बारिश का पानी बहना शुरू हो गया है। ऐसे में यहां से जाने वाला यातायात प्रभावित हो चुका है। तेज बारिश के चलते कांकाणी नेशनल हाईवे 62 से खाराबेरा पुरोहितान जाने वाले रास्ते पर पानी का तेज बहाव शुरू हो गया। ऐसे में लूणी पुलिस ने मौके पर पहुंच जेसीबी की मदद से पानी के बहाव को लूणी नदी की तरफ करवाया है।


# बरसात से जर्जर भवन का हिस्सा गिरा

**अजमेर, (कासं)।** बीते दो दिन से हुई बरसात के चलते शहर के सबसे भीड़भाड़ वाले पुरानी मंडी बाजार में मंगलवार को एक जर्जर भवन का एक हिस्सा गिर गया, गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ। घटना को लेकर क्षेत्रीय दुकानदारों ने नाराजगी जताते हुए निगम प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है। पुरानी मंडी व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष किशनचंद गुप्ता ने बताया कि पुरानी मंडी स्थित बाजार में कई पुरानी 50-55 साल जर्जर भवन है, जो बरसात के दिनों में हादसे का सबब बन सकते हैं। पुरानी मंडी महिलाओं का मार्केट और त्यौहार के सीजन के चलते बाजार में भीड़ रहती है। बाजार में करीब 250 दुकानें हैं। इन दुकानों पर 20 से 25 हजार महिलाएं प्रतिदिन खरीददारी के लिए आती हैं। बीती दो दिनों हुई बरसात के चलते मंगलवार को एक जर्जर भवन का हिस्सा गिर गया, गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ।

# 18 घंटे में अजमेर में सवा छह इंच वर्षा

**अजमेर, (कासं)।** पिछले तीन दिन से अजमेर शहर सहित जिलेभर में बरसात का दौर जारी है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, भारी बारिश की चेतावनी दी है। अजमेर में इस सीजन की सबसे ज्यादा बारिश हुई।

रविवार देर रात शुरू हुई बरसात मंगलवार तक जारी रही। करीब 18 घंटे में अजमेर में 157.6 एमएम यानी करीब सवा छह इंच से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई। तेज बारिश के कारण स्कूलों में छुट्टी रखी गई, तो वहीं शहर की अधिकांश कॉलोनियों में पानी भर गया। निचली बस्तियों में जलभराव अधिक हुआ। वहीं ऐतिहासिक फॉयसागर झील की 48 साल बाद बरसात के मौसम में चादर चली है। झील में 27 फीट तक पानी है। सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन ने झील के आसपास के क्षेत्रों में आमजन के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं 50 से अधिक कर्मचारी एवं अधिकारियों सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है, पुलिस जवान भी तैनात किए गए हैं, ताकि ताकि दुर्घटना घटित न हो।



अजमेर में बरसात से फॉयसागर झील की चादर चली।

जानकारी के अनुसार अजमेर की ऐतिहासिक फॉयसागर झील में बरसात का पानी आने से पूरी तरह लबालब होने से झील छलक गई। पिछले साल यह झील बिपरजॉय तूफान के कारण 48 साल बाद छलकी थी। जिले में बरसात से खानपुरा तालाब व गोविंदगढ़ बांध की चादर चल पड़ी। आनासागर भी एक फीट 6 इंच ओवरफ्लो चल रहा है, फिलहाल इसके गेट बंद है। फॉयसागर झील पर चादर चलने व आसपास सुरक्षा के मद्देनजर करीब 50 पुलिसकर्मी, कर्मचारी व अधिकारियों को तैनात किया गया है।

# एसडीआरएफ ने 13 ग्रामीणों को बचाया

**पाली, (निसं)।** पाली में भारी बरसात से कई जगह पर हालात खराब है। वहीं कई जगहों पर पानी भरा हुआ है। वहीं एसडीआरएफ ने रोहट की जलमग्न ग्राम दूदहिया में फंसे 13 ग्रामीणों का जीवित रेस्क्यू किया और उन्हें बचा लिया।

- **भारी बरसात के कारण ग्राम दूदहिया जलमग्न होने व कुछ ग्रामीणों के फंसने की सूचना मिली थी**

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सवेरे पुलिस कंट्रोल रूम जिला पाली से भारी बरसात के कारण पुलिस थाना रोहट के अन्तर्गत जलमग्न ग्राम दूदहिया में कुछ ग्रामीणों के फंसे की सूचना एसडीआरएफ राजस्थान कन्ट्रोल रूम जयपुर को मिली। सूचना पर कन्ट्रोल रूम द्वारा कमाण्डेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार आपदा राहत एवं बचाव के लिए एसडीआरएफ कम्पनी जोधपुर की पुलिस थाना रोहट जिला पाली में तैनात रेस्क्यू टीम एफ-08 के प्रभारी कानि. गणपत को घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए। रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ मंगलवार दोपहर बारह बजे घटना स्थल पर पहुंचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमाण्डेंट को बताया कि पुलिस थाना रोहट जिला पाली के अन्तर्गत भारी बरसात के कारण ग्राम दूदहिया जलमग्न हो गया है। ग्राम दूदहिया में कुछ ग्रामीण फंसे हुए हैं। सबसे पहले रेस्क्यू टीम मोटर बोट की सहायता से जलमग्न ग्राम दूदहिया में फंसे ग्रामीणों के पास पहुंची। उसके बाद टीम ने दूदहिया ग्राम में फंसे 13 ग्रामीणों को लाईफ जैकेट पहनाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सुरक्षित बचाये गये 13 ग्रामीणों में पांच पुरूष, पांच महिला व तीन युवतियों शामिल है।

# मूसलाधार बरसात से पुष्कर सरोवर लबालब

## सरोवर हुआ ओवरफ्लो, डूब क्षेत्र की ओर बढ़ा पानी, कई होटलों में दो फीट पानी भरा

**पुष्कर, (निसं)।** अल सुबह से हुई बरसात से तीर्थ नगरी तरबतर हो गई तो वहीं पवित्र सरोवर एक बार फिर लबालब हो गया तथा लगातार पानी की आवक हो रही है। रात्रि से ही रुक-रुककर मूसलाधार बरसात से निचली बस्तियां जलमग्न हो गई। पुष्कर में आठ इंच बारिश हुई है।

जानकारी के अनुसार बरसात से माली मोहल्ले में घरों में पानी भर गया। नरसिंह घाट के आसपास की दुकानों में भी पानी भर जाने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रात्रि से हो रही तेज बरसात से पवित्र सरोवर में पानी की आवक होने से इस बार सरोवर लबालब हो गया है। नाग पहाड़ से झरने चलने लग गए हैं। बड़ी पुलिया में लोगों की भीड़ लग रखी है। बड़ी पुलिया पर भी पानी भर गया। परिक्रमा मार्ग से गुरुद्वारा के लिए जाने वाला मार्ग भी बंद हो गया। बारिश से निचली बस्तियों में पानी भर जाने से लोगों को एक बार फिर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। परिक्रमा मार्ग, सावित्री मार्ग, पुराने रंगजी

- **सिविल डिफेंस और पुलिस ने खाली कराये होटल व रिसोर्ट, पुष्कर में आठ इंच बारिश हुई**

के मंदिर, माली मोहल्ला, नरसिंह घाट, वराह घाट चौक सहित कई इलाकों में पानी भर गया।

यही नहीं दुकानों में और घरों में पानी भर जाने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाग पहाड़ से फिडरों से पानी की लगातार आवक बन रखी है तो वही बरसात का दौर जारी है। भारी बारिश के कारण होटल में पानी भर जाने से डूब क्षेत्र की होटल को जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सिविल डिफेंस ने खाली करवा लिया। सिविल डिफेंस के किशन गोपाल जाट ने बताया कि जिला प्रशासन से निर्देश मिलते ही जहां-जहा पानी ज्यादा भरता है या भर गया उन होटलों को खाली करवा लिया गया है।



पुष्कर में हुई बारिश से सरोवर लबालब भर गया।


**स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय**

श्रीगंगानगर रोड, बीछवाल - बीकानेर - 334006 (राजस्थान), E-Mail : estateofficerskraubikaner@gmail.com

**निविदा सूचना**

| क्रमांक | नाम |
|---|---|
| मुख्यालय का नाम | कार्यालय भू-सम्पति अधिकारी स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| निविदा का कार्य | निर्माण कार्य |
| निविदाओं की कुल लागत | रू. 23.74 लाख |
| निविदा बेचने की अंतिम तारीख | 12.08.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तारीख | 13.08.2024 को दोपहर 1.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 13.08.2024 को दोपहर 2.30 बजे पश्चात |

RPWA 100 एवं RTPP act.2012 & revised till date की शर्तें लागू होगी।

UBN No. SKA2425WSOB00047

राज.संवाद/सी/24/3394 भू-सम्पति अधिकारी

**Office of The Program Offieer (EGS) Cum BDO Panchayat Samiti Sayla (Jalore)**

No.104 Date: 01.08.2024

**Notice Inviting Bid-01/2024-25**

Bid for Supply Work of Material and Equipments & Work tenders for various work as below are invited from interested bidders under various Gram Panchayats of Panchayat samiti sayla. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office.

| Name of Gram Panchayat | approximate value of the procurement | UBIN |
|---|---|---|
| Balwada | 60.00 Lakh | ZJR2425GLRC00290 |
| Jeewana | 60.00 Lakh | ZJR2425GLRC00289 |
| Dabli | 10.00 Lakh | ZJL2425WSOB00287 |
| Dabli | 90.00 Lakh | ZJL2425WSOB00288 |
| Sangana | 80.00 Lakh | ZJR2425GLRC00295 |

DIPR/C/7011/2024 Program Officer (EGS) Cum BDO Panchayat Samiti Sayla (Jalore)

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/67 - 69 Date : 02/08/2024

**ई-निविदा सूचना संख्याः 18/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्य एवं कार्य की लागत | : | रूपये 125.00 लाख (Consultancy Work for Preparation of Detailed Project Report for Construction of Elevated Road Between Pratap Nagar Chauraha and Debari Junction in Udaipur.) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि | : | 07.08.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 27.08.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 07.08.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 27.08.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 28.08.2024 को सांयः 04.00 बजे (तकनिकी बिड) |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425WSOB00160

राज.संवाद/सी/24/3408 अधिशाषी अभियन्ता - द्वितीय

**Rajasthan Urban Drinking Water Sewerage and Infrastructure Corporation Ltd.**

(A Government of Rajasthan Undertaking)

Old Working Women Hostel, Behind Nehru Place, Lal Kothi, Tonk Road, Jaipur

Ph: 0141- 2742240, 2742538, 2742263 E-mail: rudsico.amrut@gmail.com, Web: urban.rajasthan.gov.in/rudsico

F18 (167)/RUDSICO/Office building/2024-25/4606 Date :- 05/08/2024

**NIB No. 03/2024-25**

**Notice inviting online bids for Repair & Maintenance work of RUDSICO office building**

Rajasthan Urban Drinking Water Sewerage &Infrastructure Corporation Limited (RUDSICO), a Government of Rajasthan undertaking, invites online unconditional bids on behalf of the Governor of Rajasthan through e-procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in** from eligible bidders in accordance with the RTPP Act 2012 and RTPP Rules 2013, amended up to date, and under Open Competitive Bidding (OCB) National with single stage Bidding procedure for following works.

| S. No. | Name of Work | Total Cost (INR in Lakh) | Bid Security (INR in Lakh) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair & Maintenance work of RUDSICO office building | 61.20 | 1.224 | 06 Months |

The details of NIB can be seen at e-procurement portal of state government **sppp.rajasthan.gov.in** and **eproc.rajasthan.gov.in** from date 05.08.2024 at 1700 Hours till the end date of online submission of bids i.e. 20.08.2024 up to 1800 Hours. Any subsequent addendum/corrigendum shall be published only at the e-procurement portal.

NIB No. RDP2425A0009, UBN No. RDP2425WSOB00012

Raj.Samwad/C/24/3378 Project Director (UI) RUDSICO, Jaipur

# छात्रसंघ चुनाव करवाने के लिए सड़कों पर विरोध करने उतरे विद्यार्थी, पुलिस ने घसीटा

## राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्रों ने अपना मुंह काला करके दंडवत लेटकर विरोध जताया

**जयपुर, (कासं)।** छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में विभिन्न छात्र संगठनों ने चुनाव की तारीख का ऐलान करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और यूनिवर्सिटी कैंपस में सरकार का पुतला फूंका।

वहीं प्रदर्शन कर रहे छात्र जब यूनिवर्सिटी से बाहर आने लगे तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए सड़क पर बैठे छात्रों को घसीटा। इतना ही नहीं जब छात्रों ने विरोध किया तो पुलिसकर्मियों ने पन्द्रह से ज्यादा छात्रों को जबरदस्ती उठाकर हिरासत में ले लिया। यहां तक कि छात्रों ने अपना मुंह काला करके दंडवत विरोध प्रदर्शन भी किया। इस प्रदर्शन में एनएसयूआई, एसएफआई, आरएलपी, निर्दलीय समेत विभिन्न छात्र संगठनों के छात्र शामिल रहे। वहीं जानकारी में सामने आया है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने प्रदर्शन से दूरी बनाकर रखी।

- **प्रदर्शन में एनएसयूआई, एसएफआई, आरएलपी, निर्दलीय समेत विभिन्न छात्र संगठनों के छात्र शामिल रहे।**
- **अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन से दूरी बनाकर रखी**




**छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर राजस्थान यूनिवर्सिटी के गेट पर कई संगठनों के विद्यार्थियों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान जब यूनिवर्सिटी कैंपस में सरकार का पुतला दहन किया गया तो पुलिस ने प्रदर्शनकारी छात्रों को घसीटा और हिरासत में लिया।** फोटो-राष्ट्रदूत

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर यूनिवर्सिटी के गेट पर छात्रों ने धरने की शुरुआत की। जहां करीब एक घंटा धरना देने के बाद छात्रों ने सरकार का पुतला फूंका। इसके बाद दोपहर बाद छात्रों ने यूनिवर्सिटी के गेट से बाहर आने की कोशिश कर गेट के पास टायर में आग लगा दी। जहां मौजूद पुलिस जाब्ते ने छात्र महेश चौधरी, मोहित यादव, राहुल महला समेत पन्द्रह से ज्यादा छात्र नेताओं को हिरासत में ले लिया। पन्द्रह से ज्यादा छात्रों को हिरासत में लेने के बाद कुछ छात्रों ने यूनिवर्सिटी में चेहरा काला कर प्रदर्शन किया। इन्हें भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। यूनिवर्सिटी कैंपस में बड़ी संख्या में पुलिस का जाब्ता तैनात है। इसके अलावा प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने यूनिवर्सिटी कैंपस में रैली निकाल कर अलग-अलग ब्लॉक बंद कर दिए। छात्र नेता सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि वह गांधीवादी तरीके से अपना मुंह काला करके यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रदर्शन कर रहे थे। वह चाहते हैं कि पुलिस हमारे साथियों को रिहा कर दे। लेकिन पुलिस ने बेवजह हमें ही पकड़ लिया है। जो सरासर गलत है। हम चुप रहने वाले नहीं हैं। जब तक सरकार छात्रसंघ चुनाव की घोषणा नहीं करेगी। हमारा विरोध जारी रहेगा।

छात्र नेता महेश चौधरी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अगर समय रहते चुनाव का ऐलान नहीं किया तो आने वाले विधानसभा उपचुनाव में भी उन्हें इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। एनएसयूआई छात्र नेता शिवराज पचेरवाल ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव आम छात्रों की आवाज है, जब तक सरकार चुनाव की घोषणा नहीं करेगी, हमारा विरोध जारी रहेगा। गौरतलब है कि राजस्थान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पिछले साल छात्रसंघ चुनाव स्थगित करने का फैसला किया था। इसके बाद प्रदेश भर में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन चल रहा है।

# प्रतिष्ठित मिठाई दुकानों पर निरीक्षण कर सैम्पल लिए

- **मैसर्स जे. ओबेरॉय स्वीट्स, टोंक रोड से पिस्ता बर्फी, काजू, और बादाम कटिंग का नमूना लिया गया**

**जयपुर।** प्रदेश में मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत मंगलवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में मिठाई की दुकानों पर निरीक्षण कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने खाद्य कारोबारियों के यहां निरीक्षण एवं नमूने लिए। मैसर्स जे ओबेरॉय स्वीट्स, टोंक रोड से पिस्ता बर्फी, काजू, और बादाम कटिंग का नमूना लिया गया। यहां निर्माण इकाई पर काफी गंदगी पाई गई तथा चूहे घूमते हुए पाए। जंग लगी अलमारियों में प्लास्टिक की थैलियों में सामान रखा हुआ था। एक्सपायरी डेट की सामग्री भी काम मे ली जा रही थीं। चासनी में मच्छर, चींटे आदि मिले। यहां से कई सैम्पल लेकर लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं।

इसी प्रकार मैसर्स कन्हैया लाल हलवाई, सांगानेर से मिल्क केक, पनीर, ग्रेवी और मावा का नमूना लिया गया, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। निर्माण इकाई (रसोई) तथा भंडार गृहों में अत्यधिक गंदगी मिलने और फूड एटीकैट्स की अवहेलना के कारण इंप्रूवमेंट नोटिस दिया जाएगा। कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद यादव, राजेश कुमार नागर और नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे।

## सार-समाचार

### महिलाओं ने धूमधाम से मनाया सिंजारा



**जयपुर।** राजधानी जयपुर में मंगलवार को जवाहर सर्किल टांक विमेंस महिलाओं द्वारा सिंजरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने खूब जमकर मौज मस्ती की और तीज त्योहार का महत्व बताया। साथ ही महिलाओं ने ग्रुप में घूमर,लहरिया सहित कई गीतों में सामूहिक और नूपुर टांक नई दुलहन का सिंजारा भी बनाया गया।जिसमे सभी महिलाओं ने दुलहन का सिंजारा भरा गया।विमेंस ने ढोलक कर घूमर नृत्य भी किया। मंजुला टांक ने बताया तीज त्योहार आम जन में प्रेम, प्यार, सद्भावना और भाईचारा के रंग भरते है। अंजना टांक, ममता, रश्मि, कोमल, आस्था, शालू, मुस्कान, शिप्रा, अनुष्का, प्रियंका टांक ने तीज महोत्सव में प्रस्तुतियां दी। उन्होंने कहा कि यह त्यौंहार हमारे देश की सभ्यता संस्कृति पंरपराओं और मानवीय मूल्यों के परिचायक है। हमारी संस्कृति और सभ्यता की विरासत है। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने झूला झूलते हुए तीज व सावन के गीत गाए। महिलाओं ने कार्यक्रम में मेहंदी भी लगाई। इस दौरान झूलों में झूलकर सावनी गीत गाए गए। कार्यक्रम के दौरान युवा महिलाएं सावन के गीतों पर जमकर थिरकीं।

### मुनेशचंद शर्मा अध्यक्ष निर्वाचित हुए



**जयपुर (कासं)।** अवनी होम्स रेजीडेन्ट्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव 4 अगस्त को संपन्न हुए। इसमें एडवोकेट मुनेशचंद शर्मा को अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। उपाध्यक्ष पद पर महावीर शास्त्री, सचिव तेजवीर चौहान, कोषाध्यक्ष प्रभुनाथ राय तथा सदस्य दिनेश कुमार सैनी, पवन शर्मा, राजू राणा, किरण यादव, स्वाति पारीक, नितेश जैन व नरेन्द्र गुप्ता चुने गए हैं। कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 26 अगस्त को तय किया गया है।

### कोटेक महिंद्रा ग्रुप देगा स्कॉलरशिप

**जयपुर।** कोटेक महिंद्रा ग्रुप की सीएसआर शाखा, कोटेक एजुकेशन फाउंडेशन (के.ई.एफ.) ने "कोटेक कन्या स्कॉलरशिप प्रोग्राम" के तहत 500 छात्राओं को स्कॉलरशिप्स देने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य पूरे भारत में आर्थिक रूप से वंचित वर्ग की मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा हासिल करने में सहायता करना है। अपने चौथे वर्ष में प्रवेश के साथ ही इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम ने स्कॉलर्स की दोगुनी संख्या दर्ज की है। कोटेक एजुकेशन फाउंडेशन के एजुकेशन प्रोग्राम और स्कॉलरशिप डायरेक्टरतथा एग्जीक्यूटिव कमेटी मेंबर (ईसी) जयश्री रमेश ने कहा कि "कोटेक कन्या स्कॉलरशिप प्रोग्राम को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह प्रत्येक स्कॉलर की क्षमता को उजागर और विकसित करे।" स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लक्ष्य 4-5 वर्षों वाले कोर्सेस के लिए हर वर्ष 1 लाख 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करके छात्राओं को सशक्त बनाना है, ताकि उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने में धन संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े।इस प्रोग्राम के माध्यम से 24 राज्यों और 122 शीर्ष रैंक वाले संस्थानों में 525 मेधावी छात्राओं को सहायता दी गई।

### 'ऑफिस गलत होगा तो टूट जाएगा'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मानसरोवर स्थित पत्रकार कॉलोनी के सामुदायिक केन्द्र के भवन में जेडीए का जोन ऑफिस खोलने को चुनौती देने के मामले में सुनवाई तीन सप्ताह टालते हुए जेडीए को दो सप्ताह में जवाब देने के लिए कहा है। सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस जीआर मीना की खंडपीठ ने यह निर्देश श्याम सुंदर शर्मा व अन्य की पीआईएल पर सुनवाई करते हुए दिया। सुनवाई के दौरान जेडीए के अधिवक्ता अमित कुडी ने कहा कि यह पीआईएल मेंटेनेबल नहीं है और इस मामले को जेडीए ट्रिब्यूनल में चुनौती दी जानी चाहिए। खंडपीठ ने उनसे जवाब के संबंध में पूछा तो जेडीए के अधिवक्ता ने दो सप्ताह का समय मांगा। वहीं प्रार्थी पक्ष की ओर से अदालत में फोटोग्राफ पेश करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन में जेडीए का जोनल ऑफिस बनाना गलत है और इससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जिस पर खंडपीठ ने कहा कि यदि गलत होगा तो उसे तुड़वा दिया जाएगा। वहीं प्रार्थी पक्ष को भी प्रति जवाब के लिए एक सप्ताह का समय देते हुए सुनवाई तीन सप्ताह बाद तय की।

### दिव्यांगों को राशन वितरण 11 को

**जयपुर।** महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन भवन जयपुर की ओर से प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को दिव्यांग परिवारों को राशन वितरण और भोजन करवाया जाता है। इसी कड़ी में 11 अगस्त को प्रात: 10.30 बजे राशन वितरण व भोजन का कार्यक्रम प्रभुनारायण अग्रवाल, मैसर्स प्रिंटओलैंड जयपुर व उनके परिवार की ओर से रखा गया है। यह जानकारी संस्था के सचिव वीर अनिल वैद्य ने दी है।

### 10 वर्षीय बालक फागी से दस्तयाब

**जयपुर।** बनीपार्क इलाके में 2 अगस्त को घर से दुध लेने निकला दस वर्षीय बालक लापता हो गया था, जिसे पुलिस ने बच्चे को फागी में स्थित देव नगर से दस्तयाब कर लिया। पुलिस ने बताया कि 2 अगस्त को दुध मंडी निवासी जनता देवी ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि उसका 10 वर्षीय बेटा जीतू बागरिया घर से 30 रुपए लेकर दुध लेने निकला था। काफी देर तक वो वापस नहीं लौटा। इस पर मामले की जानकारी पुलिस को दी। सहायक उपनिरीक्षक भंवर लाल ने करीब दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगलाने के बाद बालक को फागी में स्थित देव नगर से उसकी मौसी के घर से दस्तयाब कर लिया।

# महापौर के बाद डिप्टी मेयर ने जनसुनवाई का ऐलान किया

## डॉ. सौम्या गुर्जर सप्ताह में एक दिन तो पुनीत कर्णावत 5 दिन सुनेंगे जनता की परेशानियां

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर के 31 जुलाई से जनसुनवाई करने का ऐलान करने के बाद अब डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत ने भी खुद के स्तर पर जनसुनवाई करने की घोषणा की है। उन्होंने सप्ताह में 3 दिन नगर निगम मुख्यालय, जबकि 2 दिन जोन ऑफिस में जनसुनवाई करने की बात कही है।

मंगलवार को नगर निगम ग्रेटर में मीडिया को संबोधित करते हुए डिप्टी मेयर कर्णावत ने कहा कि नगर निगम ग्रेटर के बोर्ड को बने साढ़े 3 साल से ज्यादा समय हो गया है। चूंकि अब प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार है तो ऐसे में अब जनता के काम ज्यादा से ज्यादा और आसानी से हो उसके लिए हमने जनसुनवाई शुरू करने का निर्णय किया। मेयर की ओर से जनसुनवाई करने के सवाल पर डिप्टी मेयर ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को सुनवाई करनी चाहिए। मेयर जनसुनवाई शुरू करने वाली है। इसकी नॉलेज मुझे है। मैं सोमवार से बुधवार तक मुख्यालय पर, जबकि गुरुवार-शुक्रवार जोन ऑफिस में सुनवाई करूंगा। पिछले दिनों नगर निगम समितियों के निर्णयों पर कमिश्नर रूकमणि रियाड़ की ओर से लगाई रोक पर भी डिप्टी मेयर ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब-जब भी एग्जीक्यूटिव कमेटी या बोर्ड ने जो निर्णय किया है वो निर्णय फिर हमारे लिए गीता है।



उपमहापौर डॉ. पुनीत कर्णावट

इन निर्णयों को लागू करवाना हमारी और उसे एग्जीक्यूट करने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है, लेकिन देखने में आया है कि कई निर्णयों को अधिकारियों की लापरवाही को अमलीजामा नहीं पहन पाए हैं आने वाले समय में ऐसा नहीं रहने वाला है।

# नागपुर से जयपुर आया बाघ जोड़ा

**जयपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर से बाघ का एक जोड़ा मंगलवार को नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क लाया गया है। यह जल्द ही नाहरगढ़ टाइगर सफारी की शान बनेगा। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली की स्वीकृति के बाद मंगलवार को सुबह वन्यजीव एस्क्यू सेन्टर गोरेवाड़ा नागपुर महाराष्ट्र से एक नर बाघ गुलाब (4 वर्ष) तथा एक मादा चमेली (3 वर्ष) को नाहरगढ़ जैविक उद्यान में लाया गया। बाघ के जोड़े को पहले 21 दिन के लिए क्वॉरेंटाइन में रखा जाएगा और उसके बाद इसे नाहरगढ़ टाइगर सफारी में छोड़ा जाएगा।

वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ अरविंद माथुर के नेतृत्व में बाघ के जोड़े को नागपुर से नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क लाया गया। करीब 24 घंटे का सफर तय कर यह बाघ का जोड़ा जयपुर पहुंचा है। वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ अरविंद माथुर ने बताया कि बाहर से आने के कारण इस जोड़े को 21 दिन के क्वॉरेंटाइन में रखा जाएगा, ताकि ये आपको को यहां की जलवायु के हिसाब से खुद ढाल सके। सितंबर में नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में टाइगर सफारी शुरू होगी और उस समय इस बाघ के जोड़े को टाइगर सफारी में छोड़ा जाएगा. इसके बाद वहां आने वाले पर्यटक एवं वन्य जीव प्रेमी इस जोड़े को देख सकेंगे।

डॉ माथुर ने बताया कि एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत बाघ के जोड़े को जयपुर लाया गया है।

# राज्यपाल बागडे ने ली विशेष समीक्षा बैठक

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने जनजातीय क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली एक एक पाई का हिसाब रखा जाए।

बागडे मंगलवार को राजभवन के अधिकारियों की आयोजित विशेष बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उच्च शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आ ान किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में नेक की तैयारी और रैंकिंग वृद्धि के लिए भी तेजी से कार्य करने पर जोर दिया और इसकी राजभवन स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग किए जाने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कमजोर और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए लागू योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का भी आ ान किया। उन्होंने जनजाति क्षेत्रों में वर्षा जल संरक्षण और बारिश के पानी को सहेजने के लिए भी विशेष कार्य किए जाने की आवश्यकता जताई। जनजाति क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के बारे में जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि यह देखा जाए कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर वास्तविक कार्य हुआ है अथवा नहीं। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के प्रभावी विकास के लिए सबको मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। राज्यपाल ने तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को कौशल विकास से आंकड़ों में नहीं व्यावहारिक रूप में समृद्ध किए जाने और राजभवन स्तर पर इसकी नियमित मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा गांव गोद लेकर उनके विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों की भी विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने गांवों में विकास के लिए व्यावहारिक प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने राजभवन से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूर्ण लगन और निष्ठा से कार्य करे। बैठक में राज्यपाल के सचिव श्री गौरव गोयल ने राजभवन के स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी। विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारियों ने पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति दी।



राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे

# जल जीवन मिशन में निम्न प्रगति वाले जिलों को नोटिस

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने कहा कि प्रदेश में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत निम्न प्रगति वाले बीकानेर, जयपुर ग्रामीण, करौली एवं कोटपूतली-बहरोड जिलों के अधीक्षण अभियंताओं को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग 14 के आधार पर की जा रही है जिसमें इन जिलों की प्रगति निम्न स्तर की पाई गई है।

साथ ही जिन जिलों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जो ठेकेदार निर्धारित टारगेट के अनुसार कार्य नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

शासन सचिव मंगलवार को शासन सचिवालय से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत हर घर जल कनेक्शन की गति को बढ़ाया जाए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन जिलों में कनेक्शन की प्रगति कम है वहां के अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अधीक्षण अभियंता फील्ड में जाएं साथ ही अपने अपने जिलों के ठेकेदार एवं अधिकारियों के साथ बैठक लिया जाना सुनिश्चित करें।

# बारिश से टूटी शहर की अधिकांश सड़कें, रोडी-कंक्रीट के बजाय मिट्टी के कट्टे डालकर खड्ढ़े भरवाने में जुटे अधिकारी

## वैशाली नगर, गांधीपथ, सिरसी रोड व कालवाड़ रोड पर बारिश का पानी भरने से आवाजाही में हो रही परेशानी

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में इन दिनों तेज बारिश के कारण अधिकांश सड़कें उधड़ चुकी है। ड्रेनेज सिस्टम की कमी, नालों की सफाई नहीं होने और सड़क निर्माण के दौरान डामर की मात्रा कम डाली जाने के कारण अब मुख्य मार्गों की रोड की कंक्रीट बिखर गई हैं और सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढ़े हो चुके हैं।

वैशाली नगर, गांधीपथ और सिरसी रोड की सड़कों का इन दिनों हाल-बेहाल है। हालात ऐसे हैं कि थोड़ी सी बारिश में सडकें, गड्ढ़ों में तब्दील हो गई हैं, जिसके कारण वाहन हिचकोले खाकर निकलते नजर आते हैं। टूटी हुई सड़कों की मरम्मत के नाम पर जे.डी.ए. के इंजीनियर्स ने खानापूर्ति कर दी थी, जिसके कारण चंद दिनों में पुन: हालात बिगड़ गए। कुछ दिन पहले बनी रोड बरसात आते ही गड्ढों में बदल गई है, लेकिन जिम्मेदार सड़क निर्माता ठेकेदारों पर कार्रवाई के बजाय अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। सड़कों में हुए गड्ढ़ों के कारण हादसे नहीं हो, इसलिए रोडी-कंक्रीट डालने के बजाय सिर्फ मिट्टी के कट्टे डालकर खानापूर्ति की जा रही है। टूटी सड़कों से गुजरना पैदल राहगीरों व वाहन चालकों के लिए जोखिम भरा हो गया है, इसके बावजूद जेडीए प्रशासन की नींद नहीं टूट रही। जर्जर सड़कों व उनमें बने गड्ढ़ों में बारिश का पानी भरने से सड़कों पर जगह-जगह कीचड़ जमा हुआ है, जिनमें फिसलकर आये दिन दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गांधी पथ, वैशालीनगर और कनक वृदावन की मुख्य सड़क का भी ऐसा ही हाल है। इसी प्रकार खातीपुरा तिराहे पर बारिश से तुरंत पहले जेडीए के इंजीनियर्स ने ड्रेनेज लाइन डालने के लिए सड़क खोद दी थी, उसे भी सुधारने के बजाय बदहाल छोड़ दिया गया, इस कारण यहां भी लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियां हो रही है। सूत्रों की मानें तो जे.डी.ए. जोन-7 के इंजीनियर्स ने अपने क्षेत्र में टूटी हुई सड़कों की मरम्मत के लिए करीब 1 करोड़ रु. का टैंडर लगाया था, लेकिन उसका काम आज दिन तक शुरू नहीं हुआ। ऐसे में लोगों को मजबूरन सड़क में बने गड्ढ़ों के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

इसके अलावा निवारू रोड, कालवाड़ रोड व सिरसी रोड पर पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी भरा हुआ है। यहां सड़कें भी जर्जर हो चुकी है, लेकिन जेडीए व नगर निगम के अधिकारी सुध लेने के बजाय चुप्पी साधे बैठे है। ज्ञात रहे कि कालवाड़ रोड पर गोविंदपुरा चौराहे तक, निवारू रोड पर पुलिया के आसपास का क्षेत्र व सिरसी रोड पर ग्रेटर नगर निगम का क्षेत्र आता है। इसके बावजूद जेडीए व नगर निगम के अफसर टूटी सड़कों को ठीक करवाने के बजाय मूक दर्शक बने बैठे हैं।






## Child Vision Awareness Month


Every August, *Child Vision Awareness Month* reminds us of the importance of healthy eyes for our children. It highlights the importance of regular eye exams and early detection of vision problems. Our children's bright future depends on clear eyesight, and this month is dedicated to making sure that all kids can see their best. Children's vision issues often go unnoticed, making early screenings crucial. Catching problems early can prevent serious issues from impacting learning and development.

#RESEARCH

# Sugar-free Treats Can Give You Gas

Do sugar-free candy and gum give you gas? Researchers think they know why.



*Sorbitol*, a sugar alcohol, is used in sugar-free gum, mints, candy, and other products. It is also found naturally in apricots, apples, pears, avocados, and other foods. At high levels, sorbitol can cause bloating, cramps, and diarrhea. For some people, even a small amount causes digestive upset, a condition known as *sorbitol intolerance*.

A new study with mice found that taking antibiotics, combined with a high-fat diet, reduced the number of *Clostridia* gut microbes, which can break down sorbitol. "Our research suggests that microbial sorbitol degradation normally protects the host against sorbitol intolerance. However, an impairment in the microbial ability to break down sorbitol causes sorbitol intolerance," says Jee-Yon Lee, first author of the study. Lee is an assistant Project Scientist in the University of California, Davis Medical Microbiology and Immunology department.

The researchers used metagenomic analysis to identify which gut bacteria have genes that make the enzyme which breaks down sorbitol. They also identified which of those gut bacteria were plentiful before, but not after antibiotic treatment.

This analysis allowed them to zero in on gut microbes belonging to the class *Clostridium*. Clostridium are anaerobic, meaning that they don't like environments with oxygen.

The researchers found that after the mice were given antibiotics and fed a diet, high in saturated fat, the cells lining the gut used less oxygen. This created a higher level of oxygen in the gut, decreasing Clostridia. Without enough Clostridia, sorbitol was not broken down in the gut.

The researchers performed several experiments to try to restore the gut bacteria so that it could break down sorbitol again.

In one, they fed the mice Anaerostipes caccae, a gut bacterium that produces butyrate. Butyrate is a short-chain fatty acid produced as part of the normal fermentation process in the gut. It enhances oxygen usage by the cells that line the gut, the epithelial lining, which reduces oxygen levels in the large intestine.

Regulating the oxygen level with Anaerostipes caccae restored the normal levels of Clostridia, which protected the mice from sorbitol-induced diarrhoea, even after the butyrate-producing bacteria had been cleared from the mouse's digestive system.

The researchers suggest that a drug used to treat ulcerative colitis, Crohn's disease, and other inflammatory bowel diseases, *mesalazine* (5-aminosalicylate), may be a treatment for sorbitol intolerance in humans. Mesalazine, also known as mesalamine, functions similarly to the butyrate-producing bacteria, restoring the low oxygen levels in the intestine preferred by Clostridia.

"This discovery is crucial, given the prevalent use of sorbitol and similar sugar alcohols in the production of keto-friendly diet foods that are high in fat content," Lee says.


"It also highlights the importance of oxygen consumption by the epithelial lining in the intestines, in maintaining a healthy balance of gut bacteria, especially Clostridia, for proper digestion of certain sugars."

An important limitation of the study is that mice can tolerate much higher sorbitol levels than humans. Clinical studies will be needed to test the hypothesis that mesalazine could treat sorbitol intolerance in humans.

"Our study provides a completely new starting point for approaches to diagnose, prevent, and treat sorbitol intolerance," says Andreas Baumler, senior author of the study. Baumler is a distinguished professor and vice chair of research in the UC Davis Medical Microbiology and Immunology department.



# An Amazing Photo Finish



Eight men, the entire starting field, in the 100 meters finished in under 10 seconds, a historic first for a wind-legal race, according to World Athletics, the governing body for athletics, including track and field. The race was so tight that the gold medalist, Team USA's Noah Lyles, and the silver medalist, Jamaica's Kishane Thompson, both posted times of 9.79 seconds, with Lyles winning the battle of decimal places by 0.005 seconds. The last-place finisher, Jamaica's Oblique Seville, posted a time of 9.91 seconds, which would have been good enough for fourth place at the 2020 Tokyo Olympics, according to Olympic records. The race saw the fastest times ever for fourth, fifth, sixth, seventh, and eighth places.



Noah Lyles celebrates with the American flag, after winning the 100-meter gold at the Olympics on Aug. 4, 2024.




**Prakash Bhandari**
*The writer is a senior journalist*


#OLYMPICS

Call it a sprint or a dash, it was the race of the century. A capacity crowd of 80,000 at the Stade de France in Paris watched with bated breath, as the race that lasted less than 10 seconds, saw the United States' Noah Lyles emerge as the planet's fastest man, winning the 100-meter dash at the Paris Olympics. Noah Lyles clinched a *photo-finish victory* in the closest 100m final in modern Olympic history on Sunday, ending the United States' 20-year wait to recapture the world's most prestigious sprinting crown.

Lyles froze when it was revealed that he had won by one of the narrowest margins, just five-thousandths of a second. In a nerve-wracking final at the Stade de France, the charismatic 27-year-old from Florida took gold by a fraction of a second, narrowly beating Jamaica's Kishane Thompson. Lyles' winning time was 9.784 seconds, compared to Thompson's 9.789 seconds, though both men's times will be recorded as 9.79 seconds. It was the narrowest margin of victory since electronic timing began being used at the Olympics. Lyles' compatriot, Fred Kerley, took bronze with a time of 9.81 seconds.

The race was so close that the electronic scoreboard in the arena simply displayed 'photo' next to seven of the eight finalists. After an agonizing wait of several seconds, Lyles' victory was confirmed, sparking wild celebrations from the reigning 100m and 200m world champion, who is regarded as one of the global superstars in athletics.

"It's the one I wanted," an elated Lyles said. "It's a hard battle, with amazing opponents. Everybody's healthy, everybody came prepared for the fight, and I wanted to prove that I'm the man among all of them. I'm the wolf among wolves." Lyles admitted that even he doubted whether he had clinched the gold. "I went up to Kishane and said, "I'm gonna be honest, bro, I think you had that one,"" Lyles recalled. "And I was fully prepared to see his name pop up. But when I saw my name instead, I was like, goodness gracious. I'm incredible."

This win caps a roller coaster three years for Lyles, who left the pandemic-hit Tokyo Olympics in tears, after a disappointing campaign, citing his mental health struggles and battles with depression. Now, United States sprinter, Noah Lyles, has set the internet ablaze with his victory in the 100m final at the Paris 2024 Olympic Games on Sunday, August 4th. The Lyles-Thompson showdown was the latest chapter in the sprint rivalry between the US and Jamaica, that has gripped the sport for nearly two decades.

Lyles had waited a long time to see the end of Jamaican dominance in the 100m and 200m events. He grew up with the ambition to break that monopoly, and the Paris Olympics saw his dreams fulfilled.







Kishane Thompson 'was robbed' as Olympics fans vent fury after Noah Lyles wins 100m gold.

### PHOTO FINISH

In sprints, as in swimming, a photo finish often determines the winner. The incredible photo finish, 0.005 seconds, puts Lyles ahead of Jamaica's Kishane Thompson. Lyles' celebration at the Stade de France, marking his 9.784-second dash, has fans, athletic champions, and celebrities alike, hyping up the newly minted Olympic champion across social media.

### WHAT IS A PHOTO FINISH?

**Slit-Video System:** The primary technology, used to determine the winner in a photo finish, is the slit-video system. This system scans an ultra-thin segment of the track precisely aligned with the finish line, capturing images 2,000 times per second. This provides an unbroken image of each athlete crossing the line, which is then synchronized with the athlete's time.

**Backup Camera:** In addition to the slit-video system, a backup camera is positioned on the other side of the field. This camera ensures that the finish is captured, even if a runner is obscured by another athlete.

**Flash Timer:** The flash timer, which records the final times of athletes, has a margin of error that, at worst, can be within 0.01 or 0.02 seconds of the official time. This margin is crucial in extremely close finishes like the one between Lyles and Thompson. The photo finish revealed that Lyles' chest was the first part of his body to breach the finish line. Although Thompson's foot seemed to cross the line before Lyles', the primary point of measurement for the 100-meter event is the torso, which includes the chest, abdomen, pelvis, and back. The slit-video system captures the finish line at an astounding 2,000 scans per second.

> Hours after winning the race, Lyles was making another run, this time for his girlfriend. Jamaican sprinter, Junelle Bromfield, had left her spikes at the massage therapist, which is next to the Olympic village. Bromfield asked him to pick up her bag. His reward for the greatest moment of his professional life was carrying her bag.

NBA legend Magic Johnson tuned in to watch Lyles from his yacht, posting on X, "We're all on the yacht, cheering for Noah Lyles after winning the Men's 100m race and remaining the fastest man in the world! It's the first time in 20 years that the US brings home the gold in the Men's 100! Wow, what an exciting race!!"

American actress Gabrielle Union also backed Lyles' performance, reposting Lyles' win on X, with the Olympic champion celebrating his victory, shouting, "America, I told you, I got this!" Union added, "My new ringtone."

Eight men, the entire starting field, in the 100 meters finished in under 10 seconds, a historic first for a wind-legal race, according to World Athletics, the governing body for athletics, including track and field. The race was so tight that the gold medalist, Team USA's Noah Lyles, and the silver medalist, Jamaica's Kishane Thompson, both posted times of 9.79 seconds, with Lyles winning the battle of decimal places by 0.005 seconds. The last-place finisher, Jamaica's Oblique Seville, posted a time of 9.91 seconds, which would have been good enough for fourth place at the 2020 Tokyo Olympics, according to Olympic records. The race saw the fastest times ever for fourth, fifth, sixth, seventh, and eighth places.

Lyles ran the fastest. Six finalists in Tokyo finished in under 10 seconds, with one runner disqualified and one posting a "did not finish." His coach, Ralph Mann, a 1972 Olympic silver medalist in Munich in the 400m hurdles, told him before the meet that this was going to be close. "Kyles held his fingers less than an inch apart," he told me. "This is what the distance between first and second is going to be. I can't believe how right he was."

Hours after winning the race, Lyles was making another run, this time for his girlfriend. Jamaican sprinter, Junelle Bromfield, had left her spikes at the massage therapist, which is next to the Olympic village. Bromfield asked him to pick up her bag. His reward for the greatest moment of his professional life was carrying her bag and some toiletries back to the Olympic village, walking gingerly at 2 A.M. "Here I am," Lyles said with a smile, feigning exasperation, "Olympic champion in the 100m, waddling to my girlfriend's room with all this stuff. I'm a good boyfriend," said Lyles.

A self-described showman who thrives on a large audience, Lyles, ran from behind for much of the first 90 meters while chasing down Jamaica's Kishane Thompson to a photo finish. The sprinters waited nervously at the finish line, watching the scoreboard for results. While Lyles' times may not be quite on a Usain Bolt level, his accomplishments, in terms of victories, are on par with Bolt's at his best. Carl Lewis in 1984 and Jesse Owens in 1936, both of whom added the long jump to their gold medal collections, are the only two sprinters who earned more medals in a major international championship. So, Lyles is a pretty big deal. It would be fair to call him an 'international athletic superstar.' He has reached a level of dominance that the sport has rarely seen.


rajeshsharma1049@gmail.com





Fred Kerley.

#FESTIVE FEAST

# REIMAGINING *GHEWAR*

Innovative chefs are reimagining '*Ghewar*,' the traditional Indian sweet, commonly eaten during *Teej* and *Raksha Bandhan* celebrations, with modern flavours and formats. From bite-sized delights to fusion creations, these contemporary adaptations celebrate the rich heritage of *ghewar* while embracing health-conscious trends, making this beloved *mithai* more enjoyable.




**Tusharika Singh**
*Freelancer Writer and City Blogger*


The festival of *Teej* is synonymous with donning the vibrant *Leheriya* and savouring *Ghewar*, a disc-shaped *Rajasthani* sweet with a honeycomb-like texture, conventionally made from *ghee*, *maida*, and sugar syrup. Traditionally, the options for *Ghewar* were limited to the classic plain version or the creamy *malai* one, if one was in the mood for something indulgent. However, contemporary culinary creativity has transformed this traditional sweet into a diverse array of offerings. Today, one can find innovative bite-sized *Ghewars* in unique flavours that cater to the calorie-conscious foodies, alongside healthier alternatives made from millet and wheat, for those mindful of their diet. This trend reflects not only a fusion of tradition and modernity but also a growing awareness of health and wellness among people.



Millet and Wheat *Ghewar* from *Gud Mishri*.



*Ghewar petit gâteaux* from *Dzurt*.

### Wheat and Millet *Ghewars*

*Gud Mishri*, a culinary venture based in Jaipur, specializes in crafting nutritious and delicious sweets using traditional ingredients like jaggery, *mishri*, wheat and millets. They have introduced millet *ghewar*, which is a healthier alternative to the traditional recipe of *ghewar*, which makes use of flour. "We have replaced *maida* with whole wheat flour and millet, enhancing our offerings with more fiber and protein that is beneficial for your gut. We avoid palm oil and cottonseed oil and use *ghee* in preparing our food, and instead of refined sugar, we use rock sugar and jaggery, both chemical-free. No artificial colours are used in our sweets. We made these changes because we wanted people to enjoy their favourite foods in a healthy, guilt-free way," shares Surbhi Singh Rathore, Founder Director of Gud Mishri.

### Traditional Indian Flavours with Modern Pastry Techniques

Chef Tejasvi Chandela, the visionary behind *Dzurt Patisserie*, is well known in the culinary world, with her unparalleled expertise in fusing traditional Indian flavours with modern pastry techniques. She seeks inspiration from local and indigenous ingredients, traditional Indian *mithaiwalas* and their unique methods, and fuses it all with modern pastry techniques to create innovative pastries. Her limited-edition signature box from Dzurt for *Teej* has two exquisite variations of *ghewar petit gâteaux*. The first flavour is a combination of original *rabri mawa*, enhanced with a tantalizing orange insert and a delicate clementine orange veil. The second offering is a decadent dark chocolate mousse, complemented by a hazelnut praline insert and a sophisticated coffee veil.



*Petit Ghewar Box* from *Ras* by *House of Gyanjee*.




*Ghewar* offerings from *Gud Mishri*.

### Bite-Sized Ghewars


*Ras* by *House of Gyanjee* has expanded its offerings with the introduction of the *Petit Ghewar box*, featuring bite-sized *ghewars* in a variety of flavours. In addition to the classic *Malai Kesar*, they have created unique interpretations such as Nutella, Coffee, Lotus, Biscoff, and Salted Caramel. "Our *ghewars* are renowned for their perfect blend of traditional craftsmanship and modern flair, earning them the nickname 'Indian waffles,'"shares Divolka Jain of House of Gyanjee. As chefs continue to innovate and experiment, *ghewar* not only retains its cultural significance but also evolves to delight new generations of dessert lovers, proving that tradition and modernity can 'coexist' deliciously.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# वृद्धा की हत्या का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## 10 माह पहले चार आरोपियों ने चारागाह में लूट के बाद महिला की हत्या की थी

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ के मुकुंदपुरिया गांव में एक पेड्रोक्स में 10 माह पूर्व एक बुजुर्ग महिला छोटी देवी बैरवा की हत्या की वारदात में शामिल मुख्य आरोपी स्पा सेंटर संचालक कालू लाल वैष्णव को गिरफ्तार किया है, इस वारदात में शामिल अन्य तीन बाल अपचारियों को भी पुलिस ने मंगलवार को डिटेन किया।

पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल बिश्नोई ने बताया कि मुकुंदपुरिया गांव की बुजुर्ग महिला छोटी देवी पेड्रोक्स में बकरियां चराने गई थी, जहां आरोपियों ने महिला के सोने के करीब एक लाख के जेवर लूट कर हत्या कर दी थी और महिला के शव को झाड़ियों में छुपाकर आरोपी फरार हो गए थे। मांडलगढ़ थाना पुलिस ने इस मामले को गम्भीरता से लेते हुये खुलासा किया। वारदात के 10 माह बाद आरोपियों को पकड़ा। आरोपी की गिरफ्तारी में में मांडलगढ़ थाने के कांस्टेबल मोहन लाल और अनिल कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पुलिस आरोपी से मृतक महिला से लुटे गये सोने के जेवर बरामद करने में जुटी हैं।



मांडलगढ़ पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी कालू वैष्णव को गिरफ्तार किया।

भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत द्वारा ब्लाईण्ड मर्डर के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मामले के खुलासे हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भीलवाडा विमल सिंह एवं वृत्ताधिकारी वृत माण्डलगढ़ भीलवाड़ा बाबूलाल विश्नोई के सुपरविजन में थानाधिकारी माण्डलगढ़ चन्द्र प्रभात, उ.नि. द्वारा पुलिस थाना माण्डलगढ़ एवं साईबर सैल की संयुक्त टीम का गठन किया गया।

मामले के अनुसार नौ नवम्बर 2023 को प्रार्थी के पुत्र ने रिपोर्ट दी कि मेरी माता छोटी देवी आज सुबह साढे दस बजे बकरीयां चराने हेतु ग्राम मुकनपुरिया की चारागाह(पेडोक्स) में गयी थी। शाम को साढे पांच बजे तक मेरी माता घर वापस नहीं आयी और बकरियां घर पर आ गयी, प्रार्थी के पिता नंदा तथा श्रवण बैरवा तीनों ने महिला को ढूंढने चारागाह में गये। चारागाह में कंजर समाज के श्मसान घाट के पास छोटी देवी बैरवा की खून में सनी हुयी लूगड़ी (ओढनी) मिली। सूचना पर ग्रामीण छोटी देवी को ढूंढने लगे तो निकट ही नदी के पास झाड़ियों में छोटी देवी का अर्धनग्न शव पड़ा मिला। मृतका छोटी देवी के सिर में चोट के निशान मिले और गले में पहने डेढ़ तोला सोने के मांदलिये गायब मिले। वहीं गले में ब्लाउज से फांसी लगा रखी थी।

प्राप्त सूचना को तकनीकी रूप से वैरीफाई करने के बाद बीट कानि. मोहन लाल व अनिल द्वारा दबिश दी जाकर आरोपी कालूलाल वैष्णव निवासी मुकुंदपुरिया एवं घटना में शामिल विधि से संघर्षरत तीन किशोर से पूछताछ व अनुसंधान किया। कालूलाल वैष्णव के साथ षडयंत्र में शामिल होकर वृद्ध महिला की हत्या करना स्वीकार किया।

# हत्या के प्रयास मामले में दो हिस्ट्रीशीटर सहित सात गिरफ्तार

## पूर्व में एक आरोपी रजनीश उर्फ बुलिया को गिरफ्तार किया जा चुका है



पुलिस ने बदमाशों का मुकुंदगढ़ बाजार में पैदल जुलूस निकाल मौका तस्दीक करवाया।

**मुकुंदगढ़,** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में दो हिस्ट्रीशीटर सहित सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों का मुकुंदगढ़ बाजार में पैदल जुलूस निकाल मौका तस्दीक करवाया।

मुकुंदगढ़ थानाधिकारी रमेश मीणा ने बताया कि मुकुंदगढ़ थाने में परिवादी मनीष कुमार ने रिपोर्ट दी कि 28 जून को वह अपने साथी से मिलने जा रहा था तभी चार कैंपर और दो पिकअप गाड़ियों में सवार होकर आए बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। हिस्ट्रीशीटर अरविंद और मनोज महला और उसके साथियों ने लाठियों और सरियों से उस पर हमला किया। जिसके कारण उसे गंभीर चोटें आई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर संभावित ठिकानों पर दबिश दी और सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अरविंद, मनोज महला और उसके साथी संदीप, दिनेश, राजेश, पंकज व कुलदीप को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आज बदमाशों का बाजार में जुलूस निकालते हुए मौका तस्दीक करवाया। गिरफ्तार बदमाशों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

एसपी राजर्षि राज वर्मा के निर्देशन पर कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी रमेश कुमार मीणा के नेतृत्व में एएसआई मुबारिक अली ने कार्यवाही करते हुए बलरिया निवासी मनोज महला, डूमरा निवासी अरविंद कुमार, कुलदीप सिंह, दिनेश कुमार उर्फ धनिया, संदीप उर्फ कालिया बलरिया निवासी राजेश कुमार, पुलिस थाना दादिया बेरी निवासी पंकज रुमानियां को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि आरोपियों को तलाश करने के लिए मुकुंदगढ़, डूंडलोद, नवलगढ़, सीकर सहित आरोपियों के संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूर्व में एक आरोपी रजनीश उर्फ बुलिया को गिरफ्तार कर जेसी करवाई जा चुकी है। थानाधिकारी के नेतृत्व में एएसआई मुबारिक अली व पुलिस टीम ने हिस्ट्रीशीटर अरविंद व मनोज महला सहित गिरफ्तार 7 आरोपियों को मंडी सर्किल से रेलवे स्टेशन तक तथा कसेरू व डूमरा में शिनाख्त परेड करवाई। टीम में थानाधिकारी रमेश, एएसआई मुबारिक अली, एचसी दामोदर प्रसाद, शकील, दलीप सिंह, राजकुमार, बनवारीलाल, मुल्तानाराम, रजतकुमार, हरकेश शामिल थे।

# एम्बूलेंस में गोवंश की तस्करी पकड़ी

**दौसा,** (निसं)। पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए गो तस्कर नित नए हथकंडे अपना रहे हैं। लग्जरी कार में गो तस्करी की वारदात के बाद अब एम्बूलेंस में गो तस्करी पकड़ी गई है। एंबुलेंस में गोवंश को भरकर ले जा रहे गो तस्करों का सोमवार रात पुलिस द्वारा पीछा करने पर टायर पंक्चर हो गया। इससे तस्कर एंबुलेंस को छोड़कर फरार हो गए। लवाण थाना पुलिस ने बनियाना आईटीआई के समीप खड़ी मिली एम्बूलेंस में गौवंश को बरामद कर सुरक्षित गौशाला भेज दिया। एम्बुलेंस वाहन बोलेरो से एक देशी कट्टा भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार रात करीब सवा तीन बजे कन्ट्रोल रूम से सूचना मिली कि एक गाड़ी बोलेरो जिस पर एम्बूलेंस लिखा है जिसके नम्बर नहीं हैं। पुलिस द्वारा पीछा करने पर ढि गारिया से ओझल हो गयी है। इस पर लवाण थानाधिकारी गोपाललाल ढिगारिया पहुंचे। जहां मुखबिर से सूचना मिली कि गोवंश से भरी एम्बूलेन्स बनियाना आईटीआई कॉलेज पास श्यामवाली से मटवास जाने वाली रोड पर सुनसान जगह खडी है।

■ टायर पंक्चर हुआ तो फरार हुये तस्कर

मौके पर पहुंचे तो एंबूलेंस के ड्राइवर साइड का पीछे वाला टायर पंक्चर था। मौके पर ग्रामीण मौजूद थे। गाड़ी के आसपास तलाश किया तो कोई चालक नहीं मिला। गाड़ी की तलाशी ली गई तो एम्बूलेन्सनुमा बोलेरो वाहन में एक गाय के बेरहमी से मुंह व पैर बंधे हुए मिले। कंडक्टर सीट पर एक देशी कट्टा एवं ड्राईवर सीट के नीचे नीली बत्ती मिली, जिनको मौके पर जब्त किया गया। गौवंश को उपचार के बाद गौशाला में सुरक्षित छोड़ा गया।

# साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार, एक नाबालिग डिटेन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत गंगापुर सिटी साइबर टीम की मदद से पुलिस ने दो लोगों गिरफ्तार कर एक नाबालिग को डिटेन किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा ने बताया कि साइबर सैल प्रभारी विजय सिंह मीना के नेतृत्व में साइबर टीम गंगापुर सिटी द्वारा ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत कार्रवाई करते हुए लड़की बनकर ऑनलाइन अनजान लोगों को वाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम के माध्यम से प्रति मिनट के चार्ज पर न्यूड वीडियो एवं फोटो दिखाकर ठगी करने वाले अब तक चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से पांच मोबाइल फोन, चार बैंक पासबुक, दो एटीएम, एक चेक बुक एवं विभिन्न लोगों के पहचान संबंधी कागजात बरामद किए गए हैं। अभियुक्तों के बैंक खातों में ठगी के शिकार लोगों से क्रेडिट हुए लाखों रुपयों का फोनपे, गूगल पे के माध्यम से ट्रांजेक्शन मिला है।

# बॉर्डर से सटे खेत में युवक की गोली मारकर हत्या

**श्रीगंगानगर** (निसं)। भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे दौलतपुरा गांव के एक युवक की गोली माकर हत्या कर दी गई। यह घटना रात करीब एक बजे के आसपास हुई। इस हत्याकांड से सरहदी क्षेत्र के ग्रामीणों में खलबली मच गई। सूचना मिलने पर मटीलीराठान पुलिस की टीम पहुंची। इस युवक की छाती पर दो गोली जबकि एक गोली माथे पर मारी गई है।

जानकारी के अनुसार दौलतपुरा गांव निवासी 23 वर्षीय प्रदीप तरड़ पुत्र रणजीत तरड़ का शव अंतर्राष्ट्रीय सीमा की ओर से जाने वाले रास्ते से चंद कदम दूर मिला है। इस युवक का खेत भी बॉर्डर से सटा हुआ है। देर रात को वहां आने की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है, लेकिन ग्रामीणों ने इस हत्या के पीछे बीएसएफ की भूमिका बताई है। घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि जब तक इस युवक का पोस्टमार्टम नहीं होता तब तक यह हकीकत सामने नहीं आएगी। जिस हथियार से गोली लगी हैं, उसके कारतूस का मुआयना करने के बाद ही यह स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि यह बीएसएफ की ओर से फायरिंग हुई है या कोई अन्य व्यक्ति अपनी रंजिश निकालने के लिए उसे बुलाया और फायर ठोक दिए।

एसपी ने बताया कि यह युवक अपनी बाइक लेकर गांव से अपने खेत की ओर से आ रहा था। तब रात करीब एक बजे के आसपास किसी ने उसे पर फायरिंग कर दी। उसके पास एक मोबाइल फोन भी था। डॉग स्कवायड की टीम ने घटना स्थल से चंद कदम आगे उसका मोबाइल फोन बरामद किया हैं। इस मोबाइल के माध्यम से कॉल के बारे में छानबीन करवाएंगे। किसी ने उसे कॉल करके खेत के पास बुलाया या अन्य कारणों जो भी हुए हैं वे जांच के बाद ही खुलासा हो सकेंगे।

# युवक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। गांव मांगला के नजदीक पानी के कुंड में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि रमन सोनी निवासी वार्ड नंबर 32 ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि पांच अगस्त को शाम 3.30 बजे वह तथा उसका भाई हेमंत किशनपुरा स्थित अपने खेत को देखने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। मांगला गांव के पास पहुंचने पर हेमंत ने मोटरसाइकिल रोक ली और उसे कहा कि प्यास लगी है। रोड के साइड पर बने कुंड से पानी पीने चला गया तथा तभी वह कुंड में गिर गया। यह देखकर अपने भाई बचाने के लिए दौड़ा तथा शोर शराबा किया तो मांगला गांव की ग्रामीण वहां पहुंचे और उसके भाई को कुंड से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया था।

# शिवांश का नाम इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज




शिवांश काबरा को शिव तांडव स्त्रोत गायन पर पुरस्कार मिला।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के आरसी व्यास निवासी सुनीता भैरूलाल काबरा के पौत्र साढ़े चार वर्षीय शिवांश काबरा ने भगवान शिव पर रचित शिव तांडव स्त्रोत पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड बनाया है। शिवांश की इस उपलब्धि पर उन्हें मेडल और सर्टिफिकेट से नवाजा गया है। सुनीता-भैरूलाल काबरा ने पौत्र शिवांश के शिव तांडव स्त्रोत गायन पर इंटरनेशनल बुक रिकॉर्ड में दर्ज नाम दर्ज होने पर समारोह आयोजित किया, जिसमें शिवांश काबरा द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही शिवांश के वीडियो की झलक दिखाई गई।

समारोह को राधेश्याम चेचाणी, महेश प्रगति सेवा संस्थान अजमेर के चेयरमैन श्रीगोपाल राठी, पूर्व सभापति ओम नराणीवाल, कैलाश कोठारी, श्याम सुंदर सोमाणी सहित कई समाजजनों ने संबोधित किया। इस अवसर पर अरबन बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद राय लढा, समाजसेवी रतन संचेती, माहेश्वरी समाज जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, नगर युवा संगठन अध्यक्ष अर्चित मूंदड़ा भी उपस्थित थे। स्वाति-अभिषेक काबरा के सुपुत्र शिवांश काबरा का पूर्व भी में भी राम स्तुति का वीडियो जारी हुआ था। शिवांश रोजाना परिवार जनों से धार्मिक एव प्रेरणादायक कहानियां सुनना पसन्द करता है। इसके साथ ही शिवांश काबरा को संगीत व नृत्य में भी विशेष रुचि है।

# युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र की दादाबाड़ी क्षेत्र में जमीन विवाद और पारिवारिक कलेश के चलते एक युवक ने आत्महत्या करने का प्रयास किया।

पुलिस के अनुसार दादाबाड़ी क्षेत्र निवासी लोकेश (32) पिता गोविंद खटीक ने जमीन विवाद और पारिवारिक कलेश से परेशान होकर घर पर ही चूंहे मारने की दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने के बाद परिजन उसे एमजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां भर्ती कर उसका उपचार किया। पुलिस बयान में लोकेश ने बताया कि पुस्तैनी जमीन को लेकर बहिनों और परिवार के अन्य लोगों से विवाद चल रहा है। आए दिन होने वाले झगड़े और पारिवारिक कलेश से परेशान होकर उसके आत्महत्या की कोशिश की। समय रहते परिजनों को जानकारी मिलने के बाद तत्काल लोकेश को एमजी हॉस्पिटल लाया गया, जहां उसे भर्ती कर लिया।



परिजनों ने युवक को एमजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

**अजमेर में कार से आभूषण व मोबाइल चोरी :-** गंज थाना क्षेत्र स्थित अजयपाल बाबा के मंदिर में दर्शन करने गई महिला श्रद्धालु की कार से अज्ञात चोर सोने-चांदी के आभूषण सहित दो मोबाइल चुरा ले गए। पीड़िता ने गंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गंज थाने के एएसआई हनुमान सिंह ने बताया कि फॉयसागर रोड निवासी मधु कंवर अपनी बहन और बहनोई के साथ अजयसर स्थित अजयपाल बाबा के दर्शन करने गए थे। मंदिर परिसर से कुछ दूरी पर उन्होंने अपनी कार पार्क की थी। मंदिर से लौटने के बाद कार के गेट का लॉक टूटा पाया। मधु कंवर ने पुलिस को बताया कि कार में कीमती सोने-चांदी के आभूषण और दो मोबाइल फोन रखे थे। अज्ञात चोरों ने कार के गेट का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

■ जमीन विवाद और पारिवारिक विवाद के चलते कदम उठाया

# दो बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना में बालश्रम करवाने पर पुलिस ने देर शाम को कार्रवाई करते हुए चाट की दुकान के संचालक को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने दो बाल श्रमिकों को भी मुक्त करवाकर व्यापारियों को बाल श्रम नहीं करवाने के निर्देश दिए हैं।

थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि चिल्ड्रन फाउंडेशन के आशीष सोनी ने थाने पर उपस्थित होकर सूचना दी कि सिंघाना कस्बे में व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों पर बच्चों द्वारा मजदूरी कर उनका शोषण किया जा रहा है, जो सरकार के नियमों के खिलाफ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी राजर्षि राज वर्मा ने एक विशेष टीम का गठन कर कस्बे की दुकानों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस की टीम ने कस्बे की दुकानों पर बाल श्रम को लेकर तलाशी अभियान चलाया गया।

कस्बे के बाइपास सर्किल पर चाट की दुकान पर दो बाल श्रमिक काम करते पाए गए। इस दौरान जब पुलिस की टीम ने चाट की दुकान के संचालक से बच्चों से करवाई जा रही मजदूरी को लेकर पूछताछ की गई तो वह संतुष्ट जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस ने बाल अधिनियम में कार्रवाई करते हुए चाट की दुकान संचालक आबैरेया उत्तर प्रदेश निवासी महेश पुत्र रामकिशोर को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने दुकान पर काम कर रहे दो बाल श्रमिकों को मुक्त करवा उनके घर भेजा गया।

# आदेश के एक साल बाद भी दिव्यांग को नियुक्ति नहीं देने पर हाइकोर्ट गंभीर

## कॉलेज शिक्षा राजस्थान के आयुक्त को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए

**जोधपुर,** (कासं)। आदेश के एक साल बाद भी दिव्यांग को नियुक्ति नहीं देने पर हाइकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाते हुए चार सितंबर तक नियुक्ति नहीं देने पर कॉलेज शिक्षा राजस्थान के आयुक्त को व्यक्तिगत कोर्ट में हाजिर रहने के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा कॉलेज शिक्षा विभाग में सहायक आचार्य (अर्थशास्त्र) के विज्ञापित पदों के विरुद्ध श्रवण बाधित श्रेणी विशेष योग्यजन दिव्यांग हेतू आरक्षित एक पद के लिए अंतिम रुप से चयनित याची सत्यरंजन का नाम आरपीएससी ने कॉलेज शिक्षा विभाग को नियुक्ति हेतू भेज देने के बावजूद नियुक्ति नहीं देने पर राजस्थान हाईकोर्ट की मुख्य पीठ में चुनौती दी गई थी। एकल पीठ ने मई 2023 में रिट याचिका स्वीकार करते हुए आदेश दिया था कि निदेशालय कॉलेज शिक्षा विभाग जयपुर के आयुक्त याचिकाकर्ता को एक दिसंबर 2022 से समस्त नोशनल परिलाभ सहित चार सप्ताह के भीतर नियुक्ति दें। राज्य सरकार ने दिव्यांग याची को सिर्फ इस आधार पर आरक्षण का लाभ देने से इनकार कर दिया था कि वह कर्नाटक राज्य का रहने वाला है। एकलपीठ के समक्ष राज्य सरकार की दलील यह रही कि राजस्थान राज्य से बाहर के दिव्यांग को आरक्षित पदों के विरुद्ध नियुक्ति दे देने से भारी अन्याय हो जाएगा तथा दिव्यांग का आरक्षण वर्टीकल (लम्बवत) आरक्षण होने से जाति आधारित आरक्षण के सिद्धांत इसपर लागू होंगे।

याची के अधिवक्ता अधिवक्ता यशपाल खिलेरी ने बताया कि दिव्यांग को प्रदत्त आरक्षण एक सामाजिक उत्थान के रूप में कल्याणकारी कानून अंतर्गत दिया जा रहा क्षैतिज आरक्षण है और राज्य सरकार की ओर से इसे वर्टीकल आरक्षण माना जाना ही गैरक़ानूनी हैं। जाति आधारित आरक्षण में व्यक्ति का निवास स्थान महत्वपूर्ण होता है लेकिन दिव्यांग को दिए जाने वाले आरक्षण में जाति या समाज का कोई महत्व नहीं होता है। सरकार का कृत्य विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 के मूल उद्देश्य और प्रस्तावना के ही प्रतिकूल है। न्यायाधीश विनित कुमार माथुर ने रिट याचिका स्वीकार कर चार सप्ताह में नियुक्ति देने के आदेश दिए थे। समान प्रकरण में राजस्थान हाइकोर्ट की खण्डपीठ द्वारा राज्य सरकार की अपील दस हजार रुपए की कॉस्ट के साथ ख़ारिज कर देने के बावजूद आज दिन तक नियुक्ति आदेश जारी नहीं करने पर अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने इसे गंभीर मानते हुए अगली सुनवाई तिथि तक याचिकाकर्ता को सहायक प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) पद पर नियुक्ति नहीं देने की स्थिति में आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान सरकार जयपुर को न्यायालय के समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित रहने के निर्देश दिए। आगामी सुनवाई चार सितंबर को होगी।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा

**अजमेर,** (कासं)। अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला शाखा अजमेर के प्रदेशव्यापी आव्हान पर जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। वहीं जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम मांग सौंप कर मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला शाखा अजमेर की अध्यक्ष विजय लक्ष्मी ने कलेक्टर डॉ. दीक्षित को दिए ज्ञापन के पश्चात मीडिया को बताया कि केंद्र सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की है। अतः न्यूनतम मजदूरी 18 हजार रुपए प्रति माह की जाए, वर्तमान में केंद्र व राज्य सरकार का मानदेय अलग-अलग जमा होता है। केंद्र सरकार का छह माह का मानदेय बकाया है, जबकि अन्य प्रदेशों में एक साथ मानदेय जमा होता है, प्रदेश में इसे लागू किया जाए, प्रत्येक माह एक से पांच तारीख तक जमा करवाने के लिए विभाग को पाबंद किया जाए, सेवानिवृत्ति पर ग्रेज्यूटी प्रदान की जाए, प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सेवानिवृति पर ग्रेज्यूटी के रूप में तीन लाख रूपये एकमुश्त दिलाने एवं पेंशन के रूप में 5 हजार रुपए प्रतिमाह दिलाने का आदेश प्रदान करने की मांग की। विजयलक्ष्मी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर घटिया एवं बदबूदार पोषाहार दिया जा रहा है। इस पोषाहार को बन्द कर पूर्व के पोषाहार समूह द्वारा चलाया जाए।




आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा।

■ भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला शाखा अजमेर ने मांगों के निराकरण की मांग की

## संक्षिप्त

### स्तनपान के बारे में जानकारी दी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम नावलाई आंगनबाडी केंद्र नावलाई पर 1से 7 अगस्त तक चलाया गया अभियान के तहत पर स्तनपान दिवस का आयोजन किया गया। आंगनवाडी कार्यकर्ता सुमन जांगिड ने बताया कि इस अवसर पर महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण कर नन्ही परी तान्या शर्मा का जन्म दिवस भी मनाया गया। सभी गांव की गर्भवती धात्री, किशोरी बालिका अन्य महिला उपस्थित हुई। कार्यकर्ता जांगिड एवं ए एन एम बहन द्वारा सभी महिलाओं को स्तनपान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित महिला सुनीता शर्मा, मनी देवी, पूनम शर्मा, स्कूल की अध्यापिका वसुंधरा देवी एवं राजबाला मीणा व ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**मनोहरपुर, (निसं)।** उपखंड के त्रिवेणी धाम स्थित सैन समाज की धर्मशाला में मंगलवार को एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए। इस दौरान अतिथियों ने संस्था सदस्यों को घर में एक-एक पौधा लगाकर उसको जीवित रखने के लिए नियमित पानी व देखरेख करने का संकल्प भी दिलाया गया। केश कला विकास प्रबंधन संस्थान, सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष बंजरग सैन,16 सैन पंचायत प्रभारी विनोद कुमार सैन ने सैन धर्मशाला परिसर में एक पौधा लगाकर पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश सैन, ओमप्रकाश सैन ने विद्यार्थियों से कहा कि पेड पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं व वायु की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। वृक्षारोपण से प्रदूषण कम होता है, जिससे आने वाली पीढि यों का जीवन अधिक सुरक्षित रखने में कारगर होगा।

### उकेरी आकर्षक चित्रकारी

**निवाई, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसडी रामपुरा के शिक्षक सत्यनारायण कुम्हार विद्यालय के सौंदर्यीकरण अभियान को लेकर विद्यालय की चारदिवारी एवं विद्यालय भवन पर आकर्षक चित्रकारी उकेर रहे हैं। जिससे विद्यालय की शोभा देखते ही बनती है एवं बाहर से निकलने वाले राहगीर एवं ग्रामीण भी सौंदर्यीकरण की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हैं। शिक्षक सत्यनारायण विद्यालय के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होकर विद्यालय समय के अतिरिक्त भी समय देकर यह कार्य करते हैं। प्रधानाध्यापक सूरजमल बैरवा ने बताया कि वह विद्यालय में रंगरोगन, आकर्षक चित्रकारी के साथ दीवारों पर शिक्षण सहायक सामग्री निर्माण भी करते हैं। जिससे बच्चे रुचि के साथ सीखते हैं। इस कार्य के लिए शिक्षक सत्यनारायण बूंदी जिला कलेक्टर एवं निवाई उपखंड अधिकारी से भी सम्मानित हो चुके हैं।

### बसई में आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा

**कोटपूतली, (निसं)।** ग्राम पंचायत बसई के जाहिदपुरा में मिनी आंगनबाडी केंद्र को मुख्य केंद्र में क्रमोन्नत किए जाने पर एड. मनोज चौधरी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सतपाल यादव का आभार जताया। ग्रामवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी जिसके लिए चौधरी ने पहले ही एक ज्ञापन सौंपा था। उपनिदेशक सतपाल यादव ने बसई पंचायत का दौरा किया और विभिन्न आंगनबाडी केंद्रों की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान मनोज चौधरी ने महिला कार्यकर्ताओं के मानदेय और अन्य समस्याओं के बारे में उपनिदेशक को अवगत कराया। उन्होंने ग्राम पंचायत बसई में एक और आंगनबाडी केंद्र खोलने की भी मांग की। उपनिदेशक यादव ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

### कावड़ के जल से किया जलाभिषेक

**निवाई, (निसं)।** वैष्णो देवी मंदिर बनास पुलिया टोंक से कावड यात्रा पूजा अर्चना के साथ चतरनाथ बाबा कारोला के लिए रवाना हुई। कावड यात्रा का कारोला गांव में पहुंचने पर लोगों ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद कावड यात्रा में श्रद्धालुओं ने मेरा शिव सन्यासी खो गया व कावडियों के मेले में श्रद्धालु अनेक सहित कई भजनों पर जमकर भक्ति नृत्य किया। कावड यात्रा सोमवार की शाम चतरनाथ बाबा शिवालय पहुंची। जहां कावडियों ने पूजा अर्चना के साथ शिवालय में कावड के जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर महेश योगी, पारस योगी, सूरजमल योगी, हेमराज योगी, नाथू योगी व कुणाल योगी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# केबिनेट मंत्री ने मालपुरा में बाढ़ के हालातों का लिया जायजा, सुनी समस्याएं

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा क्षेत्र में हुई भारी बारिश से मची तबाही के मंजर व बाढ के हालातों से क्षेत्र के दर्जनों गांवों में चींख पुकार शुरू हो गई वही प्रशासन से राहत की आवाज उठ रही है। वही मंगलवार को मालपुरा पहुंचे केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने टोरडी सागर बांध का जायजा ले मैहरू, शेरगढ सहित आधा दर्जन से अधिक बाढ प्रभावित गांवों में पहुंच पीडित ग्रामीणों से मुखाबित हो समस्याऐं सुनी व जलमग्न हुये गांवों के हालात देखने के बाद मंत्री ने मौजूद प्रशासन अधिकारियों को तत्काल गांवों में राहत कार्य शुरू करने तथा पानी में फंसे ग्रामीणों व बेजुबान जानवरों को सुरक्षित निकाल राहत पहुंचाने के निर्देश दिये है।


केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मालपुरा पहुंच बाढ़ के हालातों का जायजा ले अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

वही मंत्री ने अधिकारियों को हिदायत देते हुये कहा कि क्षेत्र के किसी भी गांव-ढाणी में रेस्क्यू पर राहत कार्य के लिये संसाधन व अन्य आवश्यकता होने पर अवगत कराये। तत्काल वो स्वंय उन्हे संसाधन उपलब्ध करवा देगें। बांध पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के दौरान मंत्री ने बताया कि रियासत काल में बरसाती पानी का एकत्रीकरण करने तथा किसानों को सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध करवाने के उदेश्य को लेकर वर्ष 1887 में टोरडी सागर बांध का निर्माण करवाया गया था। वर्ष 1996 में बांध की चादर चलने के बाद सोमवार को एक बार फिर बांध ऑवरफ्लो होकर चादर चली है। ऐसे में इस अदभूत नजारे को देखने के लिये आमजन बांध के पास आने के बजाय अन्य लोगों को भी बांध की और आने से रोके। पानी के बहाव क्षेत्र व रपटों पर जाने से बचे। सरकारी विभाग से मिले आंकडो पर नजर डाले तो भारी बारिश के बाद टोरडी, चांदसेन, केरवालिया, कलमंडा, सहोदरा, लाम्बाहरिसिंह रामसागर, घारेडा व ढीबरू बांध ओवरफ्लो होकर चादर चल रही है। इंदोली पंचायत के तांतिया तालाब, सदरपुरा मॉडल तालाब, बागडी तालाब, नागफणी बांध, रूपाहेली तालाब व सोडा बावडी की गौशाला नाडी खतरे के निशान से ऊपर है जो कि कभी भी छलक सकती है। मंगलवार को टोरडी डाक बंगले के पास ढाणी में पानी भर जाने से फंसी दो महिलाओं को रैस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों का एक-दूजे से सम्पर्क कट जाने व पानी से गांव लबालब भर जाने से हालात बिगडे हुये है। कलमंडा का सरकारी स्कूल दो दिन से टापू में तब्दील है तो डुंगरी की गुंजा ढाणी तालाब में तब्दील हो रही है। क्षेत्र में बाढ के हालातो व नदी नालो में उफान एवं बांधों की चल रही चादर से तेज हुये पानी के बहाव को देखते हुये कार्यवाहक एसडीएम कपिल शर्मा ने आदेश जारी कर मालपुरा से टोडारायसिंह व केकडी सहित जयपुर मार्ग व घाटी होते हुये टोंक मुख्यालय से जुडे मार्ग पर यातायात रोककर आवागमन बंद कर दिया गया है। वही लाम्बाहरिसिंह से उनियारा, नगर, मोरला से दडावट, रामपुरा बास से बागडी, मालपुरा से डिग्गी वाया पीनणी, मार्ग पर आवागमन बंद करने के आदेश जारी किये गये। टोरडी सागर बांध के ओवरफ्लो पानी के तेज बहाव में पलटी रोडवेज बस व चालक सहित सहोदरा नदी के उफान में बागडी रपटे के पास तेज बहाव में लुप्त हुई दो महिलाओं का दो दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा तथा 20 घंटे से अधिक एसडीआरएफ टीम के जवान बस चालक मुकेश बलाई निवासी दतोब व सहोदरा नदी के बहाव क्षेत्र बागडी रपटे पर पानी में लुप्त हुई रामपुरा बास निवासी 16 वर्षिय अन्नू जांगिड व भवानीपुरा निवासी 33 वर्षिय विमला खारोल की तलाशी के लिये मंगलवार की देर शाम एसडीआरएफ टीम ने पानी में बही महिला विमला खारोल के शव को निकालने में सफलता हासिल की।

**■ ओवरफ्लो पानी में बहे रोडवेज चालक व दो महिलाओं की तलाश जारी**

### मुख्यमंत्री का जताया आभार

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी सरकार के पहले बजट में ही श्रीयादे माटी कला बोर्ड को 2 बडी घोषणाएं करने पर मंगलवार को श्रीयादे माटी कला बोर्ड द्वारा मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरे कुम्हार कामगार समाज का मान सम्मान बढ या और कामगारों के उत्थान के लिए श्रीयादे माटी कला सेंटर आफ एक्सीलेंस व 1000 विधुत चलित चाक और मिट्टी गूंथने की मशीनों के लिए बजट घोषणाए किए जाने पर कुम्हार समाज की ओर मुख्यमंत्री शर्मा का आभार जताया। कोटपूतली कुम्हार समाज के लोग मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर बधाई संदेश पत्र भेट किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राजेश प्रजापति, समाजसेवी राधेश्याम प्रजापति, धर्मवीर कुमावत सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# ई-गिरदावरी को लेकर राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा अनुसार एग्रीस्टेक के माध्यम से किसानों को स्वत: फसल गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है जिसमें खसरा जियो टैग होकर ऑनलाईन गिरदावरी इन्द्राज होगी। सरकार की इस घोषणा की पालना में जिला कलेक्टर नीमकाथाना के निर्देशानुसार ई-गिरदावरी के संबंध में मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में राजस्व कार्मिकों यथा भू.अभिलेख निरीक्षक व पटवारी, कृषि विभाग, सूचना प्रौधोगिकी एवं संचार विभाग व राजीविका विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में किसानों की गिरदावरी को ऑनलाईन एप से किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। तहसील श्रीमाधोपुर में कुल 1, 09,461 खसरा नम्बर है जिनकी ई-गिरदावरी एप के माध्यम से की जानी है। उक्त कार्य में भू.अभिलेख निरीक्षक व पटवारियों के सहयोगार्थ ग्राम प्रतिहारी, ई-मित्र संचालक, कृषि मित्र व कृषि सखी शामिल हो सकेगें। उक्त कार्य राज किसान गिरदावरी मोबाईल एप, राज खसरा मोबाईल एप, जनाधार खाता सिडिंग मोबाईल एप के माध्यम से किया जायेगा। राज किसान गिरदावरी मोबाईल एप के माध्यम से किसान स्वंय भी अपनी कृषि भूमि की गिरदावरी कर सकेगा। आयोजित बैठक में अनिल कुमार उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर, जगदीश प्रसाद तहसीलदार श्रीमाधोपुर, रामचन्द्र बाजिया, उपनिदेशक कृषि विस्तार श्रीमाधोपुर, राजीविका व तहसील श्रीमाधोपुर के समस्त भू.अ. निरीक्षक एवं पटवारीगण उपस्थित रहे।


बैठक में किसानों की गिरदावरी को ऑनलाईन एप से किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

# टोरड़ा किलेश्वर महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक

**सिकराय, (निसं)।** श्रावण मास में शिवालय मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों ने कोलाई धाम से 101कावड में जल ले जाकर टोरडा किलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। कावड यात्रा कोलाई धाम मंदिर से गाजे बाजे के साथ भक्तिमय शिव गीतो के साथ सुंदर शिव पार्वती की आकृर्षक झांकी के साथ रवाना हुई।

**■ शिव पार्वती की झांकी सजाई, कावड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत**

कावड पदयात्रा को यात्रा संयोजक महेंद्र गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर मंदिर से रवाना किया। पदयात्रा में झांकी के साथ-साथ शिव भक्ति गीतों पर झांकी में संजाए लोग नाचते गाते हुए चल रहे थे। बहरावंडा, फर्रासपुरा सहित दर्जनों जगह झांकी व कावड पदयात्रियों का स्वागत करके लोगों के द्वारा जलपान करवाया गया। टोरडा मंदिर पर पहुंचते ही गांव के ग्रामीणों ने गांव की सीमा पर सभी कावड पदयात्रियों का स्वागत किया एवं सजाई गई शिव-पार्वती की झांकी की मंगल आरती उतारी। सभी कावड पदयात्रियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। इस दौरान ओम शिव ओमकारा से मंदिर गुंजायमान रहा। मंदिर पर भगवान शिव व पार्वती की झांकी के द्वारा भगवान भोलेनाथ के गीतों पर डीजे की धुन पर नृत्य किया गया। कावड यात्रा में सजाई गई शिव-पार्वती की झांकी में सभी का मनमोह लिया। इस दौरान महेंद्र गुप्ता, महेन्द्र रावत, शुभम् खण्डेलवाल, राजेश जाँगिड, नहरसिंह, प्रहलाद गुप्ता, सचिन शर्मा, जगदीश रावत, गिर्राज शर्मा, सुरेश गुप्ता पूर्व चेयरमैन नगर परिषद दौसा, बृज बिहारी, गोपाल शर्मा, जितेंद्र सैनी, विष्णु नाथ, रणवीर सिंह, मुकेश सोनी, विजय चेतला, मुकेश कसाना, सोनू शर्मा, सियाराम शर्मा, हकीम, पवन, सन्तोष, राहुल रॉय, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


शिवभक्तों ने कोलाई धाम से 101कावड़ में जल ले जाकर टोरडा किलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया।

### घेवर की खुशबू से महक रहे बाजार

**चाकसू, (निसं)।** तीज एवं रक्षाबंधन पर घेवर का नाम सुनते ही मुंह में पानी आने लगता है। सावन के ही महीने में मैदा और घी के मिश्रण से तैयार होने वाले घेवर की बिक्री कस्बे में भी बढ गई है। दुकानदार भी इस बार बेहतर कारोबार होने की उम्मीद में घेवर को बडे स्तर पर तैयार किया हैं। बाजार में हलवाइयों की दुकानें घेवर की खुशबू से महकने लगी है। मिष्ठान भंडार और हलवाइयों की दुकानों पर घेवर खुशबू से सभी को लुभा रहा है। सावन माह में घेवर खाने का रिवाज भी है, इसी को लेकर छोटे-बडे हलवाइयों की दुकान और कारखानों में कारीगर घेवर तैयार करने में जुटे हैं।

मिठाई विक्रेताओं का कहना है कि बिक्री शुरू हो गई। फिलहाल लोग घर पर खाने या किसी को देने के लिए घेवर की खूब खरीदारी कर रहे हैं। वहीं मंगलवार को घेवर की बिक्री में बडा उछाल देखने को मिला। बीएमबी मिष्ठान भंडार के कैलाश गुर्जर ने बताया कि दुकानदारों दो तरह का घेवर बना रहे हैं। एक घेवर सादा है, दूसरा खोखा का हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए : एडीएम

**कोटपूतली, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभागार कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गईं।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य व हर्षोल्लास से मनाने के लिए विभागवार अधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह राजकीय एलबीएस कॉलेज के ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह के सुचारू संपादन के लिए बैठक व्यवस्था, माइक, टेंट, ट्रैफिक व्यवस्था, ध्वजारोहण हेतु व्यवस्था, मंच संचालन, मिनट टू मिनट कार्यक्रम, निमंत्रण पत्र वितरण व्यवस्था, प्रशंसा पत्र एवं मोमेंटो, मार्च पास्ट, परेड, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस एवं मेडिकल टीम के साथ ही अन्य समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विभागवार किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने सभी राजकीय कार्यालयों में निर्धारित समय पर ध्वजारोहण करने तथा कार्यालयों पर रोशनी करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर ने बताया कि मुख्य समारोह में ध्वजारोहण 15 अगस्त को प्रात: 9 बजे होगा। इससे पूर्व जिला कलेक्टर आवास पर प्रात: 8 बजे तथा जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रात: 8 बजकर 30 मिनट पर ध्वजारोहण होगा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को स्टेडियम में सफाई, पानी का छिडकाव सहित अन्य कार्यों की प्रभावी निगरानी रखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस विभाग को कार्यक्रम स्थल सहित क्षेत्र में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग अधीक्षण अभियंता को कार्यक्रम दिवस पर बिजली कटौती नहीं करने तथा अन्य जरूरी बिजली सेफ्टी संबंधित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता को स्टेडियम में अतिथियों व दर्शकों के बैठने, मंच सेफ्टी सर्टिफिकेट सहित आवंटित कार्यों को समय पर पूर्ण रखने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी को पूर्व संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम व परेड के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता को स्टेडियम में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, नगर परिषद कमिश्नर धर्मपाल जाट, सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत, जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता आरएस बंसल, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता गौतम मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ कीर्ति बारोलिया, पशुपालन विभाग के उप निदेशक हरीश गुर्जर सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य व हर्षोल्लास से मनाने के लिए विभागवार अधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**■ स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित**


## सार-समाचार

### भक्तामर अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु



**निवाई, (निसं)।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर पर सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर मण्डल अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने भक्तामर स्तोत्र की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार संयोजक विमल जौंला व चातुर्मास कमेठी अध्यक्ष सुनिल भाणजा ने बताया कि जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज संघ के सानिध्य में 48 दिवसीय भक्तामर अनुष्ठान किया गया जिसमें राजेश जौंला को भगवान भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा करके भक्तामर अनुष्ठान में 48 श्रीफल अर्घ्य संगीत के साथ चढाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। विमल जौंला ने बताया कि पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री के निर्देशन में रिद्धि मंत्रों द्वारा मण्डलजी पर श्रीफल अर्घ्य चढाकर पूजा अर्चना की गई। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में भगवान शांतिनाथ जी के अभिषेक करके शांतिधारा की एवं आचार्य अभिनन्दन सागर महाराज एवं मुनि अनुसरण सागर महाराज की संगीतमय पूजन कर श्रीफल अर्घ्य चढाकर पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सुशील आरामशीन, विमल भाणजा, उपेन्द्र जैन, महावीरप्रसाद पराणा, विष्णु बोहरा, सुनील भाणजा, नेमीचंद सिरस, हितेश छाबडा, नरेश जैन व नवरत्न टोंग्या सहित कई लोग मौजूद थे।

### श्मशान की भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग



**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली के ग्राम नारेहडा के लोगों ने मंगलवार को मोक्षधाम की भूमि पर अतिक्रमण और सुरक्षा की समस्याओं को लेकर एसडीएम बृजेश चौधरी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि मोक्षधाम में कई पेड-पौधे लगे हुए हैं, जिनकी सुरक्षा और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने के लिए चारदीवारी लगवाना आवश्यक है। इस समय अतिक्रमण की वजह से मोक्षधाम में आवारा पशु घुस आते हैं, जो पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके अलावा, मोक्षधाम असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। 4 अगस्त को आयोजित सर्व समाज की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि मोक्षधाम की भूमि पर अतिक्रमण हटवाकर चारदीवारी बनाई जाए। ग्रामीणों ने एसडीएम से निवेदन किया कि शीघ्र ही भूमि का सीमाज्ञान कर चारदीवारी लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि मोक्षधाम की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और अनैतिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान डॉ. एनएस कांवत, रूपेश शर्मा, मक्खनलाल मीणा, लक्ष्मीनारायण, कमल मीणा, रमाकांत, बनवारी, संजय खटीक, सुरजन मीणा, राजेश, शंकरलाल, अजय बडग़ुर्जर, संजय, संतोष, सतीश, और शंकर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर भण्डारे का आयोजन

**कोटपूतली, (निसं)।** स्वयंसेवी संस्था आओ साथ चलें द्वारा कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में आयोजित किये जा रहे प्रसाद्म अभियान में मंगलवार को रमेश चन्द्र शर्मा (जांगिड) की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पुत्र रोहित शर्मा निवासी कानपुरा (हाल निवासी दिल्ली) द्वारा भण्डारे का आयोजन करने के साथ ही 1.25 क्विंटल की पुडिया अलवर तिराया पर बंदरों को खिलाई गई। उल्लेखनीय है कि संगठन के राष्ट्रीय संयोजक विष्णु मित्तल की पहल पर विगत 5 जुलाई 2019 से उक्त अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय संयोजक आनंद मित्तल ने बताया कि अभियान में लोग जन्मदिवस, पुण्यतिथि, वर्षगांठ सहित अन्य उल्लेखनीय दिवसों पर स्वयं की ओर से भण्डारे का आयोजन कर रहे हैं। उक्त अभियान को क्षेत्रवासियों की काफी सराहना मिल रही है। साथ ही बडी संख्या में लोग भी इससे जुड रहे हैं। इस मौके पर पूरन चंद शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, रोहित शर्मा, आनंद मित्तल, नरेश सैनी, अशोक अवाना, धर्मसिंह सैनी, हरिकिशन जांगिड़ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# एसपी ने पुलिस थाना पनियाला का किया वार्षिक निरीक्षण


पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा द्वारा पुलिस थाना पनियाला का वार्षिक निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना का भ्रमण कर साफ सफाई व रिकार्ड संधारण का अवलोकन कर जरूरी निर्देश दिये गये।

**कोटपूतली, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक जिला कोटपूतली-बहरोड वन्दिता राणा आईपीएस द्वारा पुलिस थाना पनियाला का वार्षिक निरीक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नेमसिंह, थानाधिकारी पनियाला मोहरसिंह उपनिरीक्षक की मौजूदगी में किया गया। जिसमें थाना का भ्रमण कर साफ सफाई व रिकार्ड संधारण का अवलोकन कर सुव्यवस्थित तरीके से संरक्षित करने के निर्देश दिये गये।

थाना पनियाला पर सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी की मीटिंग ली जाकर युवाओं में सोशल मीडिया के गलत उपयोग वनशे की लत से दूर रखने, चोरी की वारदातों की रोकथाम हेतु सजग रहने, साईबर अपराधों की जानकारी दी जाकर जागरूक रहने व प्रलोभन में नहीं आने, महिलाओं व बच्चों, कमजोर वर्ग व्यक्तियों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गयें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नेमसिंह द्वारा हैलमेट का उपयोग करने, हरियाली पर्व पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, पुलिस का अपेक्षित सहयोग करने की अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा द्वारा थानाधिकारी पनियाला के साथ अपराधिक आंकडों की समीक्षा करते हुऐ लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्यवाही में वृद्धि करने, पुराने पैण्डिंग प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारण करने, पैण्डेंसी निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप रखने के निर्देश दिये गये। उपस्थित पुलिस कार्मिकों को न्यू क्रिमिनल लॉ 2023 में प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने नवीन अनुसंधानिक प्रक्रियानुसार कार्यवाही कर पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार विभिन्न वेब पोर्टलों पर डाटा अपलोड करने के निर्देश दिये गये। पुलिस थाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

## संक्षिप्त

### विजय सैनी सदस्य मनोनीत

**शाहपुरा, (निसं)।** न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ ग्रामीण के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मीणा पावटा ने महामंत्री देवीलाल बैरवा की सहमति से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए शाहपुरा जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार विजय सैनी को प्रदेश कार्य समिति सदस्य के पद पर मनोनीत किया है। पत्रकार सैनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व महामंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। सैनी को प्रदेश के पत्रकारों ने बधाई दी है।



विजय सैनी

### खाद्य सुरक्षा जांच दल ने लिये सैम्पल

**मालपुरा, (निसं)।** आगामी 11 से 15 अगस्त तक तीर्थ स्थल डिग्गी में आयोजित डिग्गी कल्याणजी के 59वें लक्खी मेले से पूर्व शुद्ध के लिये युद्ध अभियान के तहत कार्यवाही करते हुये मंगलवार को डिग्गी पहुंचे जांच दल ने आधा दर्जन दुकानों से एक दर्जन खाद्य सामग्री के सैम्पल ले जांच के लिये भेजा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर के नेतृत्व में पहुंची टीम ने डिग्गी कस्बे में आधा दर्जन दुकानों से मावा, पनीर, काजू मूंग दाल सहित मावे से निर्मित मिठाई व खाद्य सामग्री के एक दर्जन सैम्पल ले जांच के लिये भेजा। गुर्जर ने बताया कि कल्याण भक्तों व आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिये टीम लगातार कार्यवाही करेगे।

### दादू आश्रम पर सत्संग ज्ञानयज्ञ जारी

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के श्रीराम नगर स्थित श्री दादू आश्रम पर संत रामप्रकाश स्वामी के सानिध्य में चल रहा त्रयोदशी श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव, चातुर्मास सत्संग ज्ञानयज्ञ समारोह लगातार जारी है। दादू आश्रम के व्यवस्थापक धर्मेन्द्र दास स्वामी ने बताया कि समारोह में व्यासपीठ से संगीताचार्य संत रामप्रकाश स्वामी ने प्रात: 10 बजे से 12 तक श्री ज्ञान यज्ञ, श्रीमद् दादूवाणी, प्रवचन, सत्संग के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि दादू सुखरित मारग चलता बुरा कबहु न होय, यह वक्तव्य श्रीमद् दादूवाणी के महान ठांथ से संत शिरोमणि दादू दयाल जी महाराज कहे है, संत रामप्रकाश महाराज ने सत्संग के दौरान बताया कि जिस प्रकार अमृत पीने वाला कभी मरता नहीं वह अमर हो जाता है। ऐसे ही सुखद के मार्ग पर चलने वाला मोक्ष को प्राप्त करता है। यानी उसका कभी अनिष्ट नहीं होता। साथ ही उन्होंने कहा कि साधक को ईश्वरीय साधना का चिंतन करते हुए परमात्मा में विश्वास कर स्मरण करना चाहिए। वहीं उन्होंने बताया कि सत्संग श्रवण की इच्छा श्रद्धा भागवत कथा में रुचि रखने से ही परमात्मा की कृपा मिलती है। इस मौके पर सैकडों नर नारी उपस्थित थे।

### शिवालयों में चले रुद्राभिषेक के दौर

**चाकसू(निसं)।** सावन के महीने में कस्बे के शिवालयों में भगवान शिव के रुद्राभिषेक और पूजन के दौर चल रहे हैं। घर-घर और शिवालय हर-हर महादेव, बम -बम भोले और रुद्राष्टध्यायी पाठ व पंचाक्षरी मंत्रों से गूंजते रहे। शिवभक्तों ने महादेव की प्रसन्नता व इच्छित फल की प्राप्ति के लिए विभिन्न द्रव्यों से भगवान शिव का अभिषेक, पूजन, श्रृंगार कर आरती की। कस्बे के मनोहर तालाब स्थित ध्यानेश्वर महादेव मंदिर में समाजसेवी दिनेश शर्मा एवं श्रद्धालुओं की ओर से क्षेत्र की खुशहाली और सुख संपत्ति की कामना के लिए महादेव का रुद्राभिषेक हुआ। पंडित जगदीश शर्मा के सानिध्य में रुद्राष्टध्यायी पाठ के मंत्रोच्चारण के बीच अभिषेक हुआ। क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा कृषि मंडी पूर्व उपाध्यक्ष शर्मा राम प्रकाश शर्मा राजेंद्र शर्मा महेश आदि रुद्राभिषेक में शामिल हुए। महादेव का पूजन, श्रृंगार, आरती की गई व प्रसाद का वितरण किया गया।

### आज होगा विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण

**पावटा, (निसं)।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान एवं एक पेड मां के नाम अभियान के तहत बुधवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक कुलदीप धनकड द्वारा सुबह 10 बजे कस्तूरबा गांधी राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय पालडी, सुबह 11 बजे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेड, दोपहर 2 बजे राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेल मैदान गोपाला लाडाकाबास, दोपहर 3 बजे भोमिया जी महाराज पावटा सहित विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया जायेगा।

# युवक की हत्या मामले में चार हमलावर बदमाश गिरफ्तार

- होटल पर बैठे युवक पर किया था हमला
- आरोपियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई थी

**किशनगढबास, (निसं)।** गांव गंज के युवक दीपक उर्फ रवि सैनी की लोहे की रोड से हमला कर हत्या कर देने के मामले में किशनगढबास पुलिस ने 4 हमलावर युवकों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को खैरथल रोड होटल पर युवक दीपक उर्फ रवि सैनी पर जानलेवा हमला कर हमलावर युवक फरार हो गए थे। शनिवार को इलाज के दौरान युवक को मृत घोषित करने के बाद आक्रोशित ग्रामवासियों ने अस्पताल गेट के सामने करीब 3 घंटे तक रास्ता रोके रखा और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर हमलावरों को पकडे जाने की मांग रखी गई थी।

थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि एसपी मनीष कुमार आईपीएस एडीशनल एसपी रतनलाल भार्गव व डीएसपी राजेंद्र सिंह के निर्देशन में गठित की गई टीम ने सीसीटीवी फुटेज व संदिग्ध मोबाइल की सीडीआर का विश्लेषण कर हमलावर युवक अजय सांवरिया पुत्र पप्पू राम मेघवाल निवासी कांकरा, नितिन पुत्र कृष्ण सैनी तिजारा, सुमित पुत्र प्रकाश चंद्र गुर्जर कांकरा, निशांत पुत्र सतीश यादव नंगली पठान किशनगढबास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवकों से मामले की पूछताछ की जा रही है।



किशनगढ़बास पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता पाई।

पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीम में किशनगढबास थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह के साथ कांस्टेबल रघुवर संदीप कुमार जोगिंदर सिंह दिलफूल रहे। थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी युवकों की गिरफ्तार किए जाने में कांस्टेबल रघुवर की विशेष भूमिका रही है।

शुक्रवार को मृतक युवक दीपक उर्फ रवि सैनी के भाई नीरज सैनी ने पुलिस थाना में हमलावर युवकों के विरुद्ध मामला दर्ज कराते हुए बताया कि सायं करीब 5 बजे होटल के ऊपर कमरे में गांव तरवाला निवासी मोहन पाल गुर्जर के साथ बैठा था कि अचानक दो मोटरसाइकिल पर पांच लोग गांव कांकर निवासी रविंद्र गुर्जर, सुमित गुर्जर, नवल मंडार, अजय सांवरीया व गांव भिन्डूसी निवासी निशांत यादव, तिजारा निवासी नितीन सैनी आए। उनके हाथों में लोहे की राड थी जिन्होंने होटल में अंदर घुसकर मेरे भाई दीपक उर्फ रवि को घेर लिया और लोहे की रोड से मारपीट की। शोर सुनी तो नीचे आकर देखा तो दीपक पर लोहे की राड से मारपीट कर रहे थे। मारपीट के दौरान दीपक उर्फ रवि का सिर फट गया व नीचे गिर गया। गांव तरवाला निवासी मोहन पाल गुर्जर ने बीच बचाव किया तो आरोपी सुमित ने मेरे दोनों घुटनों पर लाठी मारी और भाग गए।

### उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कल

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर जिले में आमजन की जनसुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई का कार्यक्रम घोषित किया गया है।

जिला कलेक्टर डॉक्टर खुशाल यादव ने बताया कि माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय, द्वितीय गुरुवार को उपखंड स्तरीय एवं तृतीय गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 8 अगस्त को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई खंडार उपखंड मुख्यालय पर जिला कलेक्टर डॉक्टर खुशाल यादव एवं पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, सवाई माधोपुर मुख्यालय पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर जगदीश आर्य, चौथ का बरवाडा उपखंड मुख्यालय पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरिराम मीणा, मलारना डूंगर उपखंड मुख्यालय पर उपनिदेशक उद्यान एवं बौंली उपखंड मुख्यालय पर संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने सीईओ जिला परिषद, सभी एसडीएम एवं सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं को संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## सार-समाचार

### पर्यावरण सुरक्षा की दिलाई शपथ



**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा तालुका विधिक सेवा समिति उनियारा द्वारा मंगलवार को पर्यावरण की रक्षार्थ एवं सुरक्षा हेतु पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. सुरभि सिंह एवं सिविल न्यायाधीश सुमित्रा कुमारी द्वारा व एपीपी जीतमल मीना ने भी न्यायालय परिसर में पौधारोपण किया गया व उपस्थित जनसमूह को बताया गया कि पर्यावरण के प्रति जागरूक कैसे रहें, पर्यावरण का महत्व, पर्यावरण को बचाने हेतु उपाय, मानव जीवन पर पडने वाला प्रभाव पर्यावरण को बचाने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित जन समूह को एक व्यक्ति एक पौधा गोद की शपथ दिलवाई व नई वन नीति 2023 के बारे में विस्तार से जनसमूह को समझाया गया। जन समूह से ज्यादा वृक्षारोपण करने की अपील की गई तथा पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर अभिभाषक अध्यक्ष कमल कासलीवाल, प्रेमचंद जैन, मोहम्मद लईक, इक़बाल अहमद, शचिदानंद शर्मा, वकील अहमद, मुजमिल सारण, महेंद्र प्रताप वेनी कुमार मीणा सोजीलाल जाट गोविंद शर्मा सहित कई अधिवक्ताओं व समस्त कोर्ट स्टाफ व तालुका सचिव बनवारी यादव उपस्थित थे।

### अवैध मादक पदार्थ जब्त, एक गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थाना पुलिस व डीएसटी द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए करीब 15 लाख रूपए की लागत का 3 किलो अवैध मादक पदार्थ अफिम को जब्त करके एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाडी गांव के समीप हॉटल निरंकार पैलेस एवं गेस्ट हाऊस में छापामार कार्रवाई करते हुए आरोपी दुर्गसिंह पुत्र भवानीसिंह भाटी निवासी राजपुरा कछावा मांडलगढ जिला शाहपुरा को अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार करके आरोपी से 3 किलो अवैध मादक पदार्थ अफिम जब्त की है। उन्होंने बताया कि जब्त अफिम की कीमत करीब 15 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करके मामले में प्रयुक्त बाईक को भी जब्त किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उपचार नहीं मिलने से मरीज की मौत

**टोंक, (निसं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छान पर डॉक्टर नहीं मिलने के कारण ग्राम छान के निवासी रंगलाल चौधरी को उपचार नहीं मिलने के कारण मृत्यु हो जाने पर सम्बन्धित परिजनों द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत के बाद जिला कलेक्टर टोंक ने जांच के आदेश दिये। जिस पर जांच कमेठी गठित कर मृतक के परिजनों एवं डॉक्टर के स्टेटमेन्ट रिकॉर्ड कर घटना के ऑडियो व विडियो के सबूत के साथ कलेक्टर को सबूत पेश किया। परिजनों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है कि सामु.स्वा.केन्द्र छान के डॉक्टर व स्टॉफ बिना छुट्टी के मुख्यालय छोडने की शिकायत आती रहती है तथा भविष्य में ऐसी घटना ना हो इसके बचाव के लिए प्रयासरत रहे। जांच कमेटी में डिप्टी सीएमएचओ व खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी टोंक द्वारा 2 अगस्त के हाजिरी रजिस्ट्रर व अन्य रिकॉर्ड की जाचं किये गये।

### सुशील भावरिया को डॉक्टरेट की उपाधि

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** गाँव गोमावाली निवासी एवं किसान के बेटे सुशील भावरिया को जयपुर के मणिपाल यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में गणित विषय के शोध विषय 'कंट्रीब्यूशन टू वेरियस इन्वेंटरी कंट्रोल मॉडल फॉर बैटरयोरिटिंग आइटम्स विथ डिमांड पैटर्न' टॉपिक पर शोध कार्य पूर्ण करने के अवसर पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने अपना शोध कार्य प्रोफेसर चंद्रशेखर के निर्देशन में पूर्ण किया जिसमें चार रिसर्च अंतरराष्ट्रीय जनरल एवं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में प्रकाशित करवाएं इस अवसर पर होनहार के ताऊजी सिहोडी सरपंच एवं किसान महापंचायत के प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भावरिया, विनायक क्लासेज के निदेशक संयोग भावरिया एवं गाँव वालों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूरे परिवार में खुशी एवं हर्ष का माहौल रहा।

### कॉलेज परिसर में पौधारोपण आज

**निवाई, (निसं)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को राजकीय महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया जायेगा। प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने बताया कि छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए पौधारोपण किया जायेगा। इको क्लब प्रभारी डॉ. प्रभा गुप्ता ने बताया कि बिना पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के हम गुणवत्तापूर्ण और निरोग जीवन के हमारे ध्येय को भी प्राप्त नहीं कर सकते है। उन्होंने बताया कि हमें प्रयत्न पूर्वक जीवन में अधिकाधिक स्थानीय पारिस्थितिकी के पौधारोपण कर उनके परिपालन का दायित्व स्वयं स्वीकार करें। धरती माता के ऋण से उऋण होना भी जरूरी है। इसी के साथ नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

### टोडारायसिंह पालिका ने हटाया पक्का अतिक्रमण

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह शहरी क्षेत्र की वार्ड नम्बर 23 में पालिका की बैसकीमती जमीन पर पक्का निर्माण करवा काबिज अतिक्रमी पर मंगलवार को पालिका प्रशासन का पीला पंजा चला।

जानकारी में सामने आया कि वार्ड नम्बर 23 गुच्छी मौहल्ले में पानी की टंकी के पास पालिका की बेसकीमती जमीन पर साजीद अली पुत्र कबीर अहमद द्वारा कई वर्षो से अतिक्रमण कर मकान का निर्माण करवा कब्जा जमाया बैठा था। मंगलवार को नगरपालिका के अतिक्रमणरोधी दस्ते ने भारी पुलिस जाप्ते के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुये जेसीबी मशीन की सहायता से पक्के अतिक्रमण को ध्वस्त कर मौके पर पालिका भूमि का बोर्ड लगा दिया। पालिका ईओ सुनिल कुमार बैरवा ने पालिका अधिनियम 2009 की धारा 245 के अन्तर्गत अतिक्रमी को नोटिस जारी करने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया।

# एसडीएम ने स्वतंत्रता दिवस बेहतर मनाने को लेकर मांगे सुझाव

- पालिका प्रशासन को साफ सफाई, बिजली पानी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी

**राजगढ, (निसं)।** कस्बे में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर एसडीएम सुश्री सीमा खेतान ने सामाजिक व्यापारिक संस्थाओं के साथ विभागीय प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह को जोश खरोश के साथ मनाए जाने एवं नए लुक को लेकर लोगों से सुझाव मांगे।

एसडीएम ने विभागीय प्रतिनिधियों से राष्ट्रीय पर्व के दौरान सभी विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति ध्वजारोहण के समय होने को लेकर हिदायत दी। राष्ट्रीय पर्व पर विभागीय प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक में रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, राष्ट्रगान का बेहतर प्रस्तुतीकरण के साथ कार्यक्रम का कुशल संचालन करने के लिए बेहतरीन कर्मचारी की व्यवस्था करने की बात कही। स्वतंत्रता दिवस समारोह को बेहतर ढंग से मनाए जाने को लेकर उपखंड अधिकारी ने सभी के सुझाव लिए। कस्बे के गांधी पार्क में 15 अगस्त को प्रात: 8:30 बजे उत्साह एवं उल्लास के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा। इससे पूर्व सभी विभागीय कार्यालय पर पूर्व संध्या पर रोशनी करने का निर्णय लिया गया। व्यापार संघ अध्यक्ष बसंत गुप्ता को सभी प्रतिष्ठानों पर प्रकाश व्यवस्था किए जाने का सुझाव दिया। नगर पालिका प्रशासन को साफ सफाई, एवं बिजली पानी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी। उपखंड अधिकारी ने राष्ट्रीय पर्व को बेहतर ढंग से मनाए जाने को लेकर सभी से सहयोग मांगा।



एसडीएम सुश्री सीमा खेतान ने सामाजिक, व्यापारिक संस्थाओं के साथ विभागीय प्रतिनिधियों की बैठक ली।

इस अवसर पर विकास अधिकारी ललित कुमार, नायब तहसीलदार छोटेलाल मीना, ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी रामगोपाल मीणा, ब्लॉक सीएमएचओ विशाल सिद्ध, एसीबीईओ मौसम मीणा, निजी शिक्षण संस्थान संघ के अध्यक्ष मदन लाल शर्मा, कला संगम के अध्यक्ष किशोर मुखर्जी, जगमोहन शर्मा, लूपिन के गिर्राज शर्मा, थाना प्रभारी रामजीलाल मीणा, सार्वजनिक निर्माण विभाग से सहायक अभियंत सविता मीणा, बालिका विद्यालय से अंजना गुप्ता, एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का धरना जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** ग्राम चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत चतुर्भुज, तरियाला, और ढाणी रामनगर के ग्रामीणों द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में लगातार उन्तालीसवें दिन भी धरना प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में 40 प्रतिशत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण हो चुका है लेकिन जमीनी हकीकत शून्य है। साथ ही ग्रामवासियों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हरियाली तीज मेले को भव्य बनाने की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में मेले की व्यवस्थाओं का बंटवारा किया गया। मेला 8 अगस्त को सायं 4 बजे ग्राम चतुर्भुज के सरकारी स्कूल के पास स्थित श्री ध्यानजी की नली के मैदान में आयोजित किया जाएगा। मेले में बडी संख्या में महिलाएं तीज माता की पूजा अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करेंगी।




ग्रामीणों द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में लगातार उन्तालीसवें दिन भी धरना प्रदर्शन किया गया।

धरने में उपस्थित चंद्रशेखर शर्मा, गिरिराज भारती, किशनलाल स्वामी, विक्रम सैन, सत्यनारायण शर्मा, दिलीप यादव, अमीचंद धानका, गंगादीन आर्य, रतनलाल आर्य, रुकमणि देवी शर्मा, ज्ञानवती यादव, राजवंती आर्य, मीना शर्मा, मेवा देवी आर्य, मंजू शर्मा, मंजू स्वामी, ललिता शर्मा, संतोष धानका सहित अनेक ग्रामवासी शामिल रहे।

## 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन आज

- जिला स्तर, पंचायत समिति स्तर, पालिका स्तर, पंचायत स्तर, वार्ड स्तर पर कार्यक्रम होगा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शासन सचिव एवं आयुक्त, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के 3 अगस्त के आदेशानुसार मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान हरियालो राजस्थान में ''एक पेड मां कें नाम'' कार्यक्रम 7 अगस्त बुधवार को जिला स्तर, पंचायत समिति स्तर, नगरपालिका स्तर, ग्राम पंचायत स्तर, वार्ड स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

7 अगस्त बुधवार को प्रात: 9 बजे उपखण्ड स्तरीय कार्यक्रम तहसील कार्यालय परिसर श्रीमाधोपुर में आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समस्त विभाग के कर्मचारियों, महिला अधिकारियों/ कर्मचारियों, लखपति दीदी, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका, आशा सहयोगिनी, राजीविका, नरेगा, महिला स्वयं सहायता समूहो के सदस्य, स्कूल कॉलेज की छात्राओं की विशेष भागीदारी सुनिश्चित की जावे। श्रीमाधोपुर उपखंड अधिकारी ने समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे 7 अगस्त बुधवार को प्रात: 8.30 बजे उपखण्ड स्तरीय कार्यक्रम तहसील कार्यालय परिसर श्रीमाधोपुर में मय स्टाफ निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे। समस्त वृक्षारोपण की जियों टैगिंग अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित करे। उक्त समस्त कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी तहसीलदार श्रीमाधोपुर व सह प्रभारी विकास अधिकारी पंचायत समिति श्रीमाधोपुर व ईओ नगरपालिका श्रीमाधोपुर रहेगें।

# पौधारोपण अभियान की तैयारियों में जुटा टोंक

- 2 करोड़ 38 लाख की राशि के विकास कार्यों का होगा लोकार्पण

**टोंक, (निसं)।** हरियाली तीज पर बुधवार को पूरे प्रदेश में एक पेड मां के नाम-आओ बनाएं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत दो करोड पौधे लगाए जाएंगे। पहाडियों, चारागाह भूमि, सडक किनारे, विद्यालयों, अमृत सरोवर, जल स्त्रोतों के किनारे पौधारोपण कर प्रदेश को हरा-भरा बनाने की बुनियाद रखी जाएगी।

टोंक जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि सभी विभागों के समन्वय से जिले को आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप तैयारियां की गई है। हरियाली तीज के अवसर पर जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य बजट 2024-25 में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के माध्यम से हर परिवार को जोडते हुए 7 करोड पौधे लगाने व पालन का लक्ष्य रखा गया है। इस क्रम को सतत रखने के लिए मल्टी सेक्टोरल प्रोग्राम के रूप में मिशन हरियालो-राजस्थान की घोषणा की गई। मिशन हरियालो-राजस्थान को साकार करने के लिए राज्यभर में हरियाली तीज के अवसर पर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों में सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर दो करोड से अधिक पौधे लगाये जायेंगे। हरियालो-राजस्थान ऐप के माध्यम से पौधा लगाने वाले वृक्ष प्रेमियों को 51 लाख प्रशस्ति पत्र वितरित किये जाएंगे।

मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम तहसील नगर फोर्ट में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर मुख्य अतिथि होंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी ने बताया कि नागर बुधवार को सुबह 11 बजे नवीन जिला परिषद सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद पत्रकार वार्ता एवं तहसील नगरफोर्ट में हरियालों राजस्थान वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

जिला प्रमुख सरोज बंसल ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग के तहत जिला परिषद टोंक द्वारा 2 करोड 38 लाख रुपये की राशि के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्लास्टिक मुक्त राजस्थान अभियान के अंतर्गत जिला परिषद की ओर से पहल करते हुए राजीविका की स्वयं समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये गए कपडे के बैग का आमजन में वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। सीईओ ने बताया कि आओ बनाएं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत बुधवार को पूरे जिले के सभी ब्लॉक में सघन पौधारोपण कार्यक्रम होगा। इसमें पंचायत समिति देवली में गुराई व मालपुरा में सिंधोलिया, निवाई में गुंसी, पीपलू में डारडा तुर्की, उनियारा में खातोली एवं टोंक में दाखिया में पौधारोपण कार्यक्रम होगा।

# पच्चीस लाख रूपये की चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार

- दिन में रैकी कर वारदात करते और वापस काम पर लग जाते आरोपी

**देवली, (निसं)।** शहर के समीप के ऊंचा गांव में गत दो माह पहले हुई 25 लाख रुपए नकदी व आभूषणों की नकबजनी के मामले में आरोपी पुरानी टोंक थाना पुलिस के हत्थे चढ गए हैं।

पुरानी टोंक पुलिस थाना प्रभारी उदयवीर सिंह के अनुसार पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मोइनुद्दीन उर्फ मोनू पुत्र शाहिद अहमद देशवाली निवासी वार्ड नं 3 बीडी फैक्ट्री के पास उनियारा, शेरू अली उर्फ शेरू उर्फ अली पुत्र शब्बीर अहमद फकीर निवासी वार्ड नं 20 जामा मस्जिद मुसाफिरखाना उनियारा, राजेंद्र सिंह उर्फ राजू बंगाली पुत्र भीम सिंह राजपूत निवासी अंकित स्कूल के पास इंदिरा कॉलोनी विज्ञान नगर कोटा एवं दीपक मीणा उर्फ दीपू पुत्र मुकेश मीणा निवासी विजयगढ़ बूंदी, हाल कन्या छात्रावास के पीछे फकीरों का मोहल्ला कोटा थाना गुमानपुरा है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी दीपक मीणा उर्फ दीपू ने ऊंचा स्थित एक मकान में 25 लाख रूपए नकद व जेवरात चुराए थे जिन्हें पुलिस ने बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



देवली के पास ऊंचा में गत दो माह पहले हुई चोरी की वारदात के आरोपियों को पकड़ा गया।

उल्लेखनीय की गत 10 जून को शहर के करीब ऊंचा गांव में घटित हुई थी। मामले को लेकर पीडित कैलाश चंद्र पुत्र मोहनलाल सुवालका ने निकटवर्ती हनुमान नगर थाना पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीडित ने बताया कि 10 जून को दोपहर 12 बजे घर के लोग बाजार में खरीदारी करने चले गए थे। पीडित के परिवार में कार्यक्रम था। इसे लेकर वह खरीदारी कर रहे थे। वहीं अपराह्न 3 बजे लौटने पर घर के मुख्य गेट के ताले टूटे मिले, सामान बिखरा हुआ था और बक्से में रखे 25 लाख रुपए नकद गायब थे। यह राशि पीडित को जमीन बेचने के पेटे मिली थी। चोरी में आरोपियों ने 10 ग्राम वजनी दो सोने की झुमरी, 10 ग्राम वजनी सोने की अंगूठी, तीन जोडी चांदी की पायजेब, छोटी मोटी चांदी समेत एक किलो की चांदी चुरा ली थी। इस चोरी के मामले को लेकर यहां हनुमान नगर थाना पुलिस ने स्वीकार किया है कि टोंक में खुलासा हुई वारदात का आरोपियों ने ऊंचा में भी चोरी की उक्त वारदात की थी। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी बाइक लेकर इधर-उधर घूमते रहते थे। टोंक जिले में आरोपी मोनू व शेरू दिनभर घूमकर सूने मकान की रेकी करते। इसके बाद साथी शादाब, राजू बंगाली को फोन कर चिन्हित मकान के बारे में बताते हैं। शादाब, राजू बंगाली, दीपक मीणा अन्य साथी दिन के समय सूने मकान में चोरी करते और कोटा जाकर अपने काम में लग जाते। आरोपी घूमने के शौकीन थे। इनमें राजू बंगाली बहुत ही शातिर नकबजन है। जिस पर अलग-अलग जिलों में 30 मुकदमे दर्ज है।

### ऊर्जा सचिव ने पावर हाउस का किया निरीक्षण

**दौसा, (निसं)।** ऊर्जा सचिव आलोक गुप्ता मंगलवार को अचानक दौसा पहुंचे जहां उन्होंने पावर हाउस का औचक निरीक्षण किया वहीं बिजली महकमे के अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।ऊर्जा सचिव ने मीडिया से मुखातिब होते कहा कि दौसा जिले में आरडीएसएस योजना के तहत 400 करोड रुपए के प्रोजेक्ट लगेंगे जिनके द्वारा जिले में ही 48 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। ऐसा पहली बार हो रहा है जहां जिले में ही बिजली उत्पादन होगी जिले में बिजली की छीजत और कटौती को लेकर भी अधिकारियों से फीडबैक लिया। आलोक गुप्ता ने कहा हमारा प्रयास है किसानों को लोगों को साथ ही इंडस्ट्रीज को निर्बाध रूप से बिजली मिले और इस पर लगातार काम हो रहा है और आने वाले दिनों में यह दिखाई भी देगा। कई बार तकनीकी खामी की वजह से बिजली ट्रिप हो जाती है या वोल्टेज कम होता है लेकिन लोगों को तकनीकी जानकारी नहीं होती जिसके चलते वे धरना प्रदर्शन कर देते हैं। इस दौरान कलेक्टर देवेंद्र कुमार और बिजली के तकनीकी निदेशक संजय नेहरा भी मौजूद रहे।



अब समय आ गया है कि खिलाड़ी दबाव का सामना करना सीखें, जवाबदेह बनें और सरकार से पूरा समर्थन मिलने के बाद परिणाम देना शुरू करें। खिलाड़ियों को तैयार करने में कमी के लिए कोच को जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया जाता? - **प्रकाश पादुकोण**

पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी, लक्ष्य सेन की हार पर कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## दिनेश कार्तिक



पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को मंगलवार को पार्ल रॉयल्स ने एसए-20 के तीसरे सत्र के लिए अनुबंधित किया जिससे वह अगले साल नौ जनवरी से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीकी टी-20 क्रिकेट लीग से जुड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए। आईपीएल में लंबे समय तक खेलने वाले 39 वर्षीय कार्तिक ने इस साल जून में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और भारत के लिए तीनों प्रारूपों में 180 मैच खेलने वाले कार्तिक ने कहा, "दक्षिण अफ्रीका में खेलने और वहां जाने की मेरी बहुत सारी यादें हैं और जब यह अवसर आया तो मैं मना नहीं कर सका।

**क्या आप जानते हैं ?...** स्वीटजरलैंड (1954) में हुए पांचवें विश्वकप फुटबॉल में खेले ये 26 मैचों में रिकॉर्ड तोड़ 140 गोल हुए। औसत 5.38 गोल प्रति मैच।

## स्पेन को रौंदकर नीदरलैंड पहुंचा पुरुष हॉकी के फाइनल में

पेरिस, 6 अगस्त। नीदरलैंड मंगलवार को पेरिस ओलंपिक खेलों के पुरुष हॉकी पहले सेमीफाइनल में मुकाबले स्पेन को हराकर फाइनल में पहुंच गया है। आज यहां खेले गये



मुकाबले में नीदरलैंड ने स्पेन को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में एक पदक पक्का कर लिया है। यह ग्रीष्मकालीन खेलों में नीदरलैंड का 10वां पदक है। नीदरलैंड फाइनल मुकाबले में गुरुवार को भारत और जर्मनी के बीच सेमीफाइनल मैच के विजेता से भिड़ेगा। नीदरलैंड की ओर से जिप जानसेन ने 12वें मिनट में पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद थियरी ब्रिंकमैन ने 20वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। थिज्स वैन डैम ने 32वें मिनट और डुको टेलजेनकैंप ने 50वें मिनट में गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। क्वार्टरफाइनल मैच में बेल्जियम को हराने वाला स्पेन अब कांस्य पदक के लिए खेलेगा।

## निक हॉकली क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख कार्यकारी के पद छोड़ेंगे

सिडनी, 6 अगस्त। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक हॉकली ने घोषणा की है कि पांच साल पद पर बने रहने के बाद वह मार्च 2025 में अपना पद छोड़ देंगे।



हॉकली ने कोरोना महामारी के दौरान ऐसे समय में अंतिरम रूप से पद संभाला था जब सीए कई आंतरिक संकटों से जूझ रहा था। मई 2021 में उन्हें स्थायी पदभार मिला था और उन्होंने कोरोना महामारी और अन्य प्रतिबंधों के बीच भारत दौरे का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस सीरीज की मेजबानी से सीए को आर्थिक बल भी मिला। हॉकली ने कहा, पद छोड़ने का निर्णय, एक कठिन निर्णय था, लेकिन पांच वर्ष सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद यह सही समय होगा कि मैं आगे बढ़ूं और कोई नई चुनौती लूं। मैं अगले साल मार्च में हटूंगा, तब तक बोर्ड के पास समय भी रहेगा कि वे अपना नया सीईओ ढूंढ लें। हॉकली का अंतिम असाइनमेंट फिर से भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा होगा। इसके अलावा जनवरी में होने वाली महिलाओं की ऐशेज भी उनकी जिम्मेदारी होगी।

## अरशद नदीम फाइनल में पहुंचने वाले पाक के इकलौते एथलीट

पेरिस, 6 अगस्त। जैवलिन थ्रोअर अरशद नदीम ने पाकिस्तान की लाज बचा ली। दरअसल, महज 7 एथलीट्स के दल का नेतृत्व करने वाले पाकिस्तान की तरफ से अरशद



नदीम पर पदक लाने का भार है। अन्य 6 पाकिस्तानी एथलीट अपने-अपने खेलों में पहले दौर से ही बाहर हो गए थे। इसके बाद पूरे पाकिस्तान की नजरें अब अरशद पर हैं। खैर अरशद ने जैवलिन थ्रो के क्वालिफिकेशन इवेंट में 86.59 मीटर थ्रो कर सीधे फाइनल में एंट्री कर ली है। एशियन गेम्स के रिकॉर्ड होल्डर (90.18 मीटर थ्रो) टोक्यो ओलंपिक में फाइनल में पहुंच थे। लेकिन 5वें स्थान पर रहे, जिससे वो पोडियम फिनिश नहीं कर पाए। उनके पास 8 अगस्त को खुद को साबित करने का मौका है। हालांकि, अरशद के लिए नीरज चोपड़ा, एंडरसन पीटर्स, जैकब वडलेज्च और जूलियन वेबर जैसे खिलाड़ियों के बीच अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। बता दें कि, पाकिस्तान ने 1992 में बार्सिलोना के बाद से ओलंपिक में कोई भी मेडल नहीं जीता है। सियोल 1988 में हुसैन शाह ने कांस्य पदक जीता था जो उनका व्यक्तिगत पदक था।

# पेरिस ओलिंपिक में चौथा मेडल विनेश के नाम

## यूसनेलिस को हराकर विनेश महिला कुश्ती के फाइनल में

### विनेश ओलिंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी



पेरिस, 6 अगस्त। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किठाा फ्रीस्टाइल मुकाबलों में लगातार शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए क्यूबा की युसनेलिस गुजमान लोपेज को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है।

इस जीत के साथ विनेश ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं। 29 वर्षीय विनेश ने पेरिस ओलंपिक में पदक पक्का कर लिया है। यह ठाीष्मकाली खेलों में उनका पहला पदक होगा। सेमीफाइनल में विनेश ने पहले पीरियड में पैसिविटी के जरिए 1-0 की बढ़ त ली। दूसरे पीरियड में वह और अधिक आक्रामक नज़र आईं और अपनी बढ़ त को 5-0 करते हुए मुकाबला जीत लिया। इससे पहले फोगाट ने क्वार्टरफाइनल मैच में यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को 7-5 हराया। फोगाट ने मैच के पहले पीरियड में 2-0 की बढ़ त ले ली। दूसरे पीरियड में लिवाच ने मजबूत वापसी की लेकिन फोगाट ने अपनी चुनौती बरकरार रखी और यूक्रेनी पहलवान को हरा दिया। इससे पहले फोगाट ने प्री-क्वार्टर फाइनल में टोक्यो ओलंपिक 2020 चैंपियन जापान की युई सुसाकी को हराया था। उससे पहले फोगाट ने महिलाओं के 50 किठाा फ्रीस्टाइल राउंड ऑफ 16 कुश्ती मुकाबले में जापान की टोक्यो 2020 चैंपियन युई सुसाकी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। पहले पीरियड के बाद सुसाकी ने मुकाबले में 1-0 से बढ़ त बना ली। विनेश ने दूसरे पीरियड में शानदार वापसी करते हुए जापानी पहलवान को 3-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

## आईसीसी ने महिला टी-20 विश्वकप के लिए वैकल्पिक स्थल चिन्हित किए

दुबई, 6 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस साल के आखिर में बंगलादेश में होने वाले महिला टी-20 विश्वकप आयोजन के लिए वैकल्पिक स्थल के रुप में भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और श्रीलंका को चिन्हित किया है। आईसीसी के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि बंगलादेश की स्थिति पर नज़र रखी जा रही है और सभी विकल्प खुले रखे गए हैं। आईसीसी के बयान में कहा गया, आईसीसी , बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) उनकी सुरक्षा एजेंसियों और हमारे अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ इस पूरी स्थिति पर नजर बनाये हुये है। हमारी प्राथमिकताओं में सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा और उनकी देख-रेख शामिल है। बयान में कहा गया है कि बंगलादेश में वहां की राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए इस बात की भी संभावना है कि इस वैश्विक टूर्नामेंट को किसी और देश में आयोजित कराया जाए। इस तरह की परिस्थिति से निपटने के लिए आईसीसी ने भारत, यूएई और श्रीलंका को वैकल्पिक स्थल के रूप में चिन्हित किया है।

# नीरज का गोल्डन आर्म फिर से गोल्ड के लिए तैयार

### नीरज चोपड़ा ने 89.34 मीटर भाला फेंक फाइनल में की एंट्री, किशोर जेन नहीं कर पाए क्वालीफाई



पेरिस, 6 अगस्त। भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के भाला फेंक के क्वालिफिकेशन राउंड में सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 89.34 मीटर थ्रो के साथ फाइनल में जगह बना ली है। वहीं ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी ग्रुप बी से फाइनल में जगह बनाने वाले तीसरे एथलीट रहे। दो बार के विश्व चैंपियन पीटर्स ने आज स्टेड डी फ्रांस में सीजन का सर्वश्रेष्ठ 88.63 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो फेंका और अरशद नदीम से आगे लेकिन नीरज चोपड़ा से पीछे रहे।

भारतीय एथलीट किशोर जेना 80.73 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक क्वालिफिकेशन स्पर्धा के ग्रुप ए में आठवें स्थान पर रहे। हालांकि वह दूसरे प्रयास में एक वैध प्रयास दर्ज करने में असफल रहे और तीसरे में केवल 80.21 मीटर का थ्रो ही कर सके।

अब तक कुल सात एथलीटों ने 84.00 मीटर के क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड को पार करते हुए गुरुवार के पदक स्पर्धा में अपनी जगह पक्की कर ली है। नीरज चोपड़ा के प्रतिद्वंद्वियों में से एक पाकिस्तान के अरशद नदीम भी स्टेड डी फ्रांस में पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में पहुंच गए। क्वालिफिकेशन राउंड के ग्रुप बी में पांचवें स्थान पर रहते हुए नदीम ने अपने पहले प्रयास में 86.59 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और आसानी से क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड को पार करते हुए मेडल राउंड में जगह बनाई। अरशद नदीम और नीरज चोपड़ा ने पिछले कुछ वर्षों में एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी है जिसमें भारतीय भाला फेंक एथलीट हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 9-0 से आगे हैं। हालांकि कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में नदीम का 90.18 मीटर व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चोपड़ा के 89.94 मीटर के शीर्ष प्रयास से आगे है। आज यहां हुये मुकाबले में चोपड़ा ने पहले प्रयास पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में अपना अभी तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.34 मीटर दर्ज किया। वहीं जर्मन एथलीट अपने तीन प्रयासों के बावजूद 85.64 मीटर की दूरी ही दर्ज कर सके। पेरिस ओलंपिक में फाइनल में जगह बनाने के लिए भारतीय भाला फेंक एथलीटों को ओवरऑल क्वालिफिकेशन स्टैंडिंग (ग्रुप ए और ग्रुप बी सहित) में कम से कम 12 सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के बीच रैंक करना होगा।

## भारत ने ओलिंपिक हॉकी सेमीफाइनल गंवाया

### जर्मनी 3-2 से जीता, कांस्य पदक के लिए मैच खेलेगी इंडिया

पेरिस, 6 अगस्त। पेरिस ओलिंपिक के सेमीफाइनल में भारत ने हॉकी का सेमीफाइनल गंवा दिया है। टीम को जर्मनी ने 3-2 से हरा दिया। सेमीफाइनल जीतने वाली टीम फाइनल में नीदरलैंड का सामना करेगी। नीदरलैंड ने पहले सेमीफाइनल में स्पेन को 4-0 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल हारने वाली टीम ब्रॉन्ज मेडल मैच में स्पेन से भिड़ेगी। भारत अगर जीता तो 44 साल बाद ओलिंपिक हॉकी के फाइनल में पहुंचेगा। इंडिया ने आखिरी फाइनल 1980 के मॉस्को ओलिंपिक में खेला था। इसी मैदान पर इंडिया ने पेरिस ओलिंपिक के क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। जर्मनी से गोनजालो पीलैट ने 18वें, क्रिस्टोफर रूहर ने 27वें और मार्क्र मिल्टकाऊ ने 54वें मिनट में गोल किया। भारत से हरमनप्रीत सिंह ने 7वें और सुखजीत सिंह ने 36वें मिनट में गोल किया था। चौथे क्वार्टर में जर्मनी ने 54वें मिनट में गोल कर 3-2 की बढ़ त बना ली। टीम से मार्क्र मिल्टकाऊ ने फील्ड गोल किया और बढ़त ली।

## किरण 400 मटीर के सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूकी

पेरिस, 6 अगस्त। भारतीय धावक किरण पहल मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 400 मीटर रेपेचेज राउंड की हीट 1 में छठे स्थान पर रहीं। आज यहां हुई स्पर्धा में पहल ने रेपेचेज राउंड में 52.59 सेकेंड का समय लिया। जोकि पहले राउंड में उनके 52.51 सेकेंड के समय से कम था।

# टेबल टेनिस में मिली निराशा

### पुरूष व महिला टीम क्वार्टरफाइनल में हारे

पेरिस, 6 अगस्त। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम का बुधवार को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों में महिला टेबल टेनिस स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल मैच में जर्मनी से मुकाबला होगा। एकल मुकाबलों में मनिका बत्रा की दो जीत की बदौलत 11वीं वरीयता प्राप्त भारत ने प्री क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त रोमानिया को 3-2 से हरा दिया था।

पेरिस 2024 में पांचवीं वरीयता प्राप्त जर्मनी ने अपने प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में अमेरिका को हराया। भारत बनाम जर्मनी महिला टीम क्वार्टरफाइनल मैच सात अगस्त को साउथ पेरिस एरिना में खेला जाएगा। इस मैच के विजेताओं का सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त जापान या 13वीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड से मुकाबला होगा।

इससे पहले शरत कमल, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम को पेरिस ओलंपिक में मंगलवार को हुये राउंड ऑफ 16 मुकाबले में चीन से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा है।

आज यहां हुये मुकाबले में देसाई और ठक्कर युगल प्रतियोगिता का पहला मैच मा लोंग और वांग चुकिन के खिलाफ सीधे गेम (11-2, 11-3, 11-7) में हार गए। इसके बाद शरत कमल पेरिस 2024 एकल स्वर्ण पदक विजेता फैन जेंडॉन्ग के खिलाफ शुरुआती बढ़त लेने के बावजूद, चीनी पैडलर ने दूसरा मैच 9-11, 11-7, 11-7, 11-5 से जीत लिया। तीसरे गेम में, ठक्कर का वांग चुकिन से कोई मुकाबला नहीं था। वांग चुकिन ने 11-9, 11-6, 11-9 से जीत हासिल की। इस हार से भारतीय पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ियों का पेरिस ओलंपिक में अभियान समाप्त हो गया।

# प्रो. कबड्डी लीग आगाम सीजन के लिए रिटेन किए गए खिलाड़ियों के नामों की घोषणा

मुंबई, 6 अगस्त। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने मंगलवार को सीजन 11 के लिए 'एलीट रिटेन खिलाड़ी', 'रिटेन युवा खिलाड़ी' और 'मौजूदा नए युवा खिलाड़ी' वर्ग में शामिल खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की। प्रत्येक फ्रैंचाइजी ने खिलाड़ियों के एक मजबूत कोर ग्रुप को बरकरार रखा है और अब वे सीजन 11 प्लेयर ऑक्शन की मदद से एक मजबूत टीम का निर्माण करना चाह रही है।

दबंग दिल्ली के.सी. ने आशु मलिक और नवीन कुमार की अपनी रेडर जोड़ी को अपने साथ बरकरार रखा है। इस बीच, सीजन 10 में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले स्टार रेडर और कप्तान असलम इनामदार को पुनेरी पल्टन ने बरकरार रखा है। इसके अलावा, जयपुर पिंक पैंथर्स ने अपने स्टार रेडर अर्जुन देशवाल को बरकरार रखा है। देशवाल पिछले सीजन में टीम के कप्तान भी थे। कुल 88 खिलाड़ियों को तीन श्रेणियों में बरकरार रखा गया, जिनमें से 22 एलीट रिटेन्ड प्लेयर्स श्रेणी से, 26 रिटेन्ड यंग प्लेयर्स श्रेणी से और 40 मौजूदा नए युवा खिलाड़ी से हैं।

जिन खिलाड़ियों को रिटेन नहीं किया गया उनमें पवन सेहरावत, परदीप नरवाल, मनिंदर सिंह, फज़ल अत्राचली और मोहम्मदरेज़ा शादलोई चियानेह जैसे स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। ये सभी 15-16 अगस्त 2024 को मुंबई में होने वाले पीकेएल सीज़न 11 प्लेयर ऑक्शन में नीलामी के लिए जाएंगे।

घरेलू और विदेशी खिलाड़ियों को पीकेएल सीज़न 11 प्लेयर नीलामी में चार श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। ये श्रेणियां- ए, बी, सी और डी होंगी। खिलाड़ियों को प्रत्येक श्रेणी में ऑल-राउंडर, डिफेंडर और रेडर के रूप में उप-विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी के लिए आधार मूल्य (बेस प्राइस) इस प्रकार है। श्रेणी ए - 30 लाख रुपये, श्रेणी बी - 20 लाख रुपये, श्रेणी सी - 13 लाख रुपये, श्रेणी डी - 9 लाख रुपये है। सीज़न 11 के प्लेयर पूल में 500 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

# श्रीलंका के खिलाफ टीम इंडिया को उलटफेर से बचना होगा

## करो या मरो की स्थिति में मारनी पड़ेगी बाजी, स्पिनर्स के अनुकूल रहेगी पिच

कोलंबो, 6 अगस्त। भारत और श्रीलंका के बीच बुधवार 7 अगस्त को तीसरा और आखिरी वनडे मैच खेला जाएगा। फिलहाल तीन मैचों की वनडे सीरीज में श्रीलंका 1-0 से आगे है जबकि एक मैच दोनों टीमों के बीच टाई हुआ था। जिस कारण टीम इंडिया के लिए ये मुकाबला करो या मरो की स्थिति वाला होगा। इसके साथ ही विराट कोहली, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

बता दें कि, 27 सालों से भारत श्रीलंका से कोई वनडे सीरीज नहीं हारा है। इस मतलब ये है कि, मेजबान के घर में भारत की बादशाहत पर भी खतरा है। अब देखना होगा कि भारतीय क्रिकेट के गंभीर युग में ये बरकरार रहती है या फिर श्रीलंका कोई उलटफेर करता है। भारत पिछली बार 1997 में श्रीलंका में 0-3 से वनडे सीरीज हारा था। उस दौरान सचिन तेंदुलकर टीम के कप्तान थे।



भारत और श्रीलंका के बीच अभी तक 11 द्विपक्षीय वनडे सीरीज खेली गई हैं। भारत एक भी हारा नहीं है। हालांकि, दूसरे वनडे में 32 रन की हार और पहले मैच में बराबरी के बाद भारत की मौजूदा सीरीज जीतने की संभावना खत्म हो गई है। भारतीय टीम श्रीलंका में इसलिए संघर्ष कर रही क्योंकि भारतीय बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिन गेंदबाजों का सामना नहीं कर पा रहे हैं।

विराट कोहली श्रीलंकाई स्पिनर के सामने बेबस नजर आ रहे हैं। उन्होंने 2 मैच में 38 रन ही बनाए हैं। उनके आउट होने से ज्यादा परेशान करने वाली बाय ये है कि वे रन नहीं बना पाए, जिससे उनमें संयम की कमी दिखाई दी। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच आमतौर पर स्पिन गेंदबाजों के अनुकूल होती है। दूसरे वनडे में ये विशेष रूप से स्पष्ट था, क्योंकि स्पिनर ने 19 में से 15 विकेट लिए।


**खोया पाया**

मेरे प्लाट नं. 322 योजना निर्माण नगर एबी का जेडीए से जारी पंजीकृत पट्टा स्टाम्प पेपर, साईट प्लान जयपुर में खो गया है सूचित करें-नन्दनी त्रिवदी मो.नं. 8949344320

मेरे प्लॉट नम्बर ए-31-सी दधिची नगर के प्लॉट की रजिस्ट्री जगमाल सिंह से सजना देवी के मध्य विक्रय पत्र दिनांक 07.10.2009 का कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचना करें। गायत्री-8209222980

**नाम परिवर्तन**

मै नं. 15782045H ह.राम सहाय यादव निवासी प्लाट नंबर 135 बालाजी विहार-18 जयपुर राजस्थान 786 (i) AD Bde में कार्यरत हूँ। आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम सुमन देवी है, जबकि सही नाम सुमन यादव है। भविष्य में सुमन यादव पत्नी राम सहाय यादव के नाम से जाने।

मैं चन्द्रशेखर भदोरिया पुत्र बृजेश सिंह प्लाट नंबर 205 रोहित नगर-प्रथम केशव विद्यापीठ रोड जयसिंहपुरा खोर जयपुर राजस्थान मैं मेरा नाम चन्द्रशेखर भदोरिया से बदलकर चन्द्रशेखर करना चाहता हूँ भविष्य में मुझे चन्द्रशेखर के नाम से ही जाना या पहाना जाए।

I am Praveen Ramani S/o Shri Girdhari Ramani Resident of 327, Sindhi Colony, Raja Park, Jaipur, I have changed my name from Praveen Kr Ramani to Praveen Ramani. In future I will be known as Praveen Ramani.

I army no. 3180810L Ex NK gopal lal Jakhar S/o ladu ram R/o 19 Janak vihar bisna wala sirsi road jaipur that have changed my wife name from Santosh Kumari is wrong entered in service record to Santosh Devi vide affidavit dated 31 July 24 before district notary Jaipur.

**कार्यालय उपायुक्त (मुरलीपुरा जोन) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**
(मुरलीपुरा सब्जी मण्डी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर)
क्रमांक- मु.जो./ननिज/2024/1669 दिनांक-06.08.2024

**सार्वजनिक सूचना** भूखण्ड सं. 254-255 आर्य नगर मुरलीपुरा (संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा श्री विष्णु सिंह पुत्र श्री संग्राम सिंह को क्षेत्रफल 350 वर्गगज भूमि का पटटा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक श्री विष्णु सिंह पुत्र श्री संग्राम सिंह द्वारा पट्टा मय साइट प्लान की फोटो प्रति के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वयं के नाम से पट्टा चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का श्री विष्णु सिंह पुत्र श्री संग्राम सिंह के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 350 वर्गगज का पट्टा जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के पट्टा जारी करने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त, मुरलीपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलान रामेश्वर प्रसाद मीणा पुत्र श्री छोटूराम मीणा आयु 58 वर्ष एवं श्रीमती संतोष देवी मीणा पत्नी श्री रामेश्वर प्रसाद मीणा आयु 55 वर्ष निवासीगण प्लाट नम्बर 35 चित्रगुप्त नगर, रेल्वे हॉस्पिटल के पास, फुलेरा, जयपुर का पुत्र कमल कुमार मीणा आयु 29 वर्ष व पुत्रवधु सुमन कुमारी मीणा पत्नी कमल कुमार मीणा उनके कहे में नहीं है और वह पिछले कुछ समय से अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी जी रहे है पुत्र व पुत्रवधु आए दिन मेरे मुवक्किलान व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बदसलूकी व झगडा करते है जिस कारण मेरे मुवक्किलान ने अपनो उक्त पुत्र कमल कुमार मीणा व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है जो कोई व्यक्ति कमल कुमार मीणा व उसकी पत्नी से किसी भी तरह का सव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा कृपया सूचित रहे।
(गणेश बूसर) एडवोकेट, मो.नं. 9782928868

**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
क्रमांक-एफ-56()सि.ला.जो./ननिज/2024/1263 दिनांक- 06.08.2024

**अनापत्ति आमंत्रण सूचना** भूखण्ड संख्या 68 सूरज नगर पूर्व सिविल लाईन जयपुर का आवंटन चिरागुद्दीन कुरैशी को किया गया था। चिरागुद्दीन द्वारा राजेन्द्र गोदारा के पक्ष में पॉवर ऑफ अटर्नी की गयी है राजेन्द्र गोदारा द्वारा श्रीमती रामकली देवी को बैचान किया गया है। श्री रामकली की मृत्यु उपरांत उसकी वसीयत अनुसार श्रीमती नीरू चौधरी के नाम से उक्त भूखण्ड का पट्टा जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के पट्टे के संबंध में आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सात दिवस में आपत्ति पेश करें अन्यथा सात दिवस पश्चात उक्त भूखण्ड में उपविभाजन/पट्टे की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त, सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज

**सूचना** "समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की आम सभा का आयोजन दिनांक 18.08.2024 को प्रात 11.00 बजे समिति के पंजीकृत कार्यालय 197, सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर जयपुर पर किया जाना निर्धारित किया है। अत समय पर पधारने का कष्ट करें। अधिक विस्तृत जानकारी (एजेन्डा आदि) के लिए समिति के कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।" "मंत्री भैरव गृह निर्माण स.स. लि. 197 सुभाष कॉलोनी शास्त्री नगर जयपुर"
भैरव गृह निर्माण स.स.लि. जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853

**आम जाहिर सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 5/ख/25 जवाहर नगर जयपुर क्षेत्रफल 136.00 वर्गगज का आवंटन श्री दयाल दास चन्दन मल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 5639 दिनांक 30.01.1975 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 9435 दिनांक 19.05.1975 जारी किया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर नगर में दिनांक 25.01.1978 को करवाया गया। श्री दयाल दास चन्दन मल की मकृत्यु दिनांक 04.03.1986 को हो जाने के कारण श्रीमती सोनिया पत्नी स्व. श्री रामकिशन मंगवानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, रजिस्टर्ड हकत्याग की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास/फ्लैट का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती सोनिया पत्नी स्व. श्री रामकिशन मंगवानी के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

**विवादकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
समक्ष न्यायालय माननीय वरिष्ठ अपर सिविल न्यायाधीश, क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम
वी जे इन्फोनेट प्रा.लि बनाम सोल्युशन एण्ड सोल्युशन
वाद पत्र अन्तर्गत आदेश 7 नियम 1 दिवानी प्रक्रिया संहिता
बाबत वसूली राशि
वाद संख्या 46/2020

बनाम-सोल्युशन एण्ड सोल्युशन पता जी-1, 45 विष्णु कॉलोनी, 4 नंबर ईएसआई हॉस्पीटल के सामने हटवाडा रोड, हसनपुरा, जयपुर एवं मकान नंबर 1899 भट्ठो की गली, पुराना टाउन हॉल के सामने, बडी चौपड, जयपुर जरिये प्राधिकृत अधिकारी
वादी ने आपके विरूद्ध राशि 2,57,830/- रूपये एवं उक्त राशि पर दिनांक 04.06.2019 से 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ब्याज वसूली का वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय मे तारीख 8 माह 8 सन् 2024 को दिन में 10.00 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे मे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या न हो, अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 09 माह 07 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
नोट-प्रतिवादी की तामील दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से करवाई जावें।
मोहर अदालत — वरिष्ठ अपर सिविल न्यायाधीश क्रम-2, जयपुर महानगर प्रथम

**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**
केन्द्रीय छात्रवृत्ति फ्रेश वर्ष 2024 व वर्ष 2020 से 2023 तक के नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली की केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। राजस्थान बोर्ड के ऐसे परीक्षार्थी जो Top 20 पर्सेंटाइल (जिनके प्राप्तांक Gen-420, OBC-427, SC-409, ST-391 या उससे अधिक हों) की श्रेणी में आते हैं, वे 31.10.2024 को (रात्रि 12.00 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक वर्ग में दिव्यांगो (PwDs) का 5% आरक्षण है। राजस्थान बोर्ड द्वारा घोषित परिणाम उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 में Science, Commerce and Humanities से परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज/विश्वविद्यालय में नियमित अध्ययन कर रहे विद्यार्थी आवेदन के लिए पात्र हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के National Scholarship Porta लिंक www.scholarships.gov.in पर छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। Top 20 पर्सेन्टाइल राजस्थान बोर्ड द्वारा जारी संवीक्षा पूर्व के परिणाम पर आधारित है। छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करना ही चयन का आधार नहीं होगा। छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों का चयन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्धारित मापदंड के अनुसार होगा।

केन्द्रीय छात्रवृत्ति 2023 के लिए चयनित विद्यार्थी प्रथम नवीनीकरण, 2022 के लिए चयनित विद्यार्थी द्वितीय नवीनीकरण, 2021 के लिए चयनित विद्यार्थी तृतीय नवीनीकरण व 2020 के लिए चयनित विद्यार्थी चतुर्थ नवीनीकरण हेतु उपर्युक्त पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। वर्ष 2020 से 2023 के नवीनीकरणों के आवेदन हेतु विद्यार्थी अध्ययनरत पाठ्यक्रम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हो या समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण हो अथवा यदि सेमेस्टर प्रणाली है तो दोनों सेमेस्टर में औसत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो। साथ ही पात्रता के लिए आवश्यक है कि आवेदक की उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत हो, अनुशासित हो एवं रैगिंग गतिविधियों में संलिप्त नहीं हो। ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाइन नं. 0120-6619540 पर संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

नोटः- छात्रवृत्ति के नवीनीकरण हेतु न्यूनतम 50 प्रतिशत का मापदंड MoE द्वारा शैक्षिक सत्र 2018-19 से ही शुरू किया गया है। आवेदक स्वयं का बैंक खाता संख्या ही फॉर्म में भरें क्योंकि फॉर्म सब्मिट होने के बाद परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।
सचिव

**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**
पूरक परीक्षा 2024 हेतु निर्देश एवं कंट्रोल रूम व्यवस्था बाबत सूचना

वर्ष 2024 की बोर्ड पूरक परीक्षाऐं दिनांक 12.08.2024 से 14.08.2024 तक निर्धारित केन्द्रों पर आयोजित की जावेगी। जिसका विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। इस हेतु बोर्ड कार्यालय में दिनांक 07.08.2024 से कंट्रोल रूम प्रारम्भ किया जा रहा है जो परीक्षा समाप्ति दिनांक 14.08.2024 तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक कार्यरत रहेगा। बोर्ड पूरक परीक्षा-2024 के सभी प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है, जिसे संबंधित शाला प्रधान पूर्व प्रदत्त आई.डी./पासवर्ड से डाऊनलोड कर प्रवेश पत्रों की हार्ड कॉपी निकालकर उसमें मुद्रित सभी प्रविष्टियों की भली भांति जांचकर प्रमाणीकरण पश्चात् संबंधित परीक्षार्थियों को वितरित करेंगें। नियमित परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित शाला प्रधान तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र मुख्य परीक्षा के केन्द्राधीक्षक (जहां परीक्षार्थी ने शुल्क जमा कराया है) डाऊनलोड कर सकेगें। पूरक परीक्षा-2024 के केन्द्राधीक्षक सूचित रहे कि उन्हें मुद्रित केन्द्र सामग्री बोर्ड द्वारा ऑनलाईन प्रेषित की जाएगी, उन्हें विद्यालय के आई.डी. पासवर्ड से केन्द्र सामग्री यथा उपस्थिति पत्रक, नामावली, विषयवार बैठक व्यवस्था तथा प्रश्न पत्र संख्यात्मक सारणी ऑनलाइन डाउनलोड करके हार्डकॉपी मुद्रित कर परीक्षाओं की व्यवस्था करनी है। जो परीक्षार्थी पूरक परीक्षा शुल्क जमा नहीं करा सके हैं, एवं पूरक परीक्षा में प्रविष्ट होना चाहते है तो नियमित परीक्षार्थी रू. 2100/- (600+1500) एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी रू. 2150/- (650+1500) का बैंक ड्राफ्ट विद्यालय अथवा पूरक परीक्षा के केन्द्र पर जमा करा कर परीक्षा में प्रविष्ट हो सकते हैं। विद्यालय ऐसे छात्रो से उपरोक्तानुसार शुल्क का बैंक ड्राफ्ट प्राप्त कर प्रवेश पत्र जारी करे एवं परीक्षा शुल्क का ड्राफ्ट सम्बन्धित पूरक परीक्षा केन्द्र पर जमा करावें, तथा संबंधित केन्द्राधीक्षक ऐसे छात्रो को नियमानुसार प्रवेशाज्ञा प्रदान करें एवं शुल्क के बैंक ड्राफ्ट बोर्ड कार्यालय को अविलम्ब प्रेषित करें।

पूरक परीक्षा संबंधी किसी भी शिकायत/समस्या हेतु कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क करें। शिकायत के साथ अपना पता, टेलिफोन/मोबाईल नम्बर अवश्य नोट करावें। परीक्षार्थियों के पूरक नामांक तथा केन्द्र संबंधी समस्त जानकारी बोर्ड वेबसाईट https://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। बोर्ड कन्ट्रोल रूम के फोन नम्बर 0145-2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
Email ID ddexamfirst@gmail.com
सचिव

# माटी कला समाज राष्ट्रहित में काम करने के लिए सदैव तत्पर- मुख्यमंत्री

## माटी कला बोर्ड की बजट घोषणाओं पर धन्यवाद सभा में मुख्यमंत्री ने कलाकारों की सराहना की

जयपुर, 6 अगस्त (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि माटी कला समाज के लोग सामाजिक सरोकारों तथा राष्ट्रहित में काम करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस समाज के लोगों को प्रजापत की संज्ञा दी जाती है क्योंकि वे मिट्टी को अपने हुनर के माध्यम से मूर्तरूप प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेज, संतुलित एवं समावेशी बनाने के लिए कला एवं कलाकारों को लगातार प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट घोषणाओं के लिए आयोजित धन्यवाद सभा में माटी कला बोर्ड के प्रतिनिधिमण्डल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने पहले ही बजट में हर क्षेत्र और हर वर्ग की आकांक्षाओं और उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश की है। बजट को लेकर पूरे प्रदेश में चर्चा है तथा प्रदेशवासियों की खुशहाली में ही हमारे जन सेवा के कार्यों की सार्थकता निहित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार माटी कला से जुड़े कलाकारों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य

- **माटी कला बोर्ड के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को मिट्‌टी के बर्तन और किन्नू का पौधा भेंट किया।**

सरकार द्वारा 5 करोड़ रुपये की लागत से माटी कला सेंटर ऑफ एक्सलैंस की स्थापना, माटी कलाकारों को एक हजार इलेक्ट्रिक चाक और मिट्टी गूंथने की मशीनें, हैण्डलूम, हैंडीक्राफ्ट एवं मीडियम एण्ड स्मॉल स्केल इण्डस्ट्रीज़ (एम.एस.एम.ई.) सेक्टर के 50 क्लस्टर अगले तीन साल में विकसित करने जैसे निर्णय लिये गए हैं। साथ ही, उन्होंने बताया कि राज्य के प्रत्येक जिले को एक्सपोर्ट हब बनाया जाएगा, इसके लिए राजस्थान वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रॉडक्ट पॉलिसी 2024 लाई जाएगी।

शर्मा ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 18 व्यवसायों के दस्तकारों को 5 प्रतिशत की दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार ऐसे ऋणों पर 2 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज अनुदान देगी। उन्होंने कहा कि रोजगार व निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एम.एस.एम.ई. पॉलिसी-2024 लायी जाएगी। हमारी सरकार ने उद्यिमयों को



*माटी कला को बजट घोषणाओं में विशेष प्रोत्साहन देने के लिए प्रजापत समाज ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को माला पहनाकर धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर आयोजित सभा में कहा कि राज्य सरकार दस्तकारों की कला को प्रोत्साहन देने के लिए अगले तीन साल में 50 क्लस्टर विकसित करने जा रही हैं।*

देश-विदेश में अपने उत्पादों की बिक्री में आवश्यक मदद देने के लिए 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इन सभी योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारा जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमें अपने नागरिक कर्तव्यों को निभाते हुए आस-पड़ोस में रह रहे प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया गया। शर्मा ने सभी लोगों का आ ान किया कि पर्यावरण संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभाते हुए इस अभियान का हिस्सा बनें तथा पेड़ लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करें।

इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का बजटीय घोषणाओं के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बोर्ड के पदाधिकारियों ने शर्मा को माटी के बर्तन तथा किन्नू का पौधा भेंट किया। इस अवसर पर श्री यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



## विनेश फोगाट ओलंपिक फाइनल में

पैरिस, 6 अगस्त (वार्ता)। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगट ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा फ्रीस्टाइल मुकाबलों में लगातार शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए क्यूबा की युसनेलिस गुजमान लोपेज को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है।

इस जीत के साथ विनेश ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गईं। 29 वर्षीय विनेश ने पेरिस ओलंपिक में पदक पक्का कर लिया है। यह ग्रीष्मकाली खेलों में उनका पहला पदक होगा।

सेमीफाइनल में विनेश ने पहले पीरियड में पैसिविटी के जरिए 1-0 की बढ़त ली। दूसरे पीरियड में वह और अधिक आक्रामक नज़र आईं और अपनी बढ़त को 5-0 करते हुए मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले फोगट ने क्वार्टरफाइनल मैच में यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को 7-5 हराया।

- **विनेश ने क्वार्टर फाइनल में विश्व चैम्पियन और सेमीफाइनल में क्यूबा की पहलवान को हराया है। अब उनका रजत पदक पक्का हो गया है। विनेश फाइनल में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान है।**

फोगाट ने मैच के पहले पीरियड में 2-0 की बढ़त ले ली। दूसरे पीरियड में लिवाच ने मजबूत वापसी की लेकिन फोगाट ने अपनी चुनौती बरकरार रखी और यूक्रेनी पहलवान को हरा दिया। इससे पहले फोगाट ने प्री-क्वार्टर फाइनल में टोक्यो ओलंपिक 2020 चैंपियन जापान की युई सुसाकी को हराया था।

## राहुल गांधी से संसद में किसान नेताओं ने मुलाकात की

नयी दिल्ली, 6 अगस्त (वार्ता) लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से किसानों के एक प्रतनिधिनि मंडल ने मंगलवार को यहां संसद भवन परिसर में उनके कार्यालय में मुलाकात की और अपनी समस्याएं संसद में उठाने का आग्रह किया।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्री गांधी से मिलने गये किसानों के प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल में देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे 11 किसान नेताओं ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष से मुलाकात की।

गांधी से मिलने वाले किसान नेताओं में योगेंद्र यादव, बलबीर सिंह, सुनीलम, दर्शन पाल, सत्यावन, हन्नान मोल्लाह, रंजन रामचंद्र शामिल थे।

## बांग्लादेश में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की तथा सीमा की स्थिति पर चर्चा की।

पाकिस्तान, चीन और अमेरिका इस स्थिति का लाभ उठाने की फिराक में हैं। ढ़ाका में स्थिति बिगड़ने के चंद रोज पहले ही 22 सीनेटर्स ने पत्र लिखा था और शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने तथा उनके स्थान पर किसी वैकल्पिक शासन व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया था। लेकिन जहाँ बहुत सारे लोग बहुत सारी बातें कह रहे हैं, वहीं मुख्य मुद्दा यह है कि शेख हसीना तानाशाह बन गई थी, उन्होंने विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया था और सत्ता में बने रहने के लिये उन्होंने जो जरूरी समझा वो सब किया। जिस तरह से जनता से निपटने के मामले में उन्होंने अहंकार और अक्खड़पन से काम लिया, उससे भारत सरकार को भी सबक लेना चाहिए। बाँग्लादेश में, विद्यार्थियों ने सैन्य-शासन को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। उनकी माँग बाँग्लादेश की संसद को भंग किये जाने की थी, और संसद भंग हो गई है।

इस समय जबरदस्त माँग मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में सरकार बनाये जाने की है। यूनुस एक अर्थशास्त्री तथा नोबल लॉरिएट भद्र पुरुष हैं तथा बाँग्लादेश में उनका काफी सम्मान है। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि वे सरकार का नेतृत्व करने के लिये राजी होंगे या नहीं। लेकिन हाँ, वे अगली सरकार, जिसके अन्तरिम सरकार होने की सम्भावना है, के सलाहकार बनने के लिये सहमत हो गये हैं।

## आरक्षण कोटे में कोटा के मसले पर कांग्रेस नेताओं की बैठक

नई दिल्ली, 6 अगस्त। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस कोटे में कोटा पर आगामी दिनों में बड़ा कुछ करने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी के मद्देनजर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मंगलवार की शाम पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर लंबी बैठक की। बैठक के बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले, जिसमें एस.सी/एस.सी. कैटगरी का उप वर्गीकरण करने को मंजूरी दी गई है, पर पार्टी नेताओं ने डेढ़ घंटे तक चर्चा की है। जयराम रमेश ने कहा, ''मीटिंग में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के अलावा कांग्रेस के कुछ सांसद और नेता मौजूद थे। इस बैठक का विषय सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला था।'' जयराम रमेश ने कहा कि एससी/एसटी आरक्षण और कोटा के अंदर कोटा के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस अध्यक्ष अगले कुछ दिनों में कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों और प्रदेश अध्यक्षों से भी बातचीत करेंगे, उसके बाद इस पर आगे की रणनीति पर फैसला लिया जाएगा।

## राहुल गांधी ने विदेश...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विपक्ष द्वारा बिना शर्त समर्थन दिए जाने की सराहना की। उन्होंने लिखा कि संसद में सर्वदलीय मीटिंग में सरकार बांग्लादेश घटनाक्रम की जानकारी दी, विपक्ष के पूर्ण समर्थन और हालात के प्रति समझ की हम सराहना करते हैं।

मीटिंग में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। केन्द्र ने सभी दलों के सांसदों को बांग्लादेश के घटनाक्रम की पृष्ठभूमि और की जानकारी दी और बताया कि क्यों हालात ऐसे हुए। उन्होंने यह भी बताया कि हसीना को इसलिए भारत आना पड़ा क्योंकि उनके आवास पर विद्रोहियों ने धावा बोल दिया था।

सर्वदलीय बैठक में सरकार ने बताया कि बांग्लादेश में लगभग बीस हजार भारतीय फंसे हुए हैं तथा आठ हजार को वहां से निकाल लिया गया है। ढाका में भारतीय उच्चायोग काम कर रहा है और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

जयशंकर ने संकेत दिया है कि भारत सरकार ने हसीना को अगला कदम उठाने के लिए समय दिया है और कहा कि उनके फैसले को समर्थन देने के लिए भारत तैयार है।

कई अन्य खबरों से पता चला है कि शेख हसीना यू.के. में शरण लेना चाहती हैं पर अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अभी वे भारतीय वायुसेना व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की सुरक्षा में हिंडोन एयरबेस में हैं।

केन्द्र ने सर्वदलीय बैठक में बताया कि हसीना भारत की मित्र हैं और सरकार उन्हें अगला कदम उठाने के बारे में फैसला करने का समय देना चाहती है।

सरकार ने यह भी बताया कि भारत सरकार बांग्लादेश की सेना के सम्पर्क में भी है, जिसने आतंरिक सरकार के गठन की घोषणा की है। सरकार ने विपक्षी दलों को बताया हालात पर पूरी नज़र है और सही समय पर सही कदम उठाया जाएगा।

कांग्रेस के सांसद कार्ति चिदम्बरम ने कहा कि भारत की मुख्य चिंता बांग्लादेश में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षा और सीमा पर हालात के लिए है। जब उनसे पूछा गया कि सरकार हालात से जैसे निपट रही है क्या उससे विपक्ष संतुष्ट है तो कार्ति ने कहा विदेश मंत्री ने विपक्षी दलों को सारी जानकारी दी यह स्वागत योग्य कदम है और राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर हम सरकार के साथ हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू को फ़िज़ी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

सुवा 6 अगस्त (वार्ता) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दक्षिण प्रशांत महासागरीय द्वीप देश फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी'से नवाजा गया है। मुर्मु फिजी की सरकारी यात्रा पर यहां पहुंची है। वह यहां की यात्रा करने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति हैं।

राजधानी सुवा के स्टेट हाउस में सोमवार को आयोजित समारोह में फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवलिली काटोनिवेरे ने सुश्री यह पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच गहरी मित्रता का प्रतीक है। उन्होंने फिजी की संसद को भी संबोधित किया और सांसदों से बातचीत की। सुश्री मुर्मु ने अपने संबोधन में इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि लोकतंत्र, बहुलवाद और विविधता के साझा मूल्य किस तरह दोनों देशों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं। उन्होंने कहा , भौगोलिक आकार में भारी अंतर के बावजूद भारत और फिजी दोनों में बहुत कुछ समान है, जिसमें हमारे जीवंत लोकतंत्र, हमारे समाजों की विविधता हमारा पंथ कि सभी मनुष्य समान हैं।

## कानून मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सरकार ने अवॉर्ड भी दिया है। विपक्ष के आरोप निराधार हैं। पटेल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने यह मुद्दा नियमों के तहत नहीं उठाया। उन्हें पता था कि मेरे बेटे की ए.ए.जी. के पद पर नियुक्ति नियमों और योग्यता के कारण मिली है, इसलिए लिखित में इसे मुद्दा नहीं बनाया। वकीलों के सीआरपीसी में नियुक्ति करने का मामला ही उठाया। इनकी नियुक्ति पर कोर्ट के आदेश और केन्द्र सरकार के निर्देशों में स्थिति स्पष्ट हो गई है। विपक्ष का मकसद बिना किसी तथ्य और मुद्दे के केवल हंगामा करना और सदन की कार्यवाही में गतिरोध पैदा करना भर था।

# आरक्षण विरोधी आंदोलन अब इस्लामिक व भारत विरोधी ''मूवमैंट'' में तब्दील हुआ

## और, यह भी सच है कि अब सेना ने इस्लामिक तत्वों से हाथ मिला लिये हैं तथा हिन्दू जनता निहत्थी, बैरंग सी, असहाय ही खड़ी है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 अगस्त। बांग्लादेश में सेना प्रमुख ने हालांकि मौजूदा स्थिति को पूरी तरह से संभालने का आश्वासन दिया है, पर उसके बावजूद भी यह देश घोर अराजकता व अव्यवस्था में फंस गया है। बांग्लादेश अब कट्टरपंथी इस्लामी राष्ट्र बन गया है जो पूरी तरह से भारत विरोधी है।

बांग्लादेश में 300 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और कुछ को तो भीड़ ने ज़िंदा जला दिया था। सुधारवादी आंदोलन ने तालिबानी संगठन का रूप ले लिया है। बांग्लादेश के संस्थापक बंग बंधू मुजीबुर रहमान की मूर्तियां तोड़ दी गई हैं इसका सिरहन पूरे विश्व खासकर भारत में महसूस की जा रही है।

न्यूयॉर्क व वॉशिंगटन में बांग्लादेश दूतावास से भी शेख मुजीबुर की फोटो हटाने की मांग की गई है। ऐसा समझा जाता है कि शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद सेना पूरी तरह से कट्टरपंथियों के साथ हो गई है। जानकार सूत्रों ने कहा कि सेना वे कट्टरपंथी मिल गए हैं।

नौकरी में आरक्षण समाप्त करने के मुद्दे पर शुरु हुए आंदोलन पर जमात-ए-इस्लामी ने कब्जा कर लिया है और वे ही दंगे कर रहे हैं। भारत के पूर्व सेना प्रमुख जनरल शंकर राय चौधरी ने एक साक्षात्कार में कहा कि अभी तक बांग्लादेश की सेना मित्र इकाई थी, पर अब वह शत्रु के साथ है।

बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं व हिंदू संस्थानों पर हमले हो रहे है। पुलिस व सेना उन्हें बचाने के लिए कुछ नहीं कर रही है।

- **रूढ़ीवादी इस्लामिक ताकतों का प्रकोप व कहर देखकर, अब महसूस हो रहा है, किस हिम्मत से शेख हसीना दृढ़ खड़ी थीं, इन साम्प्रदायिक ताकतों से हिन्दू नागरिकों की सुरक्षा के लिये।**
- **बांग्लादेश के वॉशिंगटन व न्यूयॉर्क दुतावासों में शेख मुजिबुर रहमान की फोटो को ज्यादा प्रमुखता नहीं देने के आदेश दिये जा चुके हैं।**
- **भारत के खिलाफ घृणा व गुस्सा इतना जबरदस्त है कि एक फिल्म प्रोड्यूसर व निर्देशक को दंगाईयों ने पीछा करके पकड़ लिया तथा फ्लाईओवर पर मार दिया व शवों को जला दिया। इन फिल्म हस्तियों का जुर्म यह था कि उन्होंने एक लोकप्रिय बंगाली एक्टर देब के साथ एक फिल्म बनाई थी।**

बांग्लादेश से जो तस्वीरें मिल रही है उनमें दिख रहा है कि कैसे लोगों को बिजली के खंभों और फ्लाइओवर से लटकाया जा रहा है। बांग्लादेश सोसायटी हिंसा की घटनाओं को दबा रही है।

दुर्भाग्यवश बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है उसका पहला निशाना भारत और हिंदू आबादी है। हिंदूओं का जीवन खतरे में है। शेख हसीना के जाने के बाद पता लग रहा है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण थी।

हिंदूओं के घरों में तोड़फोड़ और लूटपाट हो रही है उनकी दुकानों व अन्य संस्थाओं, मंदिरों को जलाया जा रहा है।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश के घटनाक्रम की जानकारी दी। बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि हिंदुओं के मंदिरों पर हमले हो रहे है।

भारत के खिलाफ नफरत कितनी ज्यादा है। इसका पता इसी से चलता है कि एक फिल्म प्रोड्यूसर ने बंगाली अभिनेता देब के साथ फिल्म बनाई थी, इसलिए भीड़ ने उसे पीट-पीट कर मार डाला।

बहुत सारे लोग खतरनाक हमलावर लोगों से जान बचाने की कोशिश में अन्य स्थानों पर शरण ले रहे हैं तथा सीमा पार कर लोगों के भारत में आने की संभावना है।

बड़ी संख्या में हत्याएं तथा अंग-भंग करने की घटनाएं हो रही है। सेना द्वारा जिम्मेदारी संभाल लिये जाने के बावजूद, पुलिसकर्मी मारे जा रहे हैं तथा पुलिस थाने लूटे जा रहे हैं। पुलिस के करीब 40 जवान मार दिये गये हैं तथा उनकी लाशें फ्लाइ ओवरों से सिर के बल नीचे गिरा दी गई हैं।

नूरूल हक जैसे छात्र-नेताओं ने आरक्षण समाप्त कराने का आंदोलन चलाया था। लेकिन अब ये छात्र नेता अब पीछे धकेल दिये गये हैं तथा आंदोलन पर अब इस्लामिक कट्टरपंथियों का कब्जा हो गया है तथा ये कट्टरपंथी चीन और पाकिस्तान के प्रभाव से निर्देशित हो रहे हैं।

ऐसा माना जा रहा है कि इस आंदोलन को आरक्षण समाप्त करने से पूरी तरह अराजकता की स्थिति तक पहुँचाने के पीछे साफ तौर पर चीन और पाकिस्तान हैं।

भारत सरकार को अत्यधिक सतर्क रहना होगा तथा बांग्लादेश के एक कट्टरपंथी देश बनने की संभावनाओं के प्रति सचेत रहना होगा। भारत सरकार के समक्ष ऐसी ही स्थिति एक बार पहले भी आ चुकी है। काफी पहले, जब पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा ज़िया सत्ता में थीं, हिन्दुओं पर ऐसे ही हमले हुये थे। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बांग्लादेश सरकार के पास एक औपचारिक संदेश भेजा था।

वाजपेयी ने चेतावनी दी थी कि अगर इस प्रकार के अत्याचार और उत्पीड़न के खिलाफ तत्काल कदम नहीं उठायेंगे तो भारत सरकार गंभीर कदम उठायेगी।

उस समय वाजपेयी की चेतावनी कारगर रही थी। क्या केंद्र सरकार उसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को रोकने के लिये अब उसी प्रकार की कार्यवाही करेगी।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908